राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, रविवार, 21 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 82, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

मशीन से सड़क निर्माण की अनुमति के बावजूद लेबर से काम, ठेकेदार के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश...03

प्रेमिका के घर के बाहर प्रेमी ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में हुई मौत...12

# एसआईआरः तमिलनाडु में 97 लाख, गुजरात में 73 लाख वोटर ड्राफ्ट सूची से हटाए गए




**ब्यूरो प्रयागराज।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को तमिलनाडु और गुजरात के लिए मतदाता ड्राफ्ट सूची जारी की है। यह विशेष गहन संशोधन यानी एसआईआर प्रक्रिया के तहत हुआ है, जिसमें मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाने के लिए लाखों नाम हटाए गए हैं। तमिलनाडु में 97 लाख से ज्यादा और गुजरात में 73 लाख से ज़्यादा नाम हटाए गए हैं। इस प्रक्रिया का मक़सद मतदाता सूची में मृतक लोगों के नाम, दूसरे जगह चले गए लोग या एक ही व्यक्ति के दोहराए नाम, गलत एंट्री को हटाना है।

तमिलनाडु में पहले मतदाताओं की कुल संख्या करीब 6.41 करोड़ थी। एसआईआर के बाद ड्राफ्ट रोल में सिर्फ 5.43 करोड़ मतदाता रह गए हैं। यानी क़रीब 97.37 लाख नाम हटाए गए हैं। चुनाव आयोग द्वारा जारी रिलीज में कहा गया है कि क़रीब 66.44 लाख लोग स्थानांतरित हो गए या अनुपस्थित पाए गए। यानी बूथ लेवल ऑफिसर उन्हें घर पर नहीं पा सके या फॉर्म नहीं मिला। 26.94 लाख लोग मृत पाए गए। 3.98 लाख नाम दो जगह दर्ज थे यानी डुप्लीकेट एंट्री थी।

तमिलनाडु के मुख्य चुनाव अधिकारी अर्चना पटनायक ने बताया कि 27 अक्टूबर, 2025 तक कुल वोटरों की संख्या 6 करोड़ 41 लाख 14 हज़ार 587 थी। अब ड्राफ्ट रोल के अनुसार, राज्य में कुल वोटरों की संख्या 5 करोड़ 43 लाख 76 हज़ार 756 है। चेन्नई में सबसे ज्यादा नाम हटे हैं- करीब 14.25 लाख, जो वहां की पुरानी सूची का 35.6% है। कोयंबटूर, चेंगलपट्टू, तिरुप्पुर और कांचीपुरम जैसे अन्य जिलों में भी लाखों नाम कम हुए।

चुनाव आयोग ने कहा कि यह ड्राफ्ट रोल अंतिम नहीं है। जिनके नाम गलती से हट गए हैं, वे अपना नाम वापस जुड़वा सकते हैं।

**गुजरात में पहले 5.08 करोड़ मतदाता थे। अब ड्राफ्ट रोल में सिर्फ 4.34 करोड़ रह गए हैं। यानी 73.73 लाख नाम हटाए गए। इन वजहों से नाम हटे-**

40.25 लाख लोग स्थानांतरित हो गए।18.07 लाख मृत पाए गए।9.69 लाख अनुपस्थित थे।3.81 लाख डुप्लीकेट एंट्री थी।बाकी 1.89 लाख अन्य कारणों से हटाए गए।गुजरात के मुख्य चुनाव अधिकारी हरीत शुक्ला ने बताया कि एसआईआर अभियान 4 नवंबर से 14 दिसंबर तक चला। इस दौरान अच्छी भागीदारी हुई और सूची को पारदर्शी बनाया गया।

चुनाव आयोग ने साफ़ किया कि किसी का नाम बिना नोटिस के नहीं हटाया जाता है। बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर जांच करते हैं। अगर कोई व्यक्ति दूसरे राज्य चला गया, पता पर नहीं मिला, फॉर्म नहीं जमा किया या दो जगह नाम मिले तो नाम हट सकता है। डुप्लीकेट नाम पाए जाने पर एक जगह ही नाम वोटर लिस्ट में रखा जाता है।

चुनाव आयोग ने 16 दिसंबर को पश्चिम बंगाल के लिए ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में कुल 58 लाख 20 हज़ार 898 नाम हटाए गए हैं, जो राज्य के कुल मतदाता करीब 7.08 करोड़ का क़रीब 4 प्रतिशत है। हटाए गए नामों की श्रेणियां मौत, स्थायी प्रवास, डुप्लिकेट एंट्री, फॉर्म न जमा करने और अन्य कारणों पर आधारित हैं।

इनमें क़रीब 24 लाख मृत्यु, करीब 20 लाख स्थायी स्थानांतरण, 12 लाख से अधिक पता नहीं मिला, 1.38 लाख डुप्लिकेट एंट्री शामिल हैं। इसमें सबसे अहम आँकड़ा 'घोस्ट वोटर' या फर्जी वोटरों का है। 'घोस्ट वोटर' यानी ऐसे मतदाता जिनकी पहचान फील्ड वेरिफिकेशन में नहीं हो सकी, उनकी संख्या सिर्फ 1 लाख 83 हज़ार 328 है। चुनाव आयोग के अनुसार, यह संख्या एसआईआर प्रक्रिया के दौरान घर-घर जांच के बाद तय की गई।

# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) में गंभीर अनियमिततायें




**ब्यूरो प्रयागराज।** कॉम्प्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (सीएजी) ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) को लागू करने में गंभीर खामियां पाई हैं। रिपोर्ट में बैंक खाता संख्या के रूप में '11111111111' जैसी फर्जी एंट्रीज, बंद प्रशिक्षण केंद्रों में ट्रेनिंग दिखाना, एक ही फोटो का कई लाभार्थियों के लिए इस्तेमाल और लाखों प्रमाणित उम्मीदवारों को भुगतान लंबित होने जैसी अनियमितताओं का जिक्र किया गया है। यह ऑडिट रिपोर्ट हाल ही में लोकसभा में पेश की गई। पीएमकेवीवाई योजना जुलाई 2015 में शुरू हुई थी, जिसका उद्देश्य युवाओं को उद्योग-संबंधी कौशल प्रशिक्षण देकर बेरोजगारी कम करना है। योजना के तीन चरणों (2015-2022) के लिए करीब 14,450 करोड़ रुपये का प्रावधान था और 1.32 करोड़ उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से 1.1 करोड़ उम्मीदवारों को सर्टिफिकेट दिए गए। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार, पीएमकेवीवाई 2.0 और 3.0 में स्किल इंडिया पोर्टल पर दर्ज 95.90 लाख लाभार्थियों में से 94.53 प्रतिशत (90.66 लाख) के बैंक खाते शून्य, 'NullÓ, ÒN/A' या खाली थे। 12,122 बैंक खाता नंबर 52,381 उम्मीदवारों के लिए दोहराए गए। कई मामलों में खाता संख्या के रूप में '123456...' जैसी फर्जी एंट्रीज, एकल अंक, टेक्स्ट, नाम, पता या स्पेशल कैरेक्टर दर्ज किए गए। ट्रेनिंग सेंटरों की जांच में बिहार में तीन केंद्र बंद पाए गए, लेकिन पोर्टल पर ट्रेनिंग जारी दिखाई गई। बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में कई लाभार्थियों के लिए एक ही फोटो का इस्तेमाल किया गया।

भुगतान के मामले में गंभीर लापरवाही सामने आई है। पीएमकेवीवाई 2.0 और 3.0 में 95.91 लाख प्रमाणित उम्मीदवारों में से केवल 61.14 लाख (63.75 प्रतिशत) को अक्टूबर 2024 तक डीबीटी से भुगतान हुआ। 34 लाख से अधिक प्रमाणित उम्मीदवारों का भुगतान अपर्याप्त जानकारी के कारण लंबित है। यहां बताना ज़रूरी है कि सरकार पीएमकेवीवाई (PMKVY) के तहत ट्रेनिंग फीस का भुगतान लाभार्थी की ओर से करती है (लगभग 8,000 तक), और सर्टिफिकेशन के बाद ?500 का नकद इनाम (रिवॉर्ड) और 2 लाख का दुर्घटना बीमा देती है, साथ ही प्लेसमेंट और अन्य सहायता भी मिलती है। हालांकि पीएमकेवीवाई 4.0 में कुछ नए प्रोत्साहन (जैसे इंटर्नशिप भत्ता) भी हैं।

सीएजी ने लाभार्थी सर्वे में भी अनियमितताएं पाईं, जहां ईमेल डिलीवरी फेलियर रेट 36.51 प्रतिशत रहा और कई प्रतिक्रियाएं एक ही ईमेल से आईं। मंत्रालय ने जवाब में कहा कि योजना को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी निगरानी, आधार-आधारित ई-केवाईसी, फेस ऑथेंटिकेशन, जियो-टैग्ड अटेंडेंस और पेनल्टी फ्रेमवर्क जैसी सुविधाएं जोड़ी गई हैं। बंद केंद्रों और फर्जीवाड़े पर कार्रवाई की जा रही है।सीएजी की यह रिपोर्ट योजना के प्रभावी कार्यान्वयन और पारदर्शिता पर सवाल उठाती है, जिससे युवा कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी चुनौतियां फिर से चर्चा में आ गई हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आदलाबाद टहारा मार्ग के सड़क निर्माण कार्य में जमकर हो रहा घोटाला

**निघासन खीरी।** आदलाबाद टहारा बंधा मार्ग के सड़क निर्माण कार्य में जमकर घोटाला किया जा रहा है। मानक के विपरीत कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि सड़क के किनारे की पुरानी ईंटों की रातों-रात ठेकेदार द्वारा दो तीन हजार में ट्राली बेंची जा रही है।और ठेकेदार की मिलीभगत से रेपर मशीन द्वारा शारदा नदी से बालू खनन कराकर बलुई मिट्टी डाली जा रही है।और रात को खनन माफियाओं द्वारा इधर उधर गांवों में मिट्टी भेजी जा रही है जबकि सड़क के किनारे दिन को और रात में उसी मिट्टी को ठेकेदार की मिलीभगत से बेंचा जा रहा है। खनन माफिया सीना चौड़ा कर कहता है कि मिट्टी सरकारी है मैं रॉयल्टी पर काम कर रहा हूं मेरा परमिशन बना है मैं नीचे से ऊपर तक नजराना पहूंचाता हूं। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता यदि ऐसा रहा तो सड़क के किनारे ठोस मिट्टी ना पढ़ने से किनारा बैठ सकता है विभाग जानकर अनजान बना हुआ है या एक जांच का विषय है इस बाबत में क्षेत्र के एक समाजसेवी ने आइजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी की है।

### संत गाडगे बाबा की पुण्य तिथि मनाई गई



**नैनी प्रयागराज** शनिवार को नयापुरवा स्टेनली रोड प्रयागराज में पुण्य तिथि मनाई गई राष्ट्र संत गाडगे बाबा स्वच्छता अभियान के जनक होने के साथ महान समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया। शिक्षा के प्रति जन जागरूकता भी उनके मुहिम का हिस्सा था। संत गाडगे का मुख्य उपदेश था कि भले ही घर का बर्तन बिक जाए, रोटी हाथ में लेकर खाना पड़े लेकिन बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। संयोजक संत गाडगे अम्बेडकर महासभा के जिला अध्यक्ष अनन्त कुमार चौधरी ने कहा कि संत गाडगे सर्व समाज के महापुरुष के साथ संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर के राजनैतिक गुरु भी थे समाज के प्रति उनका बहुत उत्थान के लिए बहुत बड़ा योगदान था कार्यक्रम में अरुण चौधरी, छोटू भाई, रमाशंकर सोनी, राहुल कुमार, रोहित मौर्य संदीप चौधरी, विनोद यादव, शंभू कुमार, रामशेखर, आदि उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला की गड़ासे से काटकर हत्या, वारदात के बाद आरोपी ने भी तोड़ा दम

● **प्रेम प्रसंग में पंचायत मित्र की गला काटकर हत्या, आरोपी गांव का ही युवक**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर स्थित भिचकौरा गांव में शनिवार दोपहर प्रेम प्रसंग के चलते सनसनीखेज वारदात सामने आई। गांव निवासी पंचायत मित्र सीमा (35) की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। वारदात से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। मृतका सीमा पत्नी राजेंद्र पासवान पंचायत मित्र के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार दोपहर करीब एक बजे उनका शव घर के अंदर खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। गले पर गहरे घाव के निशान थे और पास ही हत्या में प्रयुक्त गड़ासा पड़ा मिला। घटना के समय मृतका के तीनों बच्चे स्कूल गए हुए थे और घर में कोई अन्य मौजूद नहीं था।

ग्रामीणों के अनुसार गांव का ही राम सुमेर चमार (45) पुत्र स्वर्गीय रघुनाथ घर में घुसा और गड़ासे से सीमा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर सुनकर जब तक लोग मौके पर पहुंचे, आरोपी फरार हो चुका था। सूचना मिलते ही पुलिस और



फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। इसी दौरान आरोपी के गांव के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट सरसों के खेत में पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने जहर खाकर आत्महत्या की थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा किया। मृतका के दो बेटे विराट (12), वीरू (6) और बेटी काव्या (7) का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका का पति राजेंद्र पासवान पुणे में रहकर नौकरी करता है। खबर लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा जा सका था। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि महिला की हत्या की गई और आरोपी युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# असमः राजधानी एक्सप्रेस ने हाथियों के झुंड को टक्कर मारी, 8 की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** असम के होजाई जिले में शनिवार तड़के एक दिल दहलाने वाली घटना हुई, जिसमें सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन ने हाथियों के एक झुंड को टक्कर मार दी। इस हादसे में 8 हाथियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। टक्कर के कारण ट्रेन का इंजन और 5 कोच पटरी से उतर गए, लेकिन यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। इस घटना ने एक बार फिर इस सवाल को उठाया है कि असम में हाथियों की लगातार तमाम हादसों में मौत हो रही है या फिर वो शिकारियों का शिकार बन रहे हैं। लेकिन पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नदारद हैं। पर्यावरण मंत्रालय की रिपोर्ट पर आजतक सरकार ने कितना काम किया है, इसकी जवाबदेही किस पर है।

शनिवार का हादसा होजाई जिले के चंगजुराई क्षेत्र में जामुनामुख-कांपुर सेक्शन में सुबह करीब 2:17 बजे हुआ। नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे (एनएफआर) के अनुसार, ट्रेन नंबर 20507 डाउन सैरांग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस थी, जो मिजोरम के सैरांग (आइजोल के पास) से दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल जा रही थी। नागांव डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर सुहास कदम ने बताया कि टक्कर के तुरंत बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेलवे के चीफ पब्लिक रिलेशंस ऑफिसर कपिंजल किशोर शर्मा ने कहा कि हादसे से जामुनामुख-कांपुर सेक्शन में ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं, जिसके कारण कई ट्रेनों को अप लाइन से डायवर्ट किया गया। बहाली का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। यह घटना असम में हाथी कॉरिडोर के पास रेलवे ट्रैक पर जानवरों की आवाजाही से जुड़ी पुरानी समस्या को फिर से उजागर कर रही है। हालांकि यह जगह आधिकारिक रूप से निर्धारित हाथी कॉरिडोर नहीं है, लेकिन जंगली हाथियों



का यहां से गुजरना आम है।

असम में जंगली हाथियों की सुरक्षा एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। राज्य में हाथियों के आवासीय क्षेत्रों में रेलवे ट्रैक और सड़कों का विस्तार होने से आए दिन ट्रेनों से टक्कर के हादसे हो रहे हैं। शिकारियों की घात से भी हाथी लगातार शिकार हो रहे हैं, जिसमें दांतों के लिए हत्या और कभी-कभी मांस के लिए भी। पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण ये घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जो न केवल हाथियों की आबादी को खतरे में डाल रही हैं बल्कि मानव-वन्यजीव संघर्ष को भी बढ़ावा दे रही हैं।

# इफको संस्था के मैन्युफैक्चरिंग और उपलब्धियो पर देश का भविष्य टिका है- के जे पटेल

» **फूलपुर इकाई किसी प्लांट से कम नहीं।**
» **स्वागत से अभीभूत हुए प्रबंध निदेशक।**

दयाशंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको संस्था में नवनियुक्त प्रबंध निदेशक के जे पटेल ने कहा है इफको संस्था एक ऐसी संस्था है जिसके मैन्युफैक्चरिंग और उपलब्धियां पर देश का भविष्य टिका है। क्योंकि यह संस्था 5 करोड़ किसानों के विश्वास पर टिकी है और सबसे अधिक किसानों के लिए उर्वरक और उत्पादन की समस्या को हल करता है। श्री पटेल इफको फूलपुर में प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार निरीक्षण करने आए थे। उन्होंने अपने दो दिवसीय दौरे में प्लांट का एक-एक संयंत्र का निरीक्षण करने और यहां के कर्मचारी और अधिकारियों की कार्य संस्कृति को देखकर काफी ग़द ग़द दिखाई दिए। श्री पटेल अपने स्वागत में आयोजित एक सांस्कृतिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इफको फूलपुर इकाई में जो मैंने आने पर अनुभव किया तो मुझे यहां के हर कर्मचारी की आंख में उमंग और चेहरे पर मुस्कान दिखाई दिया। जो यहां की कार्य संस्कृति और उत्साह को ददिखाता है ।उन्होंने कहा कि इफको एक संस्था नहीं परिवार है जो जो व्यापार की तरह नहीं चलती बल्कि सहकार की भावना के साथ परिवार की तरह चल रही है ।इसीलिए यह सदैव आगे बढ़ती ही चली गई।

उन्होंने बताया की जब वह प्लांट की समीक्षा बैठक कर रहे थे तो नौजवान तकनीकी कर्मचारियों के उत्साह से बहुत प्रभावित हुए जबकि फूलपुर की प्रथम इकाई 50 वर्ष पुरानी होने पर ऐसा लगा कि यहां तो अनुभवी और पुराने लोग की संख्या न के बराबर हो चुकी होगी और आगे इसको बढ़ाने के लिए कुछ योजना बनाई भी जाए तो कुशल लोग कहां से मिलेंगे लेकिन मुझे यहां देखकर प्रसन्नता हुई कि यहां पर नौजवानों की शक्ति और काम करने की ललक बहुत अच्छी है जिससे इस प्लांट को कोई पुराना नहीं कर सकता ।उन्होंने कहा कि यहां का मेंटेनेंस रखरखाव इतना सुंदर दिखाई पड़ा कि जैसे कोई अपने घर को सजाता है। इससे साबित होता है यहां की जो टीम भावना है और काम करने का माहौल है वह बहुत ही उत्तम दर्जे की है।

श्री पटेल ने बताया कि भारत सरकार का यह निर्देश है कि 31 मार्च तक एक भी दिन कोई भी उर्वरक संयंत्र बंद नहीं होना चाहिए जिससे कि किसानों को उर्वरक की समस्या ना उत्पन्न हो। यहां कुछ बीच में रुकावट जरूर आई लेकिन यहां के नेतृत्व और प्रबंधन ने भरोसा दिलाया कि जितने दिन रुकावट हुई है उसको हम 31 मार्च तक दिए गए लक्ष्य को पूरा करके ही दिखाएंगे जिससे कि उन्हें बहुत ही प्रसन्नता हुई श्री पटेल ने कहा की यहां के कर्मचारी संघ कार्यालय में यूनियन की भूमिका बहुत उच्च लगी।उस पर मुझे गर्व महसूस हुआ ।उनके बुलावे पर मैं गया तो मेरे दिमाग में था की कोई अपनी समस्या बताएंगे कुछ मांग करेंगे लेकिन यहां के पदाधिकारी और कर्मचारियों ने जिस ढंग से प्लांट की बेहतरी और यहां की कार्य संस्कृति के तारीफ की उससे मैं बहुत ही प्रभावित हुआ और मुझे विश्वास हुआ कि यहां का कर्मचारी बहुत ही उच्च और शानदार विचार रखते हैं। इसी प्रकार यहां के अधिकारी संघ में भी मुझे अस्वस्थ किया की संस्था की बेहतरी के लिए



जो भी प्रबंधन कदम उठाएगी उसमें वह कंधा से कंधा मिलाकर डटे रहेंगे और पीछे नहीं हटेंगे।

श्री पटेल अपनी यात्रा को एक बहुत ही महत्वपूर्ण यात्रा बताते हुए कहा कि मैं यहां के प्रबंधन कर्मचारी यूनियन अधिकारी संघ के व्यवहार और स्वागत की भावना से इतना अभिवृत हूं कि मैं फूलपुर बार-बार आना चाहूंगा यहां आने पर मुझे बहुत ही ऊर्जा और संतोष मिला कि हमारी संस्था का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। उन्होंने आस्वस्थ किया की हमारी संस्था के अध्यक्ष और बोर्ड के सारे सदस्य सभी लोग चाहते हैं कि हमारे कर्मचारियों का भविष्य उज्जवल रहे और उनके सुख में परिवार के लिए जो भी संस्था समझेगी



बराबर उनके हितों का ध्यान रखेगी। कहीं से भी कोई कठिनाई नहीं हो सकती। श्री पटेल के स्वागत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन बहुत ही सारगर्भित और उच्च कोटी का करते हुए संयुक्त महाप्रबंधक लेखा एस के सिंह ने चार चांद लगा दिए। उनके संचालन से न केवल प्रबंध निदेशक प्रभावित हुए बल्कि समारोह में बैठे सभी लोगों ने प्रशंसा किया ।इकाई प्रमुख श्री पीके सिंह ने प्रबंध निदेशक और उनकी पत्नी ममता पटेल का हार्दिक स्वागत करते हुए आस्वस्थ किया कि फूलपुर प्लांट उच्च प्रबंधन के अनुकूल कार्य करने का प्रयास करेगा और यहां से किसी प्रकार की निराशा नहीं होगी।

# राजस्व और खनन विभाग के अधिकारियों की टीम द्वारा ईट-भट्टों पर की गई सख्ती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी प्रयागराज के निर्देशानुसार बिना विनियमन शुल्क व रॉयल्टी जमा किए संचालित हो रहे ईट भट्ठों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कड़ा रुख अपनाया गया है। राजस्व विभाग और खनन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से घूरपुर थानांतर्गत संचालित हो रहे ईट भट्ठों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान बोगी,इरादतगंज, बादलगंज, चिल्ली, करमा सहित विभिन्न गांवों में संचालित लगभग 20 ईट भट्ठों की जांच पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि कई ईट भट्ठा मालिक बिना शुल्क जमा किए ही संचालन कर रहे हैं। प्रशासन का कड़ा रुख देखकर 11 भट्ठा मालिकों ने मौके पर ही फॉर्म भरा और चेक दे दिया। वहीं शेष लोगों को 2 से 3 दिनों के भीतर धनराशि जमा करने को कहा गया है। खनन विभाग ने स्पष्ट किया कि शासनादेश के



अनुसार, ईट-भट्ठों का संचालन पलोथन व विनियमन शुल्क तथा आवेदन शुल्क जमा करने के बाद ही वैध माना जाएगा। निर्धारित समय सीमा के अन्दर शुल्क न जमा करने वाले भट्ठा मालिकों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में खनन निरीक्षक वैभव सोनी ने बताया कि बिना विनियमन शुल्क के ईट भट्ठों का संचालन पूर्णतया अवैध है। यह अभियान लगातार चलता रहेगा और नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई होगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से ईट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है।



## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी मेड़बंदी के नाम पर सरकारी धन का गबन, ग्राम प्रधान की शक्तियां सीज..




**बस्ती।** बस्ती जिले के गौर ब्लॉक के अंतर्गत बैदोलिया गांव में सरकारी योजनाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर धन के गबन का मामला सामने आया है।जिलाधिकारी के आदेश पर कराई गई जांच में फर्जी मेड़बंदी दर्शाकर सरकारी धन की निकासी किए जाने की पुष्टि हुई है, जिसमें ग्राम प्रधान ममता पाण्डेय की संलिप्तता पाई गई है।जिलाधिकारी द्वारा कराए गए जांच रिपोर्ट के अनुसार ग्राम प्रधान द्वारा मेड़बंदी का कोई कार्य कराए बिना ही कागजी अभिलेखों में कार्य पूर्ण दर्शा दिया गया 7 इस फर्जी काम के आधार पर कुल 8 लाख 31 हजार रुपये का भुगतान करा लिया गया। जब प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया तो किसी प्रकार का मेड़बंदी कार्य नहीं मिला, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में पूरी धनराशि की निकासी दर्ज पाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने तत्काल प्रभाव से ग्राम प्रधान की सभी प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां सीज कर दिया। प्रधान के खिलाफ गबन की गई सरकारी धनराशि की वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाही की भी तैयारी की जा रही है। प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। जांच के दायरे में आने वाले सभी जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बलरामपुर में नेपाल सीमा के पास खुलेगा आईबी कार्यालय, जमीन खरीदने की तैयारी शुरू

**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** तुलसीपुर नगर क्षेत्र में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) का कार्यालय खुलेगा। इसके लिए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को तीन हजार स्क्वायर मीटर यानी एक एकड़ जमीन की खरीद करने के लिए भेजा है। एसडीएम जमीन सड़क के किनारे पता करने व इसकी खरीद के लिए स्थानीय लेखपाल को जिम्मेदारी दी है। नगर क्षेत्र नेपाल सीमा से मात्र 18 किमी की दूरी पर स्थित है।अंतरराष्ट्रीय सीमा की बेहतर सुरक्षा व उसे चाक चौबंद रखने के लिए खुफिया एजेंसी को तैनात कर कार्यालय स्थापित करने जा रही है। ताकि नेपाल के रास्ते घुसपैठ करने वालों के साथ असामाजिक गतिविधियों पर सटीक नजर रख सकें। उन पर समय रहते अंकुश लगाकर कार्रवाई की जा सके।

### गैर-इरादतन हत्या के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के सलेमपुर पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या के एक गंभीर प्रकरण में कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक स्कार्पियो वाहन, प्लास्टिक की रस्सी, नेवार, चाकू सहित अन्य सामान बरामद किया है। सलेमपुर थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 378/2025 के अंतर्गत अभियुक्त मो. दिलशाद व साहिल अली, निवासी खगौरा थाना धनौती, जनपद सिवान बिहार को नदावर पुल के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 10 दिसंबर की रात भंगड़ा भवानी चौराहे के पास एक बोलेरो वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें सवार सौरभ चौबे व आशुतोष पाण्डेय गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई थी। जांच में सामने आया कि दुर्घटना करने वाली बोलेरो में छह गोवंशीय पशु लदे हुए थे। घटना के संबंध में बीएनएस एवं गोवध निवारण तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान नाम प्रकाश में आने पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान से बढ़ा सुरक्षा का भरोसा

**देवरिया।** पुलिस ने जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार सुबह 'मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान' चलाया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच, तीन सवारी, बिना हेलमेट, मॉडिफाइड साइलेंसर तथा अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। कुल 18 स्थानों पर 252 व्यक्तियों व 174 वाहनों की चेकिंग हुई।

## डीएम और एडीएम के आदेशों पर उठे रहे हैं सवाल, कीर्ति सिंह को सुपरवाइजर बनाए जाने पर विवाद बढ़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में प्रशासनिक आदेशों की वैधता को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा कीर्ति सिंह को सुपरवाइजर का प्रभार दिए जाने को लेकर अब सवालों की झड़ी लग गई है। आरोप है कि जिस अधिशासी अधिकारी (ईओ) को प्रभार देने का अधिकार ही नहीं था, उसी स्तर से प्रस्ताव भेजा गया और उसे स्वीकृति भी मिल गई। सूत्रों के अनुसार शासनादेश में स्पष्ट प्रावधान है कि किसी भी कर्मचारी को अतिरिक्त या प्रभार संबंधी जिम्मेदारी केवल निर्धारित नियमों और अधिकार क्षेत्र में रहकर ही दी जा सकती है। इसके बावजूद कीर्ति सिंह को एक नहीं बल्कि तीन-तीन नगर पंचायतों का प्रभार सौंप दिया गया, जिसे नियमों की खुली अनदेखी बताया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब ईओ को प्रभार देने का अधिकार ही नहीं था, तो प्रस्ताव आगे बढ़ाया ही क्यों गया। साथ ही यह भी प्रश्न है कि डीएम और एडीएम ने किस नियम अथवा शासनादेश के तहत इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। क्या प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार कर मनमानी ढंग से आदेश जारी किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार - शासनादेश में यह भी स्पष्ट उल्लेख है कि प्रभार नजदीकी नगर निकाय के आधार पर दिया जाना चाहिए, जिससे कार्य प्रभावित न हो लेकिन इस प्रकरण में नजदीकी की अनदेखी कर एक ही व्यक्ति पर कई नगर पंचायतों की जिम्मेदारी डाल दी गई, जिससे कार्य निष्पादन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले ने तब और टूल पकड़ लिया जब यह तथ्य सामने आया कि यदि प्रभार नियम विरुद्ध दिया गया है, तो उसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए था। इसके बावजूद न तो अब तक आदेश वापस लिया गया और न ही किसी प्रकार की जांच बैठाई गई है। यह पूरा प्रकरण केवल एक नियुक्ति या प्रभार का नहीं, बल्कि जिला प्रशासन की कार्यशैली और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि शासन स्तर पर इस मामले का संज्ञान लिया जाता है या यह प्रकरण भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में ही दबकर रह जायेगा। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी बस्ती ने कहा कि 'इस तरह का कोई अभी शासनादेश नहीं है।' उनके इस बयान के बाद मामला और उलझता नजर आ रहा है। मामला व नियम का बंधन कुछ भी हो परन्तु कीर्ति सिंह को तीन - तीन नगर पंचायतों के प्रभार का मामला जनपद से लेकर राजधानी लखनऊ तक चर्चा का विषय बना हुआ है है।

## पीट पीट कर हत्या से थर्राया इलाका इलाज के दौरान हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र के बेलवारिया जंगल गांव में बीती रात धर्मेंद्र वर्मा नाम के युवक को अज्ञात हमलावरों ने पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया, घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर बाइक से फरार हो गए, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।आपको बता दें धर्मेंद्र घर से खाना खा कर देर रात में खेत में लगी अपनी आटा चक्की पर जा रहे थे, रास्ते में किसी अज्ञात हमलावर ने बेस बाल के डंडे से उनके सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया, धर्मेंद्र जमीन पर गिर पड़े, शोर सुन कर गांव वाले दौड़े और देखा धर्मेंद्र जमीन पर गिरे पड़े हैं और उनके सिर से काफी खून बह रहा था, गांव वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया गया, वहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान धर्मेंद्र की मौत हो गई, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखा दिया है।

वही इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है क्योंकि मृतक ही अकेला परिवार में कमाने वाला था जो अपने तीन छोटी-छोटी लड़कियों का भरण पोषण करता था। वहीं सीओ हरैया स्वर्णिमा सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और मीडिया को बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची, घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई, पीड़ित परिजनों ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ तहरीर दी है, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस घटना की जांच मे जुट गई, जल्द ही घटना को अंजाम देने वालों को अरेस्ट किया जाएगा।

## सचिव ने राजकीय बाल गृह का किया औचक निरीक्षण



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव मनोज तिवारी ने राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी स्थिति, देखभाल, पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। सचिव ने मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष देखभाल सुनिश्चित करने तथा बाल गृह में सुरक्षित, सम्मानजनक व स्नेहपूर्ण वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, व्यायाम, परिसर व भंडार कक्ष की साफ-सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## सुशासन सप्ताह के तहत रुद्रपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित




**देवरिया।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत तहसील रुद्रपुर में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध समाधान हेतु संबंधित विभागों को सौंपा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पारदर्शी व प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान चार पात्र लाभार्थियों को अन्त्योदय राशन कार्ड वितरित किए गए। साथ ही धान खरीद में पारदर्शिता हेतु तहसील स्तरीय हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

## युवा नेतृत्व से और अधिक ऊर्जावान होगी भाजपा - जगदीश मित्तल



### ●भाजपा नेता नितेश शर्मा के नेतृत्व में हरियाणा के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री का हुआ स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के पूर्व संगठन महामंत्री एवं कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल का गोरखपुर प्रवास पर जाते हुए बस्ती बड़ेवन टोल प्लाजा पर भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य नितेश शर्मा की अगुवाई में स्वागत किया गया। पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री जगदीश मित्तल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रेष्ठ भारत के निर्माण में अनरवत प्रयत्नशील है। भाजपा शासन में विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। केंद्र व प्रदेश की सरकार प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन कर रही है जो कि वास्तविक भारतीय विकास है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में युवाओं की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। युवा नेतृत्व से और अधिक ऊर्जावान होगी भाजपा। जिससे आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी और अच्छा प्रदर्शन करेगी। कवि संगम के क्षेत्रीय अध्यक्ष ओज कवि शिव कुमार व्यास का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर गोरखपुर के भाजयुमो उपाध्यक्ष शिवम राय, साहित्यकार राजेश मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश उपाध्याय, विपिन कुमार, मनोज चौधरी, जितेंद्र चौधरी, रामभारत यादव, आकाश चौधरी मौजूद रहे।

## बस्ती कलेक्ट्रेट में देर से पहुंचने पर कर्मचारी की पिटाई का आरोप, नाजिर पर गाली-गलौज और मारपीट के गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक कर्मचारी ने कार्यालय में देर से पहुंचने पर नाजिर द्वारा गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का गंभीर आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट में तैनात कर्मचारी कुदरत अली ने इस संबंध में जिलाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए नाजिर जितेंद्र श्रीवास्तव पर अभद्र व्यवहार और शारीरिक हिंसा का आरोप लगाया है। शिकायत में कुदरत अली ने बताया कि वह गुरुवार को कुछ कारणवश कार्यालय निर्धारित समय से देर से पहुंचे थे। इसी बात को लेकर नाजिर कथित तौर पर आक्रोशित हो गए और उनसे अपशब्द कहने लगे। आरोप है कि नाजिर ने उनके साथ मारपीट भी की। कुदरत अली का कहना है कि यह पूरी घटना कार्यालय परिसर में हुई, जिससे वहां मौजूद अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे और वह भी स्तब्ध रह गए।

घटना की जानकारी फैलते ही पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र हो गए। संघ के लोगों ने इस घटना को कर्मचारी उत्पीड़न बताते हुए नाजिर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद संघ की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। दूसरी ओर, नाजिर जितेंद्र श्रीवास्तव ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्होंने केवल कर्मचारी से कार्यालय देर से आने का कारण पूछा था। इसी बात को लेकर कर्मचारी नाराज हो गया और अब उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। नाजिर ने मारपीट या गाली-गलौज जैसी किसी भी घटना से साफ इनकार किया है। फिलहाल यह मामला प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है कि जिलाधिकारी के द्वारा इस प्रकरण की जांच किस तरह कराई जाती है और क्या सच्चाई सामने आती है।

## जिला महिला अस्पताल मे पैथालोजी लैब का नपा अध्यक्ष ने फीता काटकर किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिला महिला चिकित्सालय में एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब में एक और केंद्र का संचालन शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को नए पैथालॉजी लैब का शुभारंभ नपाध्यक्ष नेहा वर्मा ने फीता काटकर किया। बताया गया कि 150 प्रकार की जांच की सुविधा होगी। लैब में अत्याधुनिक मशीनें लगी हैं। वैसे तो लैब का संचालन पहले से शुरू हो गया था, लेकिन उसे मूल्यांकन में रखा गया था। सीएमएस डा अनिल कुमार ने बताया कि लैब में मरीजों को करीब 150 प्रकार की जांचों की सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं मरीजों को इसकी जांच रिपोर्ट व्हाट्सएप पर भी मिल सकेगी और 24 घंटे इसका संचालन किया जाएगा। बताया कि नजदीकी मरीजों के साथ संचालित सीएचसी व पीएचसी के मरीजों यहां आते हैं। अधिकांश मरीज गर्भवती होती हैं। दो लैब होने से अब आसानी से जांच हो सकेगी। पैथोलॉजी में सीबीसी, थायराइड समेत अन्य जांच हो सकेगी। पीओ सीएल के सीईओ कृष्ण मोहन तिवारी ने बताया कि सीबीसी फाइव पार्ट, 23 पैरामीटर पर जांच हो सकेगी। इन जांचों को करने के लिए इस अत्याधुनिक लैब में विभिन्न मशीनें लगाई गई हैं। जिनसे अस्पताल आने वाले मरीजों की जांच की जाएगी। मरीजों को जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। निचले तल पर बनी लैब में मरीजों के सैंपलों की जांच की जाएगी। इससे मरीजों के समय और रुपयों की बचत होगी। लैब में यूरीन, माइक्रोबायोलॉजी, हार्मोनल, कल्चर, गैर संचारी रोगों, पैरासिटोलाजी समेत 150 प्रकार की जांचें की जाएगी।

इससे उपचार अधिक सटीक व तेज होगा। इससे मरीजों को बाहर लैब में नहीं जाना पड़ेगा और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। सीएमएस ने बताया कि लैब में हैमेटोलॉजी एनालाइजर, ल्युमीकोंट ऑटोमेटेड सीएलआईए एनालाइजर, फुली ऑटोमेटेड 200 एक्सेलस बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर लगी है। यह लैब सीएसआर फंड के अंतर्गत है। मशीनें डोनेट की गई हैं, जबकि विभाग रसायन उपलब्ध कराएगा। भाजपा नेता अंकुर वर्मा, पैथालॉजी प्रभारी डा पीएल गुप्ता, डा सुधांशु द्विवेदी, राकेश पांडेय, शैलेंद्र राय, निधि, नीरज श्रीवास्तव, शिवशंकर पप्पू, अभिषेक, बबिता मिश्रा मो अनीस, सौरभ कन्नौजिया, शुभम श्रीवास्तव, महफूज आलम, पंकज मिश्रा, गोविंद यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अररा नाले पर पुल न बनने से थारू अंचल की 10 हजार आबादी कैद, बरसात में जीवन ठहर जाता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



रमेश कुमार यादव

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** थारू जनजाति बहुल क्षेत्र में विकास के तमाम दावों के बीच अररा नाले पर मजबूत और स्थायी पुल का न होना आज भी प्रशासनिक उपेक्षा की बड़ी मिसाल बना हुआ है। अररा नाले के इसी मार्ग से ग्राम सोनपुर, भगवान, परसराम रजेहना, सकरा, सकरी सहित दर्जनों गांवों का आवागमन होता है, लेकिन पुल के अभाव में हर बरसात में यह मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता है। ग्रामीणों की मांग पर बसपा सरकार के कार्यकाल में ह्यूमपाइप पुल का निर्माण कराया गया था, लेकिन घटिया गुणवत्ता के चलते यह पुल कुछ ही वर्षों में ध्वस्त हो गया। नतीजतन करीब दस हजार की आबादी बरसात के मौसम में अपने ही गांवों में कैद होकर रह जाती है। ग्रामीणों का दर्द सीधे शब्दों में सामने आया। ग्रामीण अजीत कुमार ने आक्रोश जताते हुए कहा, बरसात आते ही अररा नाला हमारी जिंदगी रोक देता है। मरीज, गर्भवती महिलाएं और बच्चे सब फंस जाते हैं। कई बार जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ता है, लेकिन प्रशासन को हमारी परेशानी दिखाई नहीं देती।

वहीं ग्रामीण कैलाश ने बताया पुल टूटने के बाद से हर साल यही हाल है। इलाज, बाजार और तहसील पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण राधिका प्रसाद ने कहा, 'बरसात में बच्चों का स्कूल जाना बंद हो जाता है। पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित होती है ग्रामीण राजू और विकास कुमार का कहना है, किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं। फसल की खरीद-बिक्री और मजदूरी दोनों पर असर पड़ता है। ग्रामीण संतोष कुमार, सर्वेश कुमार और रवि कुमार ने भी एक स्वर में कहा, चुनाव के समय वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही अररा नाले की समस्या को भुला दिया जाता है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि अररा नाले पर शीघ्र पक्का और ऊंचा पुल बनवाया जाए, ताकि बरसात के मौसम में भी आवागमन बाधित न हो।

## भीषण ठंड में भी किसान खेतों की रखवाली को मजबूर फिर भी नहीं बच पा रहे फसल

### ●नीलगाय के आतंक से अन्नदाता बेहाल, झुंड के झुंड फसलों पर कर रहे हमला

### देखते ही देखते दो- चार बीघा फसल कर जाते हैं चट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच खेतों में खून जमा देने वाली रातें किसान जागकर काट रहे हैं, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी मेहनत पर नीलगाय पानी फेर रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में नीलगाय का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि झुंड के झुंड खेतों में घुसकर देखते ही देखते एक से दो बीघा फसल चट कर जा रहे हैं। गेहूं, चना, मटर, सरसों सहित रबी की अधिकांश फसलें नीलगाय के हमलों से बर्बाद हो रही हैं।

किसानों का कहना है कि दिन भर खेतों में मेहनत करने के बाद रात में भी अलाव जलाकर पहरा देना उनकी मजबूरी बन गई है। ठंड से ठिठुरते हुए किसान टॉर्च, डंडा, पटाखा और शोर-शराबे के सहारे नीलगाय को भगाने की कोशिश करते हैं, लेकिन थोड़ी देर बाद वही झुंड फिर लौट आता है। कई बार तो संख्या इतनी अधिक होती है कि किसान असहाय होकर तमाशबीन बन जाते हैं।ग्रामीण किसानों के अनुसार, नीलगाय अब केवल जंगल या परती जमीन तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि आबादी और खेतों के बीच बेखौफ घूम रही हैं। खेतों की मेड़ें, बाड़ और तार भी इनके आगे बेअसर साबित हो रहे हैं। एक किसान की महीनों की मेहनत कुछ ही मिनटों में नीलगाय के झुंड द्वारा तबाह कर दी जाती है, जिससे किसान आर्थिक संकट की ओर धकेले जा रहे हैं।किसानों ने बताया कि पहले यह समस्या सीमित थी, लेकिन बीते कुछ वर्षों में नीलगाय की संख्या में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है। फसल नुकसान के बाद मुआवजे की प्रक्रिया भी जटिल और धीमी होने से किसानों में आक्रोश है। कई किसानों का कहना है कि नुकसान का सही आकलन तक नहीं हो पाता, जिससे उन्हें अपेक्षित सहायता नहीं मिलती।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नीलगाय की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए ठोस और स्थायी समाधान निकाला जाए। खेतों की सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग, सामुदायिक बाड़, प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान और फसल क्षति का त्वरित मुआवजा देने की व्यवस्था की जाए। साथ ही, वन विभाग और कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से इस समस्या का स्थायी हल निकाला जाए, ताकि अन्नदाता चैन की नींद सो सके।भीषण ठंड, बढ़ती लागत और अब नीलगाय के आतंक ने किसानों की कमर तोड़ दी है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो इसका सीधा असर न केवल किसानों की आजीविका पर पड़ेगा, बल्कि खाद्यान्न उत्पादन भी प्रभावित होगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

### ●जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

### शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं।

किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। तहसील गौरीगंज में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 15 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 33 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 04 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 01 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पी0एम0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उठाये लाभ, कराये आनलाइन रजिस्ट्रेशन-पीओ नेडा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी नेडा दीपक वर्मा ने बताया है कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत घरेलू विद्युत उपभोक्ता अपने घर में स्वीकृत विद्युत भार (कनेक्शन) के समतुल्य क्षमता का सोलर रूफटॉप पावर प्लाण्ट लगा सकता है। सोलर पावर प्लाण्ट की अनुमानित लागत 60000 रूपये प्रति किलोवाट आती है। सोलर रूफटॉप लगाने के बाद प्रतिमाह विद्युत बिल में भारी कमी आती है। 03 किलोवाट की स्थापना पर राज्य सरकार द्वारा अधिकतम 30000 रूपये एवं केन्द्र सरकार द्वारा अधिकतम 78000 रूपये- इस प्रकार 03 किलोवाट पर कुल 108000 रूपये का अनुदान सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में प्राप्त होता है। संयंत्र पर राष्ट्रीकृत बैंकों द्वारा 06 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पी0एम0 सूर्य घर पोर्टल http://pmsuryaghar.gov.in पर संचालित है।उन्होने बताया है कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना हेतु 8000 का टारगेट निर्धारित है, योजना हेतु 4960 आवेदन पत्र प्राप्त हुये है, 1805 अधिष्ठापन कराये गये है तथा 1441 को सब्सिडी जारी की गयी है।

# संक्षिप्त खबरें

## तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**महराजगंज/रायबरेली।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर जांच कर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें लापारवाही बर्दास्त नही की जायेगी। यह उद्गार तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे तहसीलदार मंजुला मिश्रा सम्बन्धितों को निर्देशित कर व्यक्त कर रही थी। तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस में कुल 23 शिकायते आई मौके पर 4 शिकायतो का निस्तारण किया गया। आपको बता दें कि प्राप्त शिकायतो में राजस्व 10 पुलिस 12, अन्य 1 प्रार्थना पत्र आए। शेष शिकायतो के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को मौके पर जांच कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह, अवर अभियंता संजय कुमार अवर अभियंता अजय सैनी, अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, पूर्ति निरीक्षक मुकेश पांडेय, सीएचसी अधीक्षक गणनायक पांडेय, राजस्व निरीक्षक उमेश चंद्र त्रिपाठी, अहमद, आबिद अली, लेखपाल राजीव मिश्र, सुनील यादव, संतोष पटेल सहित सम्बन्धित थानों के उपनिरीक्षक मौजुद रहे।

## एस.जे.एस. लालगंज के नौनिहालों का एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण



**लालगंज, रायबरेली।** नगर के सर्वश्रेष्ठ व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल, लालगंज के नन्हें-मुन्हें के.जी. से कक्षा 2 तक के छात्र-छात्राएँ एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ के प्रसिद्ध चिड़ियाघर पहुँचे। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और जिज्ञासा देखते ही बन रही थी। चिड़ियाघर में स्थित संग्रहालय विशेष रूप से बच्चों के आकर्षण का केंद्र बना। यहाँ उन्होंने वन्यजीवों से संबंधित अनेक जानकारियाँ प्राप्त कीं। चिड़ियाघर में शेर, भालू, चीता, मगरमच्छ तथा विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे पक्षियों को देखकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न हुए। शिक्षकों ने बच्चों को जानवरों के जीवन, उनके भोजन और संरक्षण के महत्व के बारे में सरल भाषा में बताया। बच्चों ने न केवल जानवरों को नज़दीक से देखा, बल्कि उनसे जुड़े रोचक प्रश्न भी पूछे। यह भ्रमण बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ मनोरंजन से भरपूर रहा। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। यह यात्रा बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गई, जिसे वे लंबे समय तक याद रखेंगे। विद्यालय द्वारा आयोजित इस शैक्षिक भ्रमण में विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह, सह प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह व प्रधानाचार्या अंजू सिंह सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं व शिक्षक उपस्थित रहे।

# मशीन से सड़क निर्माण की अनुमति के बावजूद लेबर से काम, ठेकेदार के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद/लखनऊ।** मलिहाबाद जौरिया रूसेना जर्जर मार्ग को गुणवत्तापूर्ण न बनाए जाने पर शनिवार को दर्जनों ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा। जब इस मार्ग को मशीनों द्वारा बनाए जाने की अनुमति मिली है तो लेबरों से कार्य कराए जाने की क्या जरूरत है। ग्रामीणों व राहगीरों ने ठेकेदार पर धांधली का आरोप लगाते बेहतर सड़क बनाए जाने की मांग की है।

लखनऊ जनपद की मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के रहीमाबाद अंतर्गत गहदो माल मार्ग से जौरिया रुसेना मार्ग लंबे समय से जर्जर पड़ा है जिसपर लोगों का निकलना मुश्किल हो चुका है। मांग के बाद भी समस्या का समाधान न होने के कारण बीते समय में जौरिया भीमनगर गांव के सामने ग्रामीण व राहगीर धरने पर बैठे थे जिन्हें जल्द सड़क बनाए जाने का आश्वासन देकर शांत कराया गया था।

अब सड़क का कार्य शुरू हुआ तो ग्रामीणों को जब यह पता चला कि सड़क मशीनों द्वारा बनाए जाने की अनुमति मिली है जिसे ठेकेदार द्वारा मनमाने तरह से लेबरों द्वारा बनवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने नाराजगी दिखाते हुए प्रदर्शन करते हुए कहा कि ठेकेदार की मनमानी नहीं चलेगी। सड़क गुणवत्तापूर्ण मजबूत बनाई जाए जिससे रोज हजारों की संख्या के गुजरने वाले लोगों के लिए समस्या न हो और सड़क जल्दी न खराब हो। इस संबंध में ठेकेदार आशुतोष सिंह ने कहा ग्रामीणों के विरोध पर कार्य को रोका गया है, मौसम को देखते हुए उन्होंने यह प्रक्रिया लेबरों से कराने को सोचा था लेकिन अब मौसम खुलने पर आगे के कार्य की शुरूआत की जाएगी।

## पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वाले पीएम स्वनिधि योजना का उठाये लाभ, करायें आनलाइन आवेदन



**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि नगर पालिका परिषद/समस्त नगर पंचायतों मे प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना (पी0एम0स्वनिधि) योजना के अंर्तगत पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वालो को रूपये 15000 तक की कार्य करने हेतु ऋण की सुविधा बैंको के माध्यम से प्रदान की जाती है। ऋण वापसी एक वर्ष मे 12 मासिक किस्तो के माध्यम से वापस करना होता है। किसी भी प्रकार की बैंक गारन्टी नही देय है। समय पर/समय से पहले ऋण वापसी करने पर सात प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी मिलेगी। डिजिटल लेनदेन करने पर 50-100 रूपये तक की मासिक कैशबैक मिलेगा, प्रथम ऋण समय से वापसी पर द्वितीय किश्त 25000 रूपये व द्वितीय किश्त वापसी पर तृतीय किश्त 50000 रूपये ऋण बैंको के माध्यम से प्रदान किया जाता है। पीएम स्वनिधि योजना का लाभ समस्त नगर निकाय में संचालित हैं, वेण्डर्स अपना आनलाइन आवेदन नगर पालिका परिषद बेल्हा एवं नगर पंचायतों मे करा सकते हैं।

## मिश्रिख़ की बेटी श्रेया गुप्ता का एसबीआई पीओ में हुआ चयन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिश्रिख़ (सीतापुर)** मिश्रिख की बेटी ने रचा सफलता का इतिहास, श्रेया गुप्ता का एसबीआई पीओ पद पर चयन मिश्रिख कस्बे के लिए आज का दिन गौरव और हर्ष का संदेश लेकर आया है। कस्बे के प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी विनय कुमार वैश्य की पुत्री श्रेया गुप्ता ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्रेया गुप्ता शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य को सामने रखकर निरंतर परिश्रम किया। बैंकिंग क्षेत्र की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना आसान नहीं होता, लेकिन श्रेया ने अनुशासित दिनचर्या, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस सफलता की सूचना मिलते ही मिश्रिख कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने मिठाइयाँ बाँटकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने श्रेया को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि कस्बे की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

श्रेया के पिता विनय कुमार वैश्य ने बेटी की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि श्रेया की वर्षों की मेहनत, त्याग और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बेटी ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और ईमानदार प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। श्रेया गुप्ता की इस उल्लेखनीय सफलता से यह स्पष्ट होता है कि छोटे कस्बों से निकलकर भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाई जा सकती है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देती रहेगी।

## अधिवक्ताओं के हित में समर्पित रहूंगाः परेश मिश्रा



**बिसवां सीतापुर** बिसवां में बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष परेश मिश्रा ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह हमेशा अधिवक्ताओं के हितों के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने झूठे वादों से बचने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता हितों के लिए मैं हमेशा समर्पित रहूंगा। अगर विश्वास न हो तो आजमाकर देख लें, मैं औरों की तरह न झूठा वादा करता हूं। न झूठा भाषण देता हूं। कार्यक्रम में एसोसिएशन अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेयी, दिनेश श्रीवास्तव, ललित शर्मा, प्रमोद मिश्रा, क्षितीश कुमार मिश्रा, नवेद सिद्दीकी, शादाब खान आदि ने बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष को बुके देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, इंतखाब आलम चांद, अश्वनी कुमार त्रिपाठी, आनन्द मेहरोत्रा, ओपी मिश्रा, हरिओम मिश्रा आदि व दोनों एशोसिएशन के पदाधिकारियों सहित अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## ग्रामीण युवाओं ने की खेल के मैदान की मांग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रेउसा (सीतापुर)** ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए उचित संसाधनों का होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि सुविधाओं के अभाव में प्रतिभा दब कर रह जाती है। खेल से संबंधित अनेकों संसाधनों में खेल के मैदान का अपना विशेष महत्व है इसी आवश्यकता को ध्यान में रखकर विकास खण्ड रेउसा के ग्राम सिकहुवा के अनेकों युवाओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि रिज़वान अहमद से उनके क्षेत्र भ्रमण के दौरान खेल के मैदान की मांग की युवा खिलाड़ियों ने बताया कि पूर्व में वह लोग खण्ड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी से भी मांग कर चुके हैं। रिज़वान अहमद ने कहा कि सरकार एक तरफ़ खेलो इण्डिया जैसे अभियान के जरिए खेलों को बढ़ावा देने की बात करती हैं वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकताएं भी नहीं मुहैया करा पा रही है। सांसद प्रतिनिधि ने युवाओं को मांग को उचित बताते हुए आश्वासन दिया है कि इस मांग को लेकर वह संबंधित जिम्मेदारों से बात करेंगे। खेल प्रेमियों ने कहा है कि यदि इसको लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वह सभी बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मांग के दौरान प्रमुख रूप से महेंद्र तिवारी, जितेंद्र सिंह, सत्यम सिंह, दिलीप चौहान, आयुष सिंह, अंकित कुमार, शिवम् कुमार, शिव आशीषसिंह , सर्वेश सिंह, रिजवान खान सहित अनेकों युवा उपस्थित रहे।

## ईसाई समुदाय क्रिसमस मनाने की तैयारी में क्रिसमस का उत्सव हर्षित और भक्तिमय हो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ और आसपास का ईसाई समुदाय 25 दिसंबर 2025 को क्रिसमस के महान त्योहार को खुशी और हर्ष के साथ मनाने की तैयारी कर रहा है। क्रिसमस का काल, इस साल, रविवार, 30 नवंबर 2025 को 'आगमन काल' की शुरुआत के साथ शुरू हुआ। *'एडवेंट'* शब्द लैटिन भाषा के 'एडवेंटूस' से आया है, जिसका अर्थ है 'आगमन', क्रिसमस की तैयारी में चार सप्ताह की प्रार्थनापूर्ण तैयारी, बेथलहेम में प्रभु यीशु मसीह के जन्म का उत्सव की तैयारी है। कई क्रिसमस गतिविधियाँ हैं जो इस अवसर के खुश और आनंदमय स्वभाव को प्रदर्शित करेंगी। शहर के मुख्य चर्च सेंट जोसेफ कैथेड्रल, हजरतगंज में 24 दिसंबर 2025 को रात करीब 10.30 बजे क्रिसमस कैरल गायन के साथ पवित्र मिस्सा होगा, और इसकी अगुवाई करेगें लखनऊ के बिशप जेराल्ड जॉन मथियस और अन्य पुरोहित। इस वर्ष, पल्ली सदस्य 25 दिसंबर 2025 को मध्यरात्रि पवित्र मिस्सा और दिन के दौरान आयोजित पूजा सेवाओं में भाग लेंगे।

वहीं कैथेड्रल कंपाउंड को क्रिसमस लाइट्स, क्रिसमस क्रिब और क्रिसमस स्टार्स से सजाया जाएगा, जो क्रिसमस के खुशनुमा माहौल को दर्शाएगा! हर साल, क्रिसमस के दिन, सुबह लगभग 10.00 बजे से रात 10.00 बजे तक 80,000 से अधिक लोग चर्च और माता मरियम का ग्रोटो में मन्नत की मोमबत्तियाँ जलाने और प्रार्थना करने आते हैं। आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों में 26 दिसंबर 2025 को शाम 4.30 बजे शहर के प्रमुख नागरिक और धार्मिक नेताओं के लिए 'क्रिसमस गेट-टूगेदर' है। अपने क्रिसमस संदेश में, लखनऊ के बिशप जेराल्ड मथियस ने कहा, * 'क्रिसमस में हम शांति के राजकुमार, ईसा मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं! यह क्रिसमस हमारे लिए प्रभु यीशु मसीह द्वारा प्रदान की गई वास्तविक शांति और आनंद लाए जिसकी आज की दुनिया में बहुत आवश्यकता है '। उन्होंने समुदाय से अपील की कि वे क्रिसमस के आध्यात्मिक संदेश की ओर लौटें और इस महत्वपूर्ण पवित्र पर्व का व्यावसायीकरण न करें।

## जागृति पब्लिक स्कूल हलोर में शनिवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महराजगंज/रायबरेली।** जागृति पब्लिक स्कूल हलोर में शनिवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। चार दिवसीय प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर वहां पढ़ने वाले मेधावी छात्रों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी भरत मिश्रा व विशिष्ट अतिथि उमाकांत पाण्डेय व हौसिला प्रदास के साथ प्रबंधक अमोद श्रीवास्तव ने मां भारती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्रों में दौड़,कबड्डी, खो-खो, बोरा दौड़, गुब्बारा दौड़, कुर्सी दौड़, सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बालिका वर्ग की कबड्डी में सरोजिनी नायडू टीम ने बाजी मारी, तो वही खो-खो में अरुणिमा सिन्हा टीम अव्वल रही। बालक वर्ग की कबड्डी में सुभाष चंद बोस टीम ने जीत दर्ज की। शनिवार को समापन अवसर पर छात्रों को मेडल व ट्राफी तो अतिथियों व अभिभावकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आर्थिक कमजोर अभिभावकों के बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय के प्रबंधक अमोद श्रीवास्तव लगातार कुछ मेधावियों को लगातार तीन वर्षों से निशुल्क शिक्षा भी देते हैं। अमोद श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न स्कूलों के आर्थिक कमजोर बच्चों में कक्षा पांच के बच्चों की एक परीक्षा कराई जाती है। जिसमें 70 फीसदी अंक लाने वाले सभी छात्रों को एक वर्ष तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश दिवाकर ने किया। इस मौके पर सुशील त्रिपाठी, राम जियावन, रविकुमार, साहीन, मोहिनी शर्मा, प्रीति श्रीवास्तव, ममता, साक्षी, धनंजय सिंह, समेत दर्जनों अभिभावक व छात्र मौजूद रहे।

## कोहरा व गलन भरी ठंड से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त इंसानों व पशु-पक्षी भी बेहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली:** कोहरा और गलन भरी ठंड से क्षेत्र में आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षी भी बेहाल नजर आए। शनिवार को सूर्यदेव की किरणें भी नहीं दिखीं और दिनभर हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे लोग घरों में दुबके रहे। आपको बता दें कि, इन दिनों सड़कों पर सुबह और शाम कड़ाके की ठंड के चलते सन्नाटा पसरा रहता है, जबकि दोपहर में कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में हल्की चहल-पहल जरूर देखी गई। हालांकि, सार्वजनिक स्थानों पर समाचार पत्रों में छपी खबरों का संज्ञान लेकर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था कराई गई है, फिर भी लोग कांपते नजर आए। विशेषकर कस्बे के तिराहे, चंदापुर चौराहे, अस्पताल परिसर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक स्थलों पर हालात सबसे खराब रहे, राहगीरों के लिए अलाव की व्यवस्था नही थी, यात्रियों ने ठिठुरते हुए सफर किया।

दिसंबर माह के मध्य में पड़ी ठंड ने केवल एक सप्ताह में ही लोगों की दिनचर्या और कामकाज पर भारी असर डाला। आज शनिवार को पूरा दिन सूरज बादलों में छिपा रहा, और कोहरे ने भी वही रवैया अपनाया।

महराजगंज कस्बा समेत मऊ, सिकन्दरपुर, मुरैनी, डेपारमऊ, खेरवा, ज्योना, चंदापुर, असरफाबाद, अंदूपुर, मोन, कुसमहुरा, हरदोई, असनी, बरहुआं, सलेथू, जिहवा, बावन बुजुर्ग बल्ला आदि जगहों में अलाव की कमी से लोग सड़कों पर कांपते नजर आए। सबसे ज्यादा ग्रामीण इलाकों में हालात खराब रहे। सुबह आठ बजे तक सड़कों पर आवागमन लगभग न के बराबर था। लोगों ने अपने घरों में ही रहने को प्राथमिकता दी। पशुपालकों का कहना है कि, ठंड के चलते जानवर भी परेशान हैं और उन्हें गर्म रखने के पर्याप्त साधन नहीं मिल पा रहे हैं। प्रशासन की ओर से ठंड और कोहरे के प्रभाव से निपटने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नागरिकों का कहना है कि, अलाव और अस्थायी रैन बसेरा की व्यवस्था की तत्काल जरूरत है।

# पृथ्वीराज सिंह के चयन पर क्षेत्र में खुशी की लहर

### ● 72 वीं राष्ट्रीय सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली-** रायबरेली जनपद के प्रतिभावान वालीबॉल खिलाड़ी पृथ्वीराज सिंह का 04 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2026 तक डॉ संपूर्णानंद स्टेडियम, वाराणसी में आयोजित होने वाली 72वीं 72 वीं राष्ट्रीय सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। पृथ्वीराज सिंह के चयन पर उनके परिवारीजनों, शुभचिंतकों व गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी हैं। पृथ्वी राज सिंह होनहार वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं जो अपने खेल के साथ-साथ पढ़ाई को भी उतनी ही गंभीरता से लेते हैं। वर्तमान में पृथ्वी केआईआईटी यूनिवर्सिटी से मास्टर्स कर रहे हैं और बीजू पटनायक इंडोर स्टेडियम में नियमित रूप से प्रैक्टिस करते हैं। 2018 में वॉलीबॉल की शुरुआत करने के बाद से उन्होंने लगातार मेहनत की है और अब तक तीन सीनियर स्टेट चैंपियनशिप खेल चुके हैं। पिछले 5-6 सालों से पृथ्वी शिक्षा और खेल दोनों को साथ-साथ संभाल रहे हैं। सुबह कॉलेज की क्लासेस, शाम को स्टेडियम में प्रैक्टिस - यह उनकी रोजमर्रा की जिंदगी है। आसान तो नहीं है यह सफर, लेकिन पृथ्वी ने यह साबित किया है कि अगर इरादा पक्का हो तो दोनों लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

उत्तर प्रदेश वालीबॉल एसोसिएशन के महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर जानकारी दी। महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि 72 वीं राष्ट्रीय सीनियर वॉलीबाल चैम्पियनशिप (पुरुष/महिला) 04 से 11 जनवरी 2026, डॉ0 सम्पूर्णानन्द स्टेडियम, वाराणसी में आयोजित हो रही है। उक्त चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु उ0प्र0 पुरूष एवं महिला टीमों के प्रशिक्षण शिविर हेतु खिलाड़ियों का चयन गत 14 दिसम्बर 2025 को ग्रीनपार्क स्टेडियम कानपुर में किया गया है। उक्त चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 20 दिसम्बर 2025 से 03 जनवरी 2026 तक सम्पूर्णानन्द स्टेडियम, वाराणसी में आयोजित रहेगा। उक्त प्रशिक्षण के दौरान अन्तिम चयनित प्रदेशीय पुरूष एवं महिला टीमें राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। उक्त क्रम में विभिन्न इकाइयों से खिलाड़ी प्रदेशीय सीनियर टीमों के प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित हुए हैं। महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने कहाकि जीवन में खेल का विशेष महत्व है। खेल सिर्फ एक शौक या टाइम-पास नहीं है, यह जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। जो व्यक्ति खेल को गंभीरता से अपनाता है, उसे उसी सम्मान और समर्पण के साथ उसका पालन करना चाहिए जैसे वह अपनी पढ़ाई या करियर के प्रति करता है।




खेल हमें अनुशासन, टीम वर्क, धैर्य और मेहनत सिखाता है। यह केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण साधन है। जब हम खेल को सम्मान देते हैं, तो हम अपने आप को, अपनी प्रतिबद्धता को और अपने लक्ष्यों को सम्मान देते हैं। जिला वालीबॉल एसोसिएशन रायबरेली के संयुक्त सचिव अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि यदि आपने खेल को अपनाया है, तो उसे पूरे मन से जिएं।

उसे वह समय, ऊर्जा और सम्मान दें जिसके वह हकदार है। क्योंकि अंत में, खेल सिर्फ जीत-हार का खेल नहीं है, यह आपके व्यक्तित्व को गढ़ने की एक यात्रा है।पृथ्वीराज सिंह की कहानी उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करने को तैयार हैं और जो समझते हैं कि खेल सिर्फ एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन का एक तरीका है। पृथ्वीराज सिंह के चयन पर रायबरेली कांग्रेस के जिला प्रवक्ता सिद्धार्थ त्रिवेदी, रायबरेली, विजय शंकर सिंह, अध्यक्ष जिला वालीबॉल एसोसिएशन, रायबरेली, जिला वालीबॉल एसोसिएशन, रायबरेली, अमित त्रिपाठी संयुक्त सचिव, डॉ भूपेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, अखिलेश प्रताप सिंह संयुक्त सचिव आदि ने पृथ्वीराज सिंह को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कैरियर कॉन्वेंट कॉलेज, विकास नगर में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य और प्रेरणादायक आयोजन

### ● अजमत अली एवं इकबाल अली ने किया विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का उद्घाटन, गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विकास नगर, लखनऊ।** कैरियर कॉन्वेंट कॉलेज, विकास नगर में 20 दिसंबर 2025 को आयोजित विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी ने शैक्षणिक नवाचार, रचनात्मकता और सामाजिक चेतना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकलकर अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, कलात्मक अभिव्यक्ति और व्यावहारिक समझ को वास्तविक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष अजमत अली एवं उपाध्यक्ष इकबाल अली द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर शिक्षा, उद्योग और प्रशासन जगत से जुड़े कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।

**विज्ञान मॉडलों में दिखा नवाचार और सामाजिक सरोकार**

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए कार्यशील विज्ञान मॉडल आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। सेंसर हेलमेट अलार्म ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया, वहीं सोलर कार ने अक्षय ऊर्जा के महत्व को रेखांकित किया। एलेक्सा-आधारित रोबोट और एटीएम मशीन मॉडल ने आधुनिक तकनीक और डिजिटल इंडिया की झलक पेश की। इसके अलावा हेमोडायलिसिस मॉडल ने चिकित्सा विज्ञान में तकनीक की भूमिका को सरल भाषा में समझाया, जबकि ऑपरेशन सिंदूर जैसे मॉडल ने छात्रों की सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना को उजागर किया।

**कला, वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत की प्रभावशाली प्रस्तुति**

विज्ञान के साथ- साथ कला और वास्तुकला से जुड़े मॉडलों ने भी दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। एकाना स्टेडियम का विस्तृत मॉडल आधुनिक संरचनात्मक डिजाइन का उदाहरण बना, जबकि बृहदेश्वर मंदिर ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत को जीवंत किया। कंज़्यूमर फोरम और आरबीआई मुख्यालय जैसे मॉडलों के माध्यम से छात्रों ने प्रशासनिक और आर्थिक ढांचे की समझ को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे आगंतुकों ने खूब सराहा।

**विषय-आधारित प्रदर्शनों से बना अंतरविषय अनुभव**

इतिहास, भूगोल और गणित पर आधारित प्रदर्शनों ने प्रदर्शनी को केवल एक विज्ञान मेले तक सीमित न रखकर एक समग्र शैक्षणिक अनुभव में परिवर्तित कर दिया। ऐतिहासिक घटनाओं के मॉडल, भौगोलिक संरचनाओं की प्रस्तुति और गणितीय अवधारणाओं के रचनात्मक प्रदर्शन ने छात्रों की अकादमिक गहराई और कल्पनाशीलता को स्पष्ट रूप से दर्शाया।








**विशिष्ट अतिथियों का मार्गदर्शन और प्रेरणा**

कार्यक्रम में दीपक कुमार श्रीवास्तव (प्रिंसिपल, कैरियर कॉन्वेंट गर्ल्स पी.जी. कॉलेज), दीपक वर्मा (निदेशक, आइरिस क्राउन) एवं महमूद (इंस्पेक्टर) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज के प्रिंसिपल जोबी जॉन और निदेशक शबाना खान ने छात्रों को उनके रचनात्मक प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षकों को उनके सतत मार्गदर्शन और परिश्रम के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

**विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में हुआ इज़ाफ़ा**

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी छात्रों के भीतर आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन द्वारा ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की सराहना की।

**सफल और प्रेरणादायक आयोजन**

कुल मिलाकर, कैरियर कॉन्वेंट कॉलेज की यह विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी वैज्ञानिक सोच, कलात्मक सृजन और व्यावसायिक जागरूकता का सुंदर संगम साबित हुई। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए सीखने का सशक्त मंच बना, बल्कि आगंतुकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत रहा। यह प्रदर्शनी शिक्षा को प्रयोग, कल्पना और नवाचार से जोड़ने की दिशा में एक सफल और सराहनीय पहल के रूप में याद की जाएगी।

# तस्करों का देश नहीं है भारत- फिर बच्चे क्यों गायब हैं?

**[ गुमशुदा बच्चे, जिंदा जमीर: व्यवस्था के चेहरे पर तमाचा ]**

**[ गरीबी से अस्पताल तक: बाल तस्करी का फैलता नेटवर्क ]**

19 दिसंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी और बच्चों के वाणिज्यिक यौन शोषण को भारत की एक 'गहराई से परेशान करने वाली वास्तविकता' बताते हुए कठोर टिप्पणी की। यह फैसला साफ संकेत देता है कि कड़े कानूनों के बावजूद ये अपराध इसलिए पनप रहे हैं, क्योंकि ये इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं, बल्कि संगठित और सुनियोजित कार्टेलों का हिस्सा हैं। अदालत ने पीड़ित बच्चों की गवाही को विश्वसनीय ढंग से परखने के लिए अहम दिशानिर्देश जारी किए–छोटी-मोटी असंगतियों के आधार पर बयान खारिज न करने और यौन शोषण की स्मृतियों को बार-बार कुरेदने से पैदा होने वाली द्वितीयक पीड़ा के प्रति संवेदनशील रहने पर विशेष जोर दिया। यदि इन निर्देशों का जमीनी स्तर पर ईमानदारी से पालन हो, तो बाल तस्करी के खिलाफ संघर्ष को वास्तविक मजबूती मिल सकती है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2023 के आंकड़े इस संकट की भयावहता को और उजागर करते हैं। वर्ष 2023 में बच्चों के खिलाफ अपराधों के 1,77,335 मामले दर्ज हुए, जो 2022 की तुलना में 9.2% अधिक हैं। इनमें अपहरण और तस्करी की घटनाएं सबसे आगे हैं। मानव तस्करी के कुल 2,183 मामलों में अधिकांश पीड़ित बच्चे ही हैं। हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो रहा है, और लाखों ऐसे हैं जो कभी वापस नहीं मिलते। कोविड-19 महामारी के बाद हालात और बिगड़े हैं–कुछ इलाकों में तस्करी के मामलों में 68% तक की वृद्धि दर्ज हुई, कई राज्यों में अपहरण के मामले दोगुने से भी अधिक हो गए। गरीबी और सीमाओं की निकटता तस्करों के लिए रास्ते आसान बनाती है, और बच्चों के लिए खतरे कहीं अधिक गहरे हो जाते हैं।

उत्तर प्रदेश जैसे राज्य इस भयावह संकट के केंद्र में हैं। यहां अपहरण के हजारों मामले दर्ज होते हैं और कोविड के बाद बाल तस्करी में तेज उछाल देखा गया है। अप्रैल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों से नवजात शिशुओं की तस्करी पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में संबंधित अस्पताल का लाइसेंस तत्काल निलंबित किया जाए। अदालत ने बाल तस्करी से जुड़े मुकदमों का निपटारा छह माह के भीतर करने का आदेश भी दिया। यह सख्ती इस कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि अस्पताल, जो जीवन के रक्षक होने चाहिए, अब कई जगह तस्करी के संगठित अड्डों में बदलते जा रहे हैं, जहां मिलीभगत के संकेत भी सामने आते हैं। इस अपराध की जड़ें गहरी सामाजिक-आर्थिक असमानताओं में धंसी हुई हैं। गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा परिवारों को बच्चों को काम पर भेजने के लिए मजबूर करती है, और वहीं तस्कर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। दलित, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चे सबसे अधिक खतरे में हैं। कानूनों का कमजोर और असंगत क्रियान्वयन तस्करों को संरक्षण देता है। तकनीक का दुरुपयोग बढ़ा है–ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए बच्चों को बहकाया जाता है। अस्पताल, रेलवे स्टेशन और बस अड्डे कार्टेल के प्रमुख ठिकाने बन चुके हैं, जबकि राजनीतिक गठजोड़ और कानूनी पेचीदगियां जांच की राह में दीवार खड़ी करती हैं। केंद्र सरकार के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से अब तक हजारों बच्चे लापता हैं, जिनमें बड़ी संख्या तस्करी का शिकार है।



भारत में बाल तस्करी रोकने के लिए सशक्त कानूनी ढांचा मौजूद है। संविधान का अनुच्छेद 23 मानव तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है। भारतीय दंड संहिता, अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम 1956, पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण अधिनियम 2012 और किशोर न्याय अधिनियम 2000 जैसे कानून इस अपराध से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधान करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हालिया फैसलों में पीड़ितों की गवाही के संवेदनशील मूल्यांकन के स्पष्ट दिशानिर्देश दिए हैं। वर्ष 2025 में पॉक्सो मामलों के निपटान में उल्लेखनीय सुधार दिखा–87,754 मामलों का निस्तारण हुआ, जबकि 80,320 नए मामले दर्ज हुए–फिर भी लंबित प्रकरण और कम दोषसिद्धि दर बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

समाज पर इसका प्रभाव केवल गंभीर नहीं, बल्कि पूरी तरह विनाशकारी है। तस्करी के शिकार बच्चे शारीरिक यातनाओं और गहरे मानसिक आघात के साथ जीने को मजबूर होते हैं, जिनके घाव समय के साथ अपराध, हिंसा और असामाजिक व्यवहार की नई श्रृंखलाओं में बदल जाते हैं। यौन शोषण न केवल व्यक्तिगत जीवन को तोड़ देता है, बल्कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य संकट और सामाजिक असुरक्षा को भी जन्म देता है। वहीं बाल श्रम मानव संसाधन को कुंद कर अर्थव्यवस्था को भीतर ही भीतर खोखला करता है। जब लाखों बच्चे इस अंधे और निर्दय जाल में फंसे हों, तब किसी भी राष्ट्र की विकास-गति का रुक जाना नहीं, बल्कि उसका भटक जाना तय हो जाता है।

समाधान के लिए एक सुसंगठित और बहुआयामी रणनीति अनिवार्य है। पुलिस बल को विशेष प्रशिक्षण के साथ एआई-आधारित ट्रैकिंग और विश्लेषण प्रणाली से लैस किया जाए।

अस्पतालों में कड़ी निगरानी व्यवस्था को बाध्यकारी बनाया जाए। शिक्षा और व्यापक जन-जागरूकता अभियानों को तेज किया जाए, जिनमें गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका और प्रभाव दोनों बढ़ें। फास्ट-ट्रैक अदालतों की संख्या बढ़ाकर मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। राज्यों में समर्पित नोडल अधिकारियों की नियुक्ति हो और लंबित प्रकरणों को विशेष इकाइयों के हवाले किया जाए। समाज की सतर्कता भी निर्णायक होगी–पड़ोसी, शिक्षक और जिम्मेदार नागरिक संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टिंग में सक्रिय भागीदार बनें। तकनीक के सकारात्मक और रणनीतिक उपयोग से तस्करों के नेटवर्क को जड़ से तोड़ा जाए।

सुप्रीम कोर्ट की हालिया सख्ती एक दोटूक चेतावनी है कि बाल तस्करी अब किसी भी रूप में सहन नहीं की जाएगी। पर वास्तविक और स्थायी बदलाव तभी आएगा, जब कानूनों का कठोर व निष्पक्ष क्रियान्वयन, प्रशासन की संवेदनशील तत्परता और समाज की सक्रिय भागीदारी एक साथ कदम बढ़ाएं। हर लापता बच्चा सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी और नैतिक परीक्षा है। यदि आज निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई, तो तस्करी के कार्टेल और अधिक संगठित व शक्तिशाली होते जाएंगे। इसलिए यह समय आधे उपायों का नहीं, बल्कि इस अंधे जाल को जड़ से खत्म करने के दृढ़ संकल्प का है, ताकि हर बच्चे का बचपन सुरक्षित, गरिमामय और भय से मुक्त हो सके।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# संपादकीय

## उत्तर भारत- कोहरे के कोहराम से फना होती जिन्दगी!

उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान कोहरा इतना घना हो जाता है कि कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो जाता है. ऐसे हालात में थोड़ी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है. ऐसे में अगर छोटी-छोटी सावधानी पर ध्यान दिया जाए तो हादसों को रोका जा सकता है.सबसे भयावह दुर्घटना मथुरा के निकट, बीते मंगलवार तड़के घने कोहरे के चलते कई वाहनों के आपस में टकराने से उन्नीस लोग जिंदा जल गए।यह बेहद दर्दनाक हादसा है। थोड़ी सी सावधानी और संयम से ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है लेकिन सरकारी तंत्र और आम आदमी दोनों लापरवाह बने हैं।

यमुना एक्सप्रेसवे पर 16 दिसंबर को मथुरा के पास कोहरे के कारण सुबह करीब साढ़े तीन बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 8 बसें और 3 कारें आपस में टकरा गई. इस हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई जबकि 70 से अधिक लोग घायल हो गए. इस हादसे से ठीक दो दिन पहले भी ऐसा ही एक हादसा हुआ. विजिबिलिटी कम होने के कारण यूपी-हरियाणा में एक के बाद एक कई हादसे हुए, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई. इन सभी हादसे की वजह कम विजिबिलिटी बताई जा रही है। मरने वाले निर्दोष लोग अपने-अपने जरूरी कामों के लिए जल्दी पहुंचने की चाहत में रात के सफर पर निकले थे। लेकिन हालात उन्हें मौत के मुंह में ले गया। बीते मंगलवार को अमंगल का यह कोहरे के कहर का सिलसिला यूपी हरियाणा पंजाब हिमाचल तक चला, और कितने ही जीवन लीला गया। पंजाब में जहां सुबह घने कोहरे के चलते पांच लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई। बरनाला व तपामंडी में हुए दो सड़क हादसों में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत पांच लोगों की मौत हुई। वजह वही, घने कोहरे के चलते दृश्यता में कमी और स्थिति का आकलन न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाना। वहीं तपामंडी के व्यापारी की पत्नी व बेटी की मौत रास्ते में खड़े ट्रक से उनकी कार के टकराने से हुई। इससे पहले रविवार सुबह कोहरे के कोहराम से 66 वाहनों के टकराने से एक छात्रा समेत चार लोगों की मौत हरियाणा में भी हुई। चरखी दादरी में एक स्कूल बस व रोडवेज की बस की आमने-सामने की टक्कर में एक ग्यारहवीं की छात्रा की मौत हो गई और तीस से अधिक छात्राएं व शिक्षक, बस चालक समेत घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार वाले नेशनल हाईवे पर एक के बाद एक, अनेक वाहन दृश्यता की कमी के चलते दुर्घटनाग्रस्त हुए निश्चय ही निर्दोष लोगों का यूं असमय काल-कवलित होना बेहद दुखद ही है।

सवाल फिर वही है आखिर कब तक कोहरा कहर बनकर जिंदगी लीलता रहेगा। साल दर साल सर्दी के मौसम में कोहरे की धुंध की वजह से होने वाले हादसों के लिए हम क्यों अभिशप्त हैं? आखिर इन दुर्घटनाओं को टालने की गंभीर कोशिश सरकार, समाज व वाहन चालकों की तरफ से क्यों नहीं की जाती ?

देश की सरकार रोजाना सौ किलोमीटर सड़क का निर्माण करती है , तो राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों के जानमाल की रक्षा के लिए धुंध से मुक्ति की तकनीक क्यों नहीं निकाल पा रहे हैं? निश्चय ही प्रकृति की लीला का मुकाबला कर पाना संभव नहीं, लेकिन कमोबेश दुर्घटनाओं की संख्या कम करके जान-माल का नुकसान कम करने का प्रयास तो करें। यह सजगता नागरिकों के स्तर पर भी जरूरी है। यात्रा के समय के चयन और धुंध के बीच वाहन चालन में अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग व एक्सप्रेस-वे पर पर्याप्त रोशनी और धुंध में दृश्यता बढ़ाने के तकनीकी प्रयास किए जाएं। मौसमी बाधा के बीच दुर्घटना का एक बड़ा कारण राजमार्गों के किनारे अवैध रूप से जगह-जगह खोले गए ढाबे भी बनते हैं। दरअसल, होटल ढाबों के पास वाहनों को अपने परिसर में खड़ा करने की जगह नहीं होती, जिसके चलते ट्रक व अन्य वाहन सड़कों में खड़े रहते हैं। जिसके चलते अक्सर तेजी से आने वाले वाहन दृश्यता की कमी से इन खड़े वाहनों से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं। पिछले माह राजस्थान के फलोदी के निकट एक टेम्पो ट्रेवलर के सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर से टकराने से दस महिलाओं व चार बच्चों समेत पंद्रह लोगों की मौत हुई थी। इस पर स्वतः संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने लिया। सोमवार को सुनवाई के कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी दिखाई। कोर्ट ने लगातार हादसों की वजह बन रहे इन अवैध होटलों-ढाबों पर नियंत्रण हेतु पूरे देश के लिये दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत बतायी।

उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान कोहरा इतना घना हो जाता है कि कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो जाता है. ऐसे हालात में थोड़ी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है. इसी बढ़ते खतरे को देखते हुए गौतम बुद्ध नगर जिला प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक विस्तृत 'सेफ ट्रैवल इन फॉग' एडवाइजरी जारी की है. इस एडवाइजरी का मकसद लोगों को डराना नहीं, बल्कि उन्हें सचेत करना है ताकि वे सही सावधानियां अपनाकर खुद को और दूसरों को सुरक्षित रख सकें। कई अध्ययनों में हादसों की वजह सड़कों के डिजाइन में कमी को भी बताया गया। सवाल है कि जब देश में अच्छी-तेज सड़कों का जाल तीव्र गति से बिछाया जा रहा है तो सुरक्षित सफर सुनिश्चित करना भी तो नीति-नियंताओं की जवाबदेही बनती है? हादसों के लिए सिर्फ चालकों को जिम्मेदार नहीं बताया जा सकता। हां, इतना जरूर है कि वाहन चालकों को गति के साथ गति भी तेज रखनी होगी। यातायात नियमों का पालन करने में एक जिम्मेदार नागरिक का भी दायित्व निभाना होगा।

अगर किसी कारणवश कोहरे में सफर करना बेहद जरूरी हो जाए तो वाहन बेहद धीमी गति से चलाना चाहिए. इसके साथ ही वाहन को पूरी सतर्कता के साथ चलाने की जरूरत है. विशेष रूप से वाहन के म्यूजिक सिस्टम और एफएम रेडियो बंद रखें क्योंकि कोहरे के वक्त सुनने की क्षमता देखने से भी ज्यादा अहम हो जाती है. सामने या पीछे से आने वाले वाहन की आवाज, हॉर्न या किसी आपात स्थिति की ध्वनि समय पर सुनना हदसा टालने में मदद कर सकता है।

कोहरे के दौरान वाहन के शीशों पर नमी जमना एक आम समस्या है. इससे सामने का दृश्य और धुंधला हो जाता है. वाहन चलाते समय एयर कंडीशनर के इस्तेमाल से बचें, क्योंकि इससे कांच पर नमी जम सकती है. इसके बजाय हल्के हीटर का उपयोग करें और हवा का प्रवाह विंडशील्ड की ओर रखें. जिन वाहनों में डिफॉगर की सुविधा है, उन्हें हल्के गर्म मोड पर चालू रखना फायदेमंद होता है. इसके साथ ही वाहन की खिड़कियां थोड़ी खुली रखने की सलाह दी गई है।

कोहरे में वाहन की लाइट्स आपकी पहचान बन जाती हैं. एडवाइजरी में भी इस बात का जिक्र किया गया है कि हेडलाइट्स हमेशा लो बीम पर रखें, क्योंकि हाई बीम कोहरे में रिफ्लेक्ट होकर आंखों को और भ्रमित कर देती है. दिन के समय भी अगर कोहरा बना हुआ है, तो लाइट्स जलाकर चलना जरूरी है. कोहरे में सबसे खतरनाक गलती ओवरटेक करने की होती है. प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ऐसे मौसम में ओवरटेक करने से बचना चाहिए. आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और अचानक ब्रेक लगाने से बचें. ब्रेक हमेशा धीरे-धीरे लगाएं।

गाइड लाइन के अनुसार दो लेन वाली सड़कों पर वाहन धीमी गति से चलाना चाहिए और सड़क के बाएं किनारे के करीब रहना ज्यादा सुरक्षित होता है. बीच सड़क पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो सकता है. अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के तौर पर जिला प्रशासन ने निजी वाहन चालकों से अपने वाहनों के पीछे लाल रंग की रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाने की अपील की है. यह टेप कोहरे में दूर से ही चमक जाती है, जिससे पीछे से आने वाले वाहन को पहले ही संकेत मिल जाता है. मोटर वाहन अधिनियम के तहत व्यावसायिक वाहनों के लिए आगे सफेद और पीछे लाल रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाना पहले से अनिवार्य है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे पर सर्दियों के मौसम के लिए विशेष गति सीमा भी तय की है. फरवरी तक हल्के वाहनों, जैसे कार आदि, के लिए अधिकतम गति सीमा 75 किलोमीटर प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है.वाहन चलाते हुए पर्याप्त दूरी बनाए रखें। सही ड्राइविंग आदतें और नियमों का पालन न सिर्फ आपकी जान बचा सकता है, बल्कि दूसरों की ज़िंदगी भी सुरक्षित रख सकता है. कोहरा एक प्राकृतिक स्थिति है, जिसे बदला नहीं जा सकता, लेकिन समझदारी और सावधानी से इसके खतरों को जरूर कम किया जा सकता है

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# महात्मा गांधी- जै राम जी!

संघी गिरोह को महात्मा गांधी के काम से ही नहीं, उनके नाम से भी कितनी नफरत है, यह मनरेगा को खत्म करने और उसकी जगह वीबी-जी राम जी विधेयक लाने के मोदी सरकार के कदम से पता चलता है। विधेयक के नाम से ही यह भी साफ हो जाता है कि उसकी पूरी राजनीति राम के नाम पर ही टिकी है। इस योजना का नाम कुटिलतापूर्वक मनरेगा से बदलकर जी राम जी किया जाना भी, भाजपा- आरएसएस के विचारधारात्मक आग्रह को दिखाता है। संघी गिरोह ने राज करने के लिए राम को सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का प्रतीक बना लिया है। तीन दिन पहले मंत्रिमंडल ने महात्मा गांधी की जगह पूज्य बापू नाम रखने का फैसला किया था, लेकिन इसे बदल दिया गया, तो शायद इसलिए कि यह नाम उनकी ध्रुवीकरण की राजनीति के मकसद को पूरा नहीं कर रहा था।

श्रम कानूनों को खत्म करके और चार श्रम संहिताओं को थोपने के जरिए शहरी मजदूरों के अधिकारों पर हमले के बाद देर-सबेर ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर भी हमला होना ही था। लेकिन यह हमला इतनी जल्दी होगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। मोदी सरकार जिन 'श्रम सुधारों' की बात करती है, उसका चरित्र ही मजदूर विरोधी और कॉरपोरेटपरस्त हैं। यह पूंजीवाद के हित में होता है कि समाज में बेरोजगार मजदूरों की एक बड़ी सेना का अस्तित्व बना रहे, ताकि लागत में मजदूरी के हिस्से को न्यूनतम रखकर अधिकतम मुनाफा कमाया जा सके। इसलिए वह सार्वभौमिक रोजगार, जो कि मनरेगा की अवधारणा है, जैसी किसी भी योजना के खिलाफ होता है।

महात्मा गांधी नेशनल रूरल एंप्लायमेंट गारंटी एक्ट (मनरेगा) की जगह विकसित भारत -- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 (वीबी-जी राम जी विधेयक) लाने का मोदी सरकार का फैसला इन्हीं मजदूर विरोधी श्रम सुधारों को लागू करने की दिशा में एक बढ़ा हुआ कदम है। मोदी सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध किया जाना चाहिए, क्योंकि यह विधेयक, मनरेगा के बुनियादी चरित्र को ही पूरी तरह से नकारता है और रोजगार की सार्वभौमिक गारंटी की जगह काम की केवल एक सीमित गारंटी देता है। यह विधेयक केंद्र सरकार को राज्यों की मांग के अनुसार फंड आबंटित करने की अपनी जिम्मेदारी से भी कानूनी तौर पर बरी कर देता है। रोजगार की सार्वभौमिक गारंटी और राज्यों की मांग के अनुसार फंड का 100 प्रतिशत आबंटन -- ये दोनों प्रावधान मनरेगा की जान हैं। नया विधेयक इन दोनों प्रावधानों के विपरीत है और इसलिए ये ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का सृजन नहीं, रोजगार का विनाश ही करेंगे। (इस विधेयक का छुपा हुआ उद्देश्य यही है।) इस प्रकार, दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार प्रदाय योजना, जिसने कोरोना के संकट काल में भी अपना औचित्य साबित किया था और कृषि विकास दर में वृद्धि सुनिश्चित की थी, को असल में भाड़ में झोंक दिया गया। इस विधेयक को अपने संसदीय बहुमत के बल पर सरकार ने पारित करा लिया है और हड़बड़ी इतनी थी कि इसके प्रावधानों को संसद की स्थायी समिति में भेजकर विचार-विमर्श करने की विपक्ष की सलाह को भी मानने से इंकार कर दिया।

मनरेगा में बिना किसी भेदभाव के हर ग्रामीण परिवार के लिए 100 दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है। नए विधेयक में इसे 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन करने का प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान को सामने रखकर संसद में मोदी सरकार ने इसे 'पुराने मनरेगा कानून का आधुनिक विकल्प' बताया है और इसे 'विकसित भारत - 2047 के लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीण विकास के लिए संरचनात्मक सुधार' करार दिया है। लेकिन यह दावा महज एक दिखावा है। सचाई यह है कि यह विधेयक, जॉब कार्डों को युक्तियुक्त बनाने के नाम पर, ग्रामीण परिवारों के बहुत बड़े हिस्सों को रोजगार मांगने के अधिकार से ही बाहर करने के दरवाजे खोलता है। हमारा अनुभव यह बताता है कि मनरेगा के सार्वभौमिक रोजगार के प्रावधान को कमजोर करने की पिछले 11 सालों में हर संभव कोशिश हुई है, जिसके तहत पर्याप्त बजट आबंटन न करना, इस कारण मजदूरों का समय पर मजदूरी का भुगतान न होना और महीनों इसका लंबित रहना, इस भुगतान को भी अनिवार्य रूप से आधार और बैंक खातों से जोड़ना, मजदूरों की उपस्थिति को डिजिटली दर्ज करने का निर्देश देना आदि शामिल हैं। इसी साल अक्टूबर-नवम्बर के बीच के एक माह में 27 लाख मजदूरों के नाम निष्क्रियता के आधार पर पंजीयन सूची से हटा दिए गया है। इसलिए इस नए विधेयक में 100 की जगह 125 दिनों का रोजगार देने का प्रावधान आश्वस्तिदायक नहीं है। पिछले 11 सालों का मोदी सरकार का रिकॉर्ड बताता है कि मनरेगा के 100 दिनों के रोजगार की गारंटी के बावजूद उसने औसतन हर साल 40-45 दिनों का ही रोजगार दिया है, जो यूपीए राज के औसत से कम है। नए विधेयक में तो इस गारंटी को भी कमजोर कर दिया गया है।

मनरेगा मांग-आधारित योजना है, लेकिन नए विधेयक में इससे राम-राम कर लिया गया है। 125 दिनों के रोजगार की उपलब्धता उन क्षेत्रों के लिए होगी, जिसका चयन केंद्र सरकार करेगी। इस चयन के मापदंड का उल्लेख विधेयक में नहीं मिलता और हम आसानी से अनुमान लगा सकते है कि यह चयन भाजपा की राजनैतिक जरूरतों को पूरा करने का माध्यम बनेगा। इसके साथ ही, ग्रामीण विकास योजनाओं को तैयार करने में ग्राम पंचायतों की स्वायत्तता भी खत्म हो जाएगी और उन्हें केंद्र की बनी-बनाई लीक पर काम करना होगा। इस प्रकार, राज्यों और केंद्र के बीच संविधान में उल्लेखित सहकारी संघवाद की अवधारणा को भी दफनाया जाएगा।

नए विधेयक में सरकार को यह अधिकार दिया जा रहा है कि कृषि के मौसम में, जब खेतों में सबसे ज्यादा काम होता है, इस रोजगार योजना को निलंबित किया जा सकता है। यह प्रावधान ग्रामीण परिवारों को उसकी सबसे ज्यादा जरूरत के समय काम से वंचित करके, उन्हें भूस्वामियों के रहमो-करम पर निर्भर बना देगा। विधेयक में 'कृषि-सघन मौसम' को परिभाषित नहीं किया गया है। हमारे देश में, जलवायु की विविधता है और इसके कारण विविध फसलों का उत्पादन होता है। रबी और खरीफ के मौसम के अलावा, ऐसे भी क्षेत्र हैं, जहां तीन फसलें होती हैं और इस कारण कृषि संबंधी गतिविधियां साल भर चलती रहती हैं। नए विधेयक के इस प्रावधान के तहत काम देने से इंकार करने के लिए इसे साल के ज़्यादातर हिस्से तक बढ़ाया जा सकता है। इससे रोजगार गारंटी का उद्देश्य ही खत्म हो जाता है। कार्य स्थल पर डिजिटल हाजिरी की अनिवार्यता का प्रावधान भी मजदूरों के लिए भारी कठिनाईयां पैदा करेगा और उन्हें रोजगार की हानि के साथ ही उनके अधिकारों से वंचित करने का माध्यम बनेगा।

नव उदारवादी नीतियों के तहत जल, जंगल, जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर कॉरपोरेट कब्जे को आसान बनाने के कारण छोटे किसानों के हाथों से बड़े पैमाने पर कृषि भूमि निकल गई है और किसानों से वे खेत मजदूरों की कतार में आकर खड़े हो गए हैं। इसके साथ ही कृषि क्षेत्र में पूंजीवादी विकास के कारण मशीनीकरण बढ़ा है। इसके कारण खेती के मौसम में भी खेत मजदूरों को खेती में मिलने वाले रोजगार के दिनों में भयंकर गिरावट आई है। ग्रामीण क्षेत्र की यह जानी-पहचानी हकीकत है कि कानूनी प्रावधानों के बावजूद आज भी खेती के कामों में महिलाओं को पुरुषों के बराबर मजदूरी नहीं दी जाती और उनके लिए यह मजदूरी 40 प्रतिशत तक कम है। मनरेगा ने ठीक ऐसे ही खेत मजदूरों को सहारा दिया था और कृषि-सघन मौसम में भी यदि उनके लिए उचित मजदूरी पर खेतों में काम उपलब्ध नहीं है, तो वैकल्पिक रोजगार का प्रबंध किया था। यह नया विधेयक सबसे ज्यादा ग्रामीण गरीबों से जिंदा रहने का यह वैकल्पिक सहारा भी छीन रहा है। बढ़ते मशीनीकरण और रोजगार के औसत दिनों में गिरावट के साथ मनरेगा की अनुपस्थिति उनकी मजदूरी में भी और विशेषकर, महिलाओं की मजदूरी में भयंकर गिरावट लाएगी और भूस्वामियों के शोषण को तेज करेगी।

मनरेगा पर हुए कई अध्ययन यह बताते हैं कि इससे ग्रामीण गरीबों की आय में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इस योजना के कारण गरीब ग्रामीणों में स्वाभिमान की भावना बढ़ी है, क्योंकि इसने उनकी सामूहिक सौदेबाजी की ताकत को बढ़ाया है। इसके कारण, चाहे मनरेगा में उसे रोजगार मिले या न मिले, मनरेगा से कम मजदूरी दरों पर अन्यत्र काम करने से उसने इंकार किया है। मनरेगा के कारण कृषि कार्यों के लिए मजदूर न मिलने का दुष्प्रचार इसी कारण से है कि अब गरीब ग्रामीण कम मजदूरी पर काम करने के लिए तैयार नहीं है। प्रभुत्वशाली सामंती वर्ग इसे अपने लिए गरीब ग्रामीणों की सीधी चुनौती मानता है। मोदी सरकार का जी राम जी विधेयक मनरेगा के कारण बनी ग्रामीण गरीबों की इसी ताकत को तोड़ने का काम करेगा।

ग्रामीण रोजगार के लिए फंडिंग के पैटर्न में प्रस्तावित बदलाव भी मजदूरों को रोजगार से वंचित करेगा। यह विधेयक, मजदूरी भुगतान के लिए केंद्र की जवाबदेही वर्तमान 100 फीसद से घटाकर, राज्यों के साथ 60:40 के आधार पर साझेदारी का प्रावधान करता है। यह बेरोजगारी भत्ता तथा मुआवजे के खर्च की जिम्मेदारी भी राज्यों पर डालता है। इसके साथ ही, ''नार्मेटिव आबंटन'' का प्रावधान किया जा रहा है, जिसका अर्थ है कि केंद्र द्वारा रोजगार कार्यों पर खर्च की राज्यवार अधिकतम सीमाएं तय की जाएंगी और इससे ज्यादा खर्च करने पर लागत का भार राज्यों को उठाना होगा। अभी तक केंद्र सरकार इस योजना के लिए 60-70 हजार करोड़ रुपयों का ही बजट आबंटन करती आई है। इस योजना के विशेषज्ञों के अनुसार मनरेगा के लिए यह बजट आबंटन बहुत ही कम है और इस योजना से जुड़ी बहुत-सी परेशानियां और खामियां इसी कारण से है। अब कथित रूप से बढ़े हुए रोजगार दिवसों के साथ, यदि योजना के स्तर को बनाए रखना है, तो कम से कम 1 लाख करोड़ रुपयों का बजट आबंटन करना होगा और विधेयक के प्रावधानों के अनुसार, इसका 40 प्रतिशत याने लगभग 40000 करोड़ रुपयों का बोझ राज्य सरकारों को उठाना होगा। इससे पहले से ही आर्थिक रूप से संकटग्रस्त राज्य सरकारों पर अवहनीय वित्तीय बोझ पड़ेगा, जबकि राज्यों के वित्तीय संसाधनों के पूरे स्रोत पहले ही केंद्र



सरकार ने हड़प लिए हैं। इससे ग्रामीण रोजगार कार्यों के सृजन से ही राज्य बचने की कोशिश करेंगे। यदि मोदी सरकार केंद्र के वर्तमान आबंटन को ही राज्यों के साथ साझा करेगी, तो योजना की वर्तमान गुणवत्ता को भी बनाए रखना मुश्किल होगा, क्योंकि सरकार का यह रुख इस कार्यक्रम के दायरे को और सीमित कर देगा और केंद्र की जवाबदेही को कम करेगा।

हमारे देश का किसान आंदोलन इस योजना में 250 दिनों का रोजगार देने और मजदूरी दर 750 रुपए करने की मांग को लेकर निरंतर आंदोलन कर रहा है। संसद की स्थायी समिति ने भी न्यूनतम मनरेगा मजदूरी 400 रुपए प्रतिदिन करने की सिफारिश की है। इसको नजरअंदाज करते हुए मोदी सरकार ने अपने ही अंदाज में इस योजना में न्यूनतम मजदूरी 240 रुपए प्रतिदिन का प्रावधान कर दिया है, जबकि भाजपा शासित राज्यों सहित कई राज्यों में मजदूरी की दर इससे बहुत ऊंची है। इसलिए यह न्यूनतम मजदूरी कई राज्यों को इस रोजगार योजना के लिए मजदूरी कम करने या फिर लंबे समय तक उन राज्यों में चल रही मजदूरी दरों पर ही स्थिर रहने को प्रेरित करेगा। वास्तविकता तो यह है कि मनरेगा के लिए दी जा रही मजदूरी शहरों में असंगठित क्षेत्र के अकुशल मजदूरों के लिए घोषित न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। इसके बावजूद भाजपा सरकार ग्रामीण गरीबों की आजीविका की कीमत पर कॉरपोरेट हितों को बढ़ावा दे रही है। इसलिए इस विधेयक का नाम रोजगार और आजीविका मिशन (राम) से जोड़ना ही हास्यास्पद है, लेकिन आम जनता को भ्रमित करने और समाज के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने के लिए यह नाम रखा जा रहा है। नामों को बदलना और काम की गुणवत्ता को गिराना - इस सरकार की निशानी ही बन गया है।

मोदी सरकार ने इस विधेयक को संसद में रखते हुए मनरेगा के जिस आधुनिकीकरण की बात की है, उसके लिए मनरेगा को खत्म करने की जरूरत ही नहीं थी। राजनीतिक पार्टियों, ट्रेड यूनियनों तथा ग्रामीण गरीबों के संगठनों के साथ परामर्श करके और मनरेगा के नियमों में व्यापक सहमति के साथ बदलाव करके वह इसे आसानी से कर सकती थी। इससे मनरेगा और मजबूत होता और एक सार्वभौम तथा मांग-आधारित रोजगार गारंटी के रूप में इसका प्रभावी परिपालन सुनिश्चित किया जा सकता है। लेकिन सरकार का वास्तविक मकसद तो मनरेगा के इसी चरित्र को खत्म करना है। इसलिए समग्रता में यह नया विधेयक संविधान के अनुच्छेद 21 और 23 को भी निष्प्रभावी करता है, जो अपने नागरिकों को सम्मानपूर्वक आजीविका कमाने का अधिकार देता है। महात्मा गांधी ने समाज के सबसे अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के आंसू पोंछने की बात की थी। तत्कालीन संप्रग सरकार पर वामपंथी पार्टियों के दबाव के बाद बना मनरेगा इसी का एक प्रयास था। इसने आदिवासियों, दलितों और आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को आजीविका का सहारा दिया है। लेकिन कॉरपोरेटों का हित साधने के लिए मोदी सरकार ने महात्मा गांधी के इसी लक्ष्य को 'जै राम जी' कह दिया है।

**(आलेखः संजय पराते)**

# अराजक मोड़ पर बांग्लादेश

बांग्लादेश आज जिस उथल-पुथल से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। शेख़ हसीना के सत्ता से हटने के बाद पैदा हुआ राजनीतिक शून्य अब एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, जहाँ सत्ता, सड़कों और विचारधाराओं के बीच का टकराव हिंसक रूप ले चुका है। छात्र नेता और उभरते जनाक्रोश आंदोलन के प्रतीक चेहरे शरीफ़ उस्मान हादी की हत्या ने इस अस्थिरता को विस्फोटक दिशा दे दी है। यह घटना अपने-आप में जितनी दुखद और भयावह है, उससे कहीं अधिक गंभीर इसके राजनीतिक और सामाजिक निहितार्थ हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार मूलतः एक संक्रमणकालीन व्यवस्था है, जिसके पास न तो जनादेश की नैतिक ताकत है और न ही प्रशासनिक मशीनरी पर वैसी पकड़, जो गहरे राजनीतिक संकट को संभाल सके। निष्पक्ष चुनाव, संस्थागत सुधार और कानून-व्यवस्था बहाल करने के वादों के बावजूद सरकार पर लगातार यह आरोप लग रहे हैं कि वह न तो समयबद्ध निर्णय ले पा रही है और न ही विभिन्न राजनीतिक शक्तियों के बीच विश्वास कायम कर पा रही है। फरवरी 2026 के लिए घोषित आम चुनाव अभी दूर हैं, और उससे पहले ही अवामी लीग द्वारा पूरी चुनाव प्रक्रिया को 'पक्षपाती' और 'फासिस्ट' बताकर खारिज कर देना इस आशंका को बल देता है कि आने वाले महीनों में टकराव और तेज़ होगा।

ऐसे माहौल में शरीफ़ उस्मान हादी की हत्या एक ट्रिगर की तरह सामने आई। हादी केवल एक छात्र नेता नहीं था; वह 2024 के छात्र-आंदोलन और तथाकथित 'जुलाई क्रांति' का प्रतीक बन चुका था। उसकी हत्या को अलग-अलग राजनीतिक खेमे अपने-अपने हिसाब से परिभाषित कर रहे हैं—कोई इसे पुराने सत्ता तंत्र की साज़िश बता रहा है, तो कोई इसे उभरते जनतांत्रिक नेतृत्व को कुचलने की कोशिश कह रहा है। जांच में कुछ संदिग्धों के भारत की ओर भागने की आशंका ने इस पूरे घटनाक्रम को अंतरराष्ट्रीय रंग दे दिया और गुस्से का रुख़ भारत की तरफ़ मोड़ दिया गया।

भारत-विरोधी नारे, भारतीय उच्चायोग और वीज़ा केंद्रों के बाहर हिंसक प्रदर्शन, और 'भारतीय मिशन बंद करो' जैसी मांगें यह दिखाती हैं कि आंतरिक असंतोष को बाहरी दुश्मन की ओर मोड़ना कितना आसान और राजनीतिक रूप से उपयोगी होता है। बांग्लादेश की युवा राजनीति में पहले से मौजूद यह धारणा कि भारत शेख़ हसीना का संरक्षक रहा है, इस आग में घी का काम कर रही है। अंतरिम सरकार की प्रशासनिक कमजोरी और स्पष्ट संवाद की कमी ने अफ़वाहों और उग्र नैरेटिव को खुला मैदान दे दिया है। यहाँ सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बांग्लादेश के इतिहास में राजनीतिक हिंसा अक्सर बहुत जल्दी साम्प्रदायिक रूप ले लेती है। 2021 और 2024 के बाद के अनुभव बताते हैं कि जब राज्य की पकड़ ढीली होती है, तो भीड़ का गुस्सा सबसे पहले अल्पसंख्यकों पर टूटता है।

मौजूदा हालात में भी यह खतरा वास्तविक है। हालिया घटनाओं में हिन्दू समुदाय के खिलाफ़ हिंसा की खबरें और मयमन सिंह जैसे इलाकों में भीड़ द्वारा हत्या की घटनाएँ इस आशंका को पुष्ट करती हैं कि राजनीतिक अराजकता फिर से धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए असुरक्षा का माहौल बना सकती है।

भारत-बांग्लादेश संबंध इस समय स्पष्ट रूप से तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। एक ओर ढाका भारत पर हमलावरों को शरण देने जैसे आरोपों के जरिए घरेलू दबाव को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है, तो दूसरी ओर दिल्ली ने अपने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा को लेकर कड़ी चिंता जताई है और कूटनीतिक स्तर पर विरोध दर्ज कराया है। वीज़ा सेवाओं में कटौती और सीमित आवाजाही जैसे कदम दोनों देशों के आम नागरिकों पर भी असर डाल रहे हैं। यह स्थिति न तो भारत के हित में है और न ही बांग्लादेश के, लेकिन राजनीति में तात्कालिक लाभ अक्सर दीर्घकालिक नुकसान को अनदेखा कर देता है।

इस पूरे संकट में अंतरिम सरकार की भूमिका निर्णायक होनी चाहिए थी, लेकिन वह अब तक प्रतिक्रियात्मक ही दिखी है। राष्ट्रीय शोक, आधा झुका ध्वज और कुछ गिरफ्तारियाँ प्रतीकात्मक



कदम हैं; वे सड़कों पर फैले अविश्वास और गुस्से को शांत करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। जरूरत एक पारदर्शी, विश्वसनीय और तेज़ जांच की है, जो किसी भी राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर सच्चाई सामने ला सके। साथ ही, सभी प्रमुख राजनीतिक शक्तियों के बीच संवाद का रास्ता खोलना भी अनिवार्य है, वरना चुनाव तक यह अस्थिरता और हिंसा बांग्लादेश को एक ऐसे दलदल में धकेल सकती है, जहाँ से निकलना मुश्किल होगा।

दक्षिण एशिया के संदर्भ में देखें तो बांग्लादेश की अस्थिरता केवल उसकी सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगी। सीमा सुरक्षा, व्यापार, शरणार्थी संकट और क्षेत्रीय कट्टरता—ये सभी मुद्दे इससे प्रभावित होंगे। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह संयम और कूटनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए अपने नागरिकों, मिशनों और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, बिना इस नैरेटिव को और मजबूत किए कि वह बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में दखल दे रहा है।

अंततः, शरीफ़ उस्मान हादी की हत्या एक व्यक्ति की मौत से कहीं अधिक का संकेत है। यह बांग्लादेश के सत्ता- संक्रमण की विफलताओं, राजनीतिक ध्रुवीकरण, उग्र राष्ट्रवादी-इस्लामी विमर्श और अल्पसंख्यक असुरक्षा के संकट का प्रतीक बन चुकी है। अगर इस क्षण को केवल बदले और आरोप-प्रत्यारोप के जरिए जिया गया, तो नुकसान अपूरणीय होगा। बांग्लादेश के लिए यह आत्ममंथन का समय है—कि वह लोकतांत्रिक संक्रमण को हिंसा के रास्ते से गुजारेगा या संवाद, न्याय और संवैधानिक मर्यादा के सहारे। यही फैसला आने वाले वर्षों में न केवल उसके भविष्य, बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता तय करेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गीडा भूमि अधिग्रहण के खिलाफ मल्हीपुर में उबाल, तहसील पहुंचे ग्रामीण–बेघर होने की आशंका पर फूटा गुस्सा



**सहजनवां (गोरखपुर)।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) द्वारा प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में सहजनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम मल्हीपुर के ग्रामीणों का आक्रोश शुक्रवार को खुलकर सामने आ गया। करीब डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी सहजनवां केशरी नंदन तिवारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि गीडा द्वारा ग्राम मल्हीपुर की कृषि भूमि के अधिग्रहण की सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की गई है। प्रस्तावित अधिग्रहण की जद में लगभग 200 मकान और एक विद्यालय भी आ रहे हैं। यदि यह अधिग्रहण लागू हुआ तो सैकड़ों ग्रामीण परिवार बेघर हो जाएंगे और उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गीडा द्वारा पूर्व में भी तीन बार भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है, जिससे गांव का बड़ा हिस्सा पहले ही प्रभावित हो चुका है। अब चौथी बार अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने से ग्रामीणों की चिंताएं और बढ़ गई हैं। इस बार कुल 155 गाटा (खसरा नंबर) को लेकर ग्रामीणों ने विधिवत आपत्तियां दर्ज कराई हैं, लेकिन उनका कहना है कि अब तक उन आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।

### बलिदान दिवस पर क्षत्रिय समाज ने किया अमर शहीदों का स्मरण, प्रताप सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**गोरखपुर।** आजादी के महानायक अमर बलिदानी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां के बलिदान दिवस पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं प्रताप सभागार फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में क्षत्रिय भवन प्रताप सभागार, तारामंडल रोड गोरखपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट रंजनय सिंह ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री राधेश्याम चंद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। मंच से प्रिया शुक्ला ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि इन क्रांतिकारियों ने देश को आजाद कराने के लिए युवाओं का संगठन एचआरए (हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन) बनाया और संगठन को मजबूत करने हेतु काकोरी कांड जैसे साहसिक कदम उठाए। इंद्रजीत सिंह चंदेल ने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे आर्य समाज से जुड़े और अपनी विद्वता, लेखनी व क्रांतिकारी विचारों से युवाओं को प्रेरित करते रहे। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह सारथी, पूर्व जिला अध्यक्ष राममोहन शाही सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### तारीख पर आये युवक से मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम सैदपुर के मजरा मुडिया में रहने वाले जानकी प्रसाद पुत्र भुजवल ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पत्नी से न्यायालय में भरण-पोषण का मुकद्दमा विचाराधीन हैं। यहां 20 दिसम्बर को वह कोर्ट में तारीख पर आया था, जहां उसकी पत्नी भी हाजिर थी। आरोप है कि तारीख करके जब वह अपराह्न 1 बजे कचहरी चौराहा पहुंचा तो वहां पत्नी व उसके साथ आया सैदपुर का एक युवक ने उसे रोका और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### सौजना पुलिस ने वांछित पकड़ा

**ललितपुर।** सौजना थाना पुलिस ने दर्ज मुकद्दमा 200/2025 धारा 137(2), 65(1), 87 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना बड़ागांव ग्राम ककरवाहा के मोहल्ला वीरनगर निवासी राजू उर्फ भज्जू कुशवाहा पुत्र खज्जू कुशवाहा को हिरासत में लिया है। वांछित को पकडने् वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सौजना अजय पाल सिंह, उ.नि.प्रवीण गिरि, हे.कां. नीरज कुमार शामिल रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में गंदे पानी का डिब्बा लेकर पहुंचा ग्रामीण, अधिकारियों में मचा हड़कंप, 64 शिकायतें दर्ज, सिर्फ 7 का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर-** शनिवार को सहजनवां तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब नगर पंचायत घघसरा क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी देवी शरण एक डिब्बे में हैंडपंप से निकल रहा गंदा और बदबूदार पानी लेकर सीधे तहसील पहुंच गए। ग्रामीण द्वारा अधिकारियों के समक्ष डिब्बा खोलते ही वहां मौजूद अधिकारी और कर्मचारी हैरान रह गए। यह दृश्य प्रशासन की कार्यप्रणाली और जमीनी हकीकत को उजागर करता नजर आया। पीड़ित देवी शरण ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत घघसरा द्वारा लगाए गए रीबोर हैंडपंप को जानबूझकर खराब कर दिया गया है, जिससे लोगों को पीने के लिए दूषित पानी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे मजबूर होकर उन्हें गंदा पानी लेकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में आना




पड़ा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सहजनवां केशरी नंदन तिवारी ने मौके पर ही जल निगम के जेई को तलब कर हैंडपंप को तत्काल ठीक कराने और शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई के संकेत भी दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी चंद्रमणि वर्मा ने की। इस दौरान कुल 64 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से मात्र 7 मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो सका। शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। विभागवार आंकड़ों पर नजर डालें तो राजस्व से जुड़े 28, पुलिस के 18, विकास के 5, शिक्षा का 1, आपूर्ति के 4 तथा अन्य 8 मामले दर्ज किए गए। राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए विशेष राजस्व टीम का गठन किया गया है, जबकि पुलिस से जुड़े मामलों में जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। कार्यक्रम में एसडीएम केशरी नंदन तिवारी, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी धर्मेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ सत्यकाम तोमर, अधीक्षक डॉ. व्यास कुशवाहा, डॉ. सतीश सिंह, एसएचओ अश्वनी पाण्डेय, थानेदार महेश कुमार चौबे, ईओ सूर्यकांत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में गंदे पानी की यह घटना न सिर्फ प्रशासन के लिए चेतावनी है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।

## खज़नी उनवल प्रीमियम लीग (UPL) सीजन-3 का भव्य आगाज, विधायक प्रदीप शुक्ला ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** नगर पंचायत उनवल के स्व. वृंदावन तिवारी स्टेडियम में उनवल प्रीमियम लीग (UPL) सीजन-3 का शानदार शुभारंभ शनिवार को उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। उद्घाटन अवसर पर सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने बल्लेबाजी कर, जबकि नगर पंचायत चेयरमैन एडवोकेट महेश कुमार दूबे ने गेंदबाजी कर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला ने खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से खिलाड़ी का सामाजिक, मानसिक, शारीरिक और आर्थिक विकास होता है। यही खिलाड़ी आगे चलकर क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं। खेल वह माध्यम है जिसमें एक टीम जीतती है तो दूसरी टीम सीखती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश की भाजपा सरकार ने खेल और खिलाड़ियों के विकास को नई दिशा दी है। प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया और सहजनवां में मिनी स्टेडियम की स्थापना कर ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया।

उन्होंने गर्व के साथ कहा कि सहजनवां विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत उनवल पहला ऐसा ग्रामीण क्षेत्र है जहां लगातार तीसरे वर्ष प्रीमियम लीग का आयोजन हो रहा है, जिसका उद्घाटन करने का उन्हें सौभाग्य मिला है। ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करते हैं। उद्घाटन से पूर्व राष्ट्रगान हुआ, इसके बाद विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच दस ओवर का हरिओम ज्वेलर्स और जय हो टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर हरिओम ज्वेलर्स ने पहले गेंदबाजी चुनी। जय हो टीम ने 10 ओवर में 7 विकेट पर 56 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हरिओम ज्वेलर्स ने 9 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए जितेंद्र यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। चेयरमैन एडवोकेट महेश कुमार दूबे ने कहा कि नगर पंचायत में क्रिकेट और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष UPL का आयोजन किया जा रहा है और जल्द ही उनवल में खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनार्दन तिवारी, तैयब अहमद, राम बुझारत पासवान, उमाशंकर निषाद सहित नगर पंचायत के सभासद और हजारों क्रिकेट प्रेमी मौजूद।

### पानी की टिक्की लेने गयी किशोरी लापता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 17 दिसम्बर को शाम करीब 5 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से पानी की टिक्की लेने गयी हुयी थी, जिसके बाद से वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी। जिस पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि उसने घर में देखा तो उसकी पुत्री का स्कूल बैग, एक की-पैड मोबाइल मिला, जिसमें सिम नहीं थी। उक्त मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति का मोबाइल नम्बर डायल था। उक्त नम्बर पर उसने काफी सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं लगा। अब पीड़ित ने अपनी पुत्री की जानमाल को खतरा बताया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 16 मामले निस्तारित

**●-63 में से 47 ठन्डे बस्ते में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** शनिवार को रुद्रपुर के तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 16 मामलों का निस्तारण किया गया जबकि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की उपस्थिति के बावजूद 63 में से 47 मामले ज्यों के क्यों पड़े रहे। संपूर्ण समाधान दिवस और अपूर्ण समाधान दिवस में तब्दील हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को तहसील दिवस में राजस्व के 32 मामले, पुलिस विभाग से संबंधित 12 मामले व विकास से संबंधित 4 मामले आए। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से जुड़े 15 फरियादियों ने अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। डीएम दिव्या



मित्तल की उपस्थिति में राजस्व के 16 मामलों का समाधान कर दिया गया किंतु 63 में से 47 मामले पेंडिंग में डाल दिए गए। शीत लहर में आयोजित तहसील दिवस में हालांकि फरियादियों की संख्या कम रही किंतु ज्यादातर मामलों का निस्तारित ना होना संपूर्ण समाधान दिवस की महत्ता पर सवालिया निशान लगा रहा है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी हरिशंकर लाल तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रक दुर्घटना में मृतक युवक के परिजनों से मिले सेवार्थम फाउंडेशन के संरक्षक, दी आर्थिक मदद, आगे भी सहयोग का दिया भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ सुल्तानपुर-** कोतवाली लंभुआ क्षेत्र के रामपुर कुर्मियान में बृहस्पतिवार को हुई एक दर्दनाक ट्रक दुर्घटना में नरेन्द्रपुर नवयुवक की असमय मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद सामाजिक संस्था सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक डॉ आशीष तिवारी ने फाउंडेशन के संरक्षक एडवोकेट उमेश चंद्र त्रिपाठी मृतक युवक के परिजनों से मिलने उनके निवास पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को तत्काल पचास हजार रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की तथा भविष्य में भी हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में मृत युवक रोहित अग्रहरि पुत्र लालजी अपने परिवार का मुख्य सहारा था। लाल जी के दो पुत्रों के पहले ही असामयिक मौत हो चुकी है अब अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। आर्थिक स्थिति



पहले से ही कमजोर होने के कारण परिवार को जीवन यापन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे कठिन समय में सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा आगे आकर मदद किया जाना परिवार के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। संरक्षक ने परिजनों से बातचीत करते हुए कहा कि सेवार्थम फाउंडेशन समाज के जरूरतमंद और पीड़ित लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक मदद तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य में भी परिवार को किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर संस्था उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने परिवार के बच्चों की शिक्षा और अन्य आवश्यक जरूरतों में सहयोग करने की बात भी कही। इस अवसर पर फाउंडेशन के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने मृतक युवक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

पीड़ित परिवार ने सेवार्थम फाउंडेशन और उसके संरक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में मिली सहायता से उन्हें बड़ा संबल मिला है। उन्होंने कहा कि जब हर ओर से निराशा घेर लेती है, तब ऐसे सामाजिक संगठनों का सहयोग उम्मीद की नई किरण लेकर आता है। सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा की गई यह पहल समाज में मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो अन्य लोगों और संस्थाओं को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर अमित तिवारी, मनोज मिश्रा, हरिओम अग्रहरि, राम अनुज धुरिया, चंद्रकेश मिश्रा, ओम प्रकाश गुप्ता समेत टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## बैतालपुर चीनी मिल चालू कराने की मांग को लेकर धरना 334वें दिन जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा एवं संयुक्त महा मोर्चा के तत्वावधान में बैतालपुर चीनी मिल को पुनः चालू कराने की मांग को लेकर देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा धरना शनिवार को एक वर्ष 334वें दिन भी जारी रहा। धरने में बड़ी संख्या में किसान एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धरने को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश कृषि प्रधान है, लेकिन अन्नदाता किसान अपनी जायज मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं और सरकार पर इसका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा देवरिया में आयोजित जनसभाओं में वर्ष 2018 से अब तक चार बार बैतालपुर चीनी मिल चलाने की घोषणा की जा चुकी है, लेकिन आज तक इसे चालू करने की कोई ठोस प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बैतालपुर चीनी मिल नहीं चलाई गई, तो किसान गांव-गांव जाकर जनजागरण करते हुए व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे। आंदोलन से उत्पन्न होने वाली स्थिति की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरने में विकास दुबे, पंडित वेद प्रकाश, बरकत अली, संजीव शुक्ला, विनय मिश्रा, मंजू चौहान, मिथिलेश पांडेय, प्रमोद कुमार, जवाहर चौहान, दिनेश कुमार पांडेय, सचिन यादव, जयराम यादव, विजय शंकर कर्मयोगी, नईम खान, नींबू लाल गुप्ता, अग्रसेन सिंह, रामनिवास पांडेय, रामनारायण यादव, रामप्रीत सिंह, रामलाल गुप्ता, सुदामा यादव, कन्हैयालाल चौहान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## महीनों से खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप, शुद्ध पेयजल की संकट

**●सीघ्र ही इंडिया मार्का हैंडपंप को सही करवाने का एडीओ पंचायत ने दिया आश्वासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी टोला नौडिहवा तिराहे पर स्थित रमेश के दुकान के सामने मौजूद इंडिया मार्का हैंडपंप महीनों से खराब पड़ा है। हैंडपंप खराब होने से आस-पास के लोगों के सामने शुद्ध पेयजल की संकट उत्पन्न हो गई है। खराब पड़े हैंडपंप को ठीक कराने को लेकर जिम्मेदार मौन है। जिम्मेदारों द्वारा ध्यान न दिए जाने से आस-पास के लोगों को शुद्ध पेयजल को लेकर काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। हैंडपंप के खराब होने के कारण आस-पास के ज्यादातर लोगों को साधारण हैंडपंप से दूषित जल पीना पड़ रहा है। दूषित जल पीने से उनमें बीमारियों के पनपने के आसार भी बन रहे हैं। ग्रामीण विपुल, रहीम, अरूण कुमार सिंह, हरी प्रसाद, निजामुद्दीन, जनार्दन, रमेश, शैलेश, उषा, पल्लवी समेत अन्य लोगों ने बताया कि करीब महीने दिनों से इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़ा है। ऐसे में शुद्ध पेयजल के लिए हैंडपंप ही एक सहारा था लेकिन अब हैंडपंप खराब होने से मजबूरन साधारण हैंडपंप से दूषित पानी पीना पड़ रहा है। उक्त लोगों ने विभागीय अधिकारियों से खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप को सीघ्र सुचारू करवाने की मांग की है। इस संबंध में पंचायत सहायक विकास अधिकारी रामकृष्ण प्रसाद ने बताया कि सीघ्र ही खराब हैंडपंप को सही करवा दिया जाएगा।

### जिलाधिकारी के सामने पेट्रोल छिड़का फिर बोला ऐसे ही न्याय मिलता है

**घाटमपुर।** कानपुर के नरवल तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह सुनवाई कर रहे थे ,इस दौरान एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डाल लिया, चिल्लाने लगा सर हमारी कोई नहीं सुनता,आज जान दे देंगे, थानाध्यक्ष हमारी सुन नहीं रहें हैं, मां के साथ मैं न्याय के लिए भटक रहा हूं आनन फानन वहां मौजूद पुलिस वालों ने घेरा बनाकर युवक को पकड़ लिया, पुलिस साइड में ले गई, उसके कपड़े चेंज करवाएं, आत्मदाह की कोशिश करने वाले बउवन ने कहा हमने फिल्मों देखा था कि प्रशासन ऐसे नहीं सुनता है, इसलिए पेट्रोल डाल लिया,अब हमें जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आश्वासन दिया है,कि चलो अभी निर्णय करते हैं, पीड़ित बउवन सिंह ने कहा कि मैं नरवल थाने के करविगवा साढ़ गांव का रहने वाला हूं, परिवार के ही सतेंद्र,अभय सिंह और अखिलेश ने मेरे घर की नाली तोड़कर बंद कर दी है इसके कारण मेरे कच्चे मकान में नाली का पानी भर रहा है, इससे घर गिरने का खतरा बना हुआ है,बउवन ने कहा कि पड़ोसी धमकाते हैं कि मेरा बेटा फ़ौज में है, कहीं भी शिकायत कर लो, कुछ नहीं होगा, मां के साथ थाने , गया,उपजिलाधिकारी,से लेकर लखनऊ तक न्याय के लिए गया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई, मां रानी ने कहा पड़ोसी महिलाओं ने सीने पर चढ़कर मुझे मारा पीटा पुलिस के पास गई तो उन्होंने भगा दिया, बताया कि जब भी नाली ठीक करतीं हूं गाली गलौज करते हैं इस संबंध में नरवल थाने, तहसील में कई बार शिकायत पत्र दिया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

## गोला तहसील में स्थित ग्राम न्यायालय में सिविल के आगमन के बाद लंबित फाइलों को मंगाने की उठी मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर ।** गोला तहसील परिसर में स्थित ग्राम न्यायालय में सिविल कोर्ट आने के बाद प्रशासनिक गतिविधियों में तेजी दिखने लगी है। इसी क्रम में विभिन्न विभागों में लंबे समय से लंबित पड़ी फाइलों को मंगाकर शीघ्र निष्पादन करने की मांग जोर पकड़ने लगा है। स्थानीय अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों का कहना है कि कई महत्वपूर्ण फाइलें महीनों से पेंडिंग हैं, जिससे विकास कार्य और जनसमस्याओं के समाधान में अनावश्यक देरी हो रही है। अब जब नए सिविल कोर्ट की मंजूरी मिल जाने के बाद तो लोगों की उम्मीद और बढ़ गई है कि प्रशासनिक प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और रुके हुए मामलों का जल्द निपटारा होगा। सूत्रों के अनुसार, कुछ मामलों में संबंधित फाइलें अन्य कार्यालयों में अटकी हुई हैं, जबकि कई फाइलें प्रक्रिया के अभाव में आगे नहीं बढ़ पाईं। ऐसे में प्रशासन से मांग की जा रही है कि सभी लंबित फाइलों की समीक्षा कर उन्हें तत्काल गोला मंगाया जाए, ताकि समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।और यदि पेंडिंग फाइलों का शीघ्र निष्पादन होता है तो आम जनता को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। प्रशासनिक स्तर पर भी इस मांग को गंभीरता से लिए जाने की चर्चा है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन गोला अध्यक्ष रन्तीदेव मिश्र,मंत्री अमोद गौड,पूर्व अध्यक्ष गिरिजेश शाही,पूर्व मंत्री शंकरानन्द शुक्ल, रामलखन राय, शम्भू प्रसाद मिश्र, कृष्ण चन्द मौर्य, श्रीनिवास पांडेय, वंशबहादुर गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, सतीश उमर, सूर्यप्रकाश यादव आदि अधिवक्त गण मौजूद रहे।

### निराश्रित पशुओं से किसान हो रहे है परेशान ठंड में जागरण कर खेतों में उगी फसल की रखवाली करने को बने मजबूर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर -** नगर पंचायत गोला में निराश्रित पशुओं का आतंक मुख्य बाजार से लेकर विस्तारित क्षेत्र के किसानों के खेतों तक बना हुआ है। छुट्टा पशुओं को लेकर शासन की मंशा का कोई भी असर नगर के जिम्मेदार अधिकारियों में नहीं दिख रहा है फसल को बचाने के लिए किसान इस कड़ाके की ठंड मौसम में रात भर रातजगा करने को मजबूर हो रहे है। फसल को बचाने के चक्कर में बहुत से किसानों को ठंड भी लग गया है। विस्तारित क्षेत्र के भीटी, रामामऊ भड़सड़ा, रानीपुर, मन्नीपुर और बांहपुर के किसानो का कहना है कि इस गलन भरी ठंड में दर्जन भर से अधिक छुट्टा पशु दिन में और रात में भी फसल को चर कर नुकसान पहुंचा रहे हैं जब हम लोग उनको भागने करने के लिए जाते हैं तो



वह हमला भी कर देते हैं हम लोग इन निराश्रित पशुओं से बहुत परेशान है शासन की तरफ से कोई सुनवाई नहीं हो रही है यह पशु जब दिन में सड़कों पर चलते हैं तो बहुत सारे दुर्घटना का कारण भी बना रहे हैं । सरकार की मंशा है कि किसान के फसलों को बचाने के लिए निराश्रित व छोटा पशुओं को पड़कर स्थाई या अस्थाई गौशालाओं में छोड़ दिया जाए लेकिन गोला नगर पंचायत में यह शासन के मानसा के विपरीत काम हो रहा है इन निराश्रित व छुट्टा पशुओं का सुध लेने वाला कोई नहीं है किसानों ने शासन व प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इसका निवारण किया जाए।

### मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**देवरिया।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर देवरिया पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं 'शक्ति दीदी' अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों के स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों पर छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान डायल-112, 1090, 181, 1098, 1930 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने पम्पलेट वितरित कर महिलाओं को निर्भीक होकर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और सुरक्षा के प्रति सजग करना रहा।

## सुवन्स मिलेनियम में मैराथन दौड़ के साथ उगा सूरज!

**●मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मनोज कुमार रावत अपर पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** शनिवार की सुबह गोंडा जनपद के सुवन्स मिलेनियम पब्लिक स्कूल जानकीनगर में जनपद की दूसरी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र-छात्राओं के अलावा प्रदेश स्तर के एथलीट छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मैराथन में 8 किलोमीटर की दौड़ में हिमांशु सिंह जनपद अयोध्या ने प्रथम, बालेश्वर दीन जनपद चंदौली ने द्वितीय एवं बॉबी कुमार राणा जनपद श्रावस्ती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ में माधुरी यादव जनपद सुल्तानपुर ने प्रथम, नैना द्विवेदी जनपद श्रावस्ती ने द्वितीय एवं मधु वर्मा सहदुल्लानगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 5 किलोमीटर में भीम



प्रताप गुप्ता जनपद गोंडा ने प्रथम, राजा बाबू जनपद गोंडा ने द्वितीय, यज्ञ प्रताप सिंह जनपद गोंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।2 किलोमीटर मैराथन दौड़ में सनाया सोनकर जनपद गोंडा ने प्रथम, पूर्वी गिरी जनपद गोंडा ने द्वितीय, मानवी गोस्वामी जनपद गोंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मनोज कुमार रावत अपर पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि आर बी सिंह बघेल, अशोक कुमार सोनकर जिला क्रीड़ा अधिकारी ने सभी प्रथम विजेता प्रतिभागी को 6100 द्वितीय विजेता प्रतिभागी को 5100 तृतीय विजेता प्रतिभागी को 3100 देकर सम्मानित किया व सुवन्स मिलेनियम पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित जनपद की द्वितीय मैराथन दौड़ की सराहना करते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना






की। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या रीना तिवारी ने बताया कि विद्यालय परिवार सदैव खेल से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहता है, विद्यालय परिवार ने जनपद की द्वितीय मैराथन दौड़ आयोजित कर स्वस्थ एवं फिट रहने का बड़ा संदेश देने का काम किया है।प्रधानाचार्या रीना तिवारी ने स्पोर्ट्स टीचर शाहीन एवं दीपक सहित सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण ने हर्ष व्यक्त किया।

## भेदभाव के विरुद्ध समता के पैरोकार थे संत गाडगे : चंद्रभूषण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर संत गाडगे बाबा के स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि संत गाडगे बाबा भेदभाव के घोर विरोधी और सामाजिक समता के सशक्त पैरोकार थे। उन्होंने जीवनभर बहुजनों की शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक उत्थान के लिए संघर्ष किया। यादव ने कहा कि संत गाडगे बाबा का स्पष्ट मत था कि यदि कोई देवता मानव को समान न माने और मंदिर प्रवेश से अपवित्र हो जाए, तो ऐसे देवता की पूजा का कोई औचित्य नहीं है। उनका चिंतन समाज को अंधविश्वास, छुआछूत और असमानता से मुक्त करने वाला था। उन्होंने बताया कि अनुसूचित वर्ग के धोबी समाज में जन्मे डेबू जी उर्फ संत गाडगे बाबा स्वयं अपढ़ रहे, लेकिन उन्होंने समाज में फैली अशिक्षा और साहूकारों द्वारा किए जाने वाले शोषण को गहराई से समझा। इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने कहा था कि समाज की तरक्की के लिए मंदिरों से अधिक पाठशालाओं और धर्मशालाओं की आवश्यकता है। स्मृति दिवस कार्यक्रम में रामप्यारे यादव, सुरेश नारायण सिंह, संजय यादव, संतोष मद्धेशिया, बिंदेश्वर यादव, नाजिर अंसारी, रामहर्ष यादव, नगीना यादव, नारायण प्रसाद, मुस्तकीम प्रधान सहित अनेक समाजवादी कार्यकर्ताओं ने संत गाडगे बाबा को नमन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जौराहा नदी पर अवैध पुल निर्माण को लेकर जांच करने पहुंचे अधिकारी

**सिंगाही खीरी।** मांझा पंचायत में आवंटित खनन पट्टा ठेकेदारों द्वारा जौराहा नदी पर बनाए गए पुल की शिकायत के बाद डीएम के आदेश पर गठित टीम जांच करने पहुंची। जिसमें एसडीएम के साथ लोक निर्माण विभाग और खनन अधिकारी शामिल रहे। इलाके में बहने वाली जौराहा नदी जो कि अभिलेखों में नाला दर्ज है। उसमें खनन के लिए खनन विभाग की ओर से पट्टा आवंटित किया गया है। खनन की बालू निकालने के लिए ठेकेदार की ओर से जौराहा नदी पर ह्यूम पाइप डालकर पुल बनाया गया है। इसकी जानकारी होने के बाद से मांझा के ग्रामीण इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत लखीमपुर जाकर डीएम कार्यालय में भी की थी। इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इसकी जांच के लिए एसडीएम निघासन, लोक निर्माण विभाग के और खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह को नामित कर टीम गठित की है। शनिवार को निघासन एसडीएम राजीव निगम,लोक निर्माण विभाग से जेई पीके सरोज और खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। इसकी जानकारी मिलने के बाद भारी संख्या में पुल के पास पहुंच गए और खनन स्थल पर कटान का हवाला देकर खनन पट्टा आवंटन का विरोध किया। इस दौरान एसडीएम के साथ टीम ने ग्रामीणों द्वारा बनाए गए लकड़ी के पुल का भी निरीक्षण किया गया।

### हमलावरों ने कार सवार 6 युवकों को पीटा

**» पलिया-भीरा के मध्य ग्राम अतरिया की घटना, पीड़ितों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर की कार्रवाई की मांग**

**» पलिया-भीरा के बीच ग्राम अतरिया के पास कुछ लोगों ने कार सवारों के साथ मारपीट की।**



**पलिया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी सत्येन्द्र पुत्र कमलेश, अभिषेक पुत्र रमेश, रितेश पुत्र सुरेश, अभय पुत्र त्रिभुवन, सत्यवीर पुत्र मगन एवं रिषभ ऊर्फ गोलू पुत्र विनोद ने पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया है कि वो लोग शुक्रवार की रात करीब दस बजे भीरा की ओर से अतरिया होते हुए कार द्वारा अपने घर बड़ागांव जा रहे थे। रास्ते में ग्राम अतरिया के पास लगभग बीस लोगों ने उनकी कार रोक ली और बिना पूछताछ किए मारपीट करने लगे। हमलावरों ने सभी की बेरहमी से पिटाई की और गाली-गलौज भी किया। आरोप है कि उन लोगों के पास अवैध असलहे भी थे। जब उन लोगों ने बताया कि हम लोग बड़ागांव रहते हैं, तभी सारे हमलावर वहां से भाग गये। पीड़ितों ने बताया कि हमलावर अपनी एक प्लेटिना बाइक संख्या यूपी 31 सीई 0128 भी मौके पर छोड़कर फरार हो गये। जिस बाइक को उन लोगों ने कोतवाली में जमा कर दिया है। पीड़ितों ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ितों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### अतरिया मारपीट प्रकरण में दूसरा पक्ष भी पहुंचा तहसील

**एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग**



**पलियाकलां-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अतरिया में शुक्रवार की रात हुए मारपीट प्रकरण में शनिवार को दूसरा पक्ष भी तहसील पहुंच गया। पीड़ित पक्ष के बाद अब दूसरे पक्ष के लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने पहुंचे मुमताज, आरिफ सहित अन्य लोगों ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने सुरेन्द्र पाल सिंह के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार नहीं किया है और न ही उनकी पगड़ी के साथ कोई छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार एवं बेबुनियाद हैं। दूसरे पक्ष का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए, जिससे सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जांच में वे दोषी पाए जाते हैं तो प्रशासन द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को वे स्वीकार करेंगे। इस मामले को लेकर तहसील परिसर में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। वहीं, प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब सभी की निगाहें प्रशासनिक जांच पर टिकी हुई हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि अतरिया में हुई मारपीट की घटना के पीछे वास्तविक सच्चाई क्या है।

# संकट में सहारा बनी योगी सरकार, झुग्गी से पक्के मकान में पहुंची फिरोजाबाद की माया देवी

**● फिरोजाबाद की माया देवी के लिए एक नई रोशनी बनकर आई मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)**

**योजना से लाभान्वित होकर माया को मिला पक्का घर, बच्चों का भविष्य भी हुआ सुरक्षित**

**योगी सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा सरकारी योजनाओं का लाभ**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**फिरोजाबाद-** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 'अंत्योदय' के संकल्प को चरितार्थ करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत असुआ की रहने वाली माया देवी की कहानी इस संकल्प की एक जीवंत मिसाल है। पति की आकस्मिक मृत्यु के बाद दुख के सागर में डूबी माया देवी के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एक नई रोशनी बनकर आई, जिसने न केवल उनके सिर पर छत दी, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी सुरक्षित किया। माया देवी के पति के निधन के बाद उनके जीवन में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। दो छोटे बच्चों के पालन- पोषण की जिम्मेदारी और रहने के लिए कोई पक्का मकान न होना उनकी सबसे बड़ी व्यथा थी। माया देवी अपने परिवार के साथ तिरपाल से बनी एक कच्ची झुग्गी में रहने को मजबूर थीं। बारिश और ठंड के मौसम में कच्ची झुग्गी में रहना किसी चुनौती से कम नहीं था, साथ ही उन्हें हमेशा अपने और बच्चों की सुरक्षा का डर सताता रहता था।

**विधवाओं के लिए बनी संजीवनी**

जब माया देवी को जानकारी हुई कि योगी सरकार विधवाओं और निराश्रित महिलाओं को विशेष प्राथमिकता के आधार पर आवास मुहैया करा रही है, तो उन्होंने आवेदन किया। पात्रता सर्वे के दौरान उन्हें उपयुक्त पाया गया और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उनके आवास की स्वीकृति मिल गई। सरकार द्वारा आवास निर्माण के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की कुल राशि तीन किस्तों में (40 हजार, 70 हजार और 10 हजार रुपये) सीधे उनके खाते में भेजी गई।

**विभिन्न योजनाओं का मिला लाभ**

योगी सरकार की संवेदनशीलता यहीं खत्म नहीं हुई। आवास निर्माण के साथ-साथ माया देवी को 90 दिन की मनरेगा मजदूरी के रूप में 22,680 रुपये की अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस दोहरी सहायता ने उन्हें आर्थिक रूप से टूटने से बचा लिया और वह सम्मान के साथ अपना घर बना सकीं। आज माया देवी का पक्का मकान पूरी तरह बनकर तैयार है, जहां वह अपने बच्चों के साथ सुरक्षित महसूस करती हैं। इसके साथ ही माया देवी को प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना से भी लाभान्वित हुई है।

**माया देवी के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव**

जिलाधिकारी रमेश रंजन ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मुख्य उद्देश्य समाज के सबसे वंचित और जरूरतमंद वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना है। माया देवी जैसी पात्र महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर आवास, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और मनरेगा मजदूरी का लाभ दिया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार हमारा प्रयास है कि जनपद में कोई भी पात्र व्यक्ति आवास विहीन न रहे। माया देवी के जीवन में आया यह सकारात्मक बदलाव हमारे लिए संतोष का विषय है।

> **बीते दो वर्षों में लाभान्वित हुए लोगों की संख्या**
> वर्ष 2024-25, लक्ष्य- 1553, स्वीकृत- 1553, निर्मित- 1541, निर्माणाधीन -12
> वर्ष 2025-26- लक्ष्य- 1207 आवास, स्वीकृत - 1207 आवास, प्रथम किश्त जारी- 632, निर्माणाधीन आवास -632, शेष- प्रक्रियाधीन

**सुनहरे भविष्य की नई शुरुआत**

आज माया देवी अपने दुख भरे अतीत को पीछे छोड़कर खुशहाल जीवन जी रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कोटि-कोटि धन्यवाद करते हुए कहा कि इस घर ने उनके बच्चों को शिक्षा के लिए एक बेहतर माहौल दिया है। वह कहती हैं कि अब हमें बारिश या असुरक्षा का कोई डर नहीं है। सरकार ने हमें सिर्फ घर नहीं, बल्कि एक नया जीवन दिया है। माया देवी जैसी कहानी साबित करती है कि जब सरकारी नीतियां संवेदनशील हों, तो वे अंधेरे जीवन में खुशहाली का सवेरा ला सकती हैं।

## तहसील दिवस में गूंजा मारपीट का मामला

**सिख समाज ने की सख्त कार्रवाई की मांग, एसडीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन**



**पलियाकलां-खीरी।** शुक्रवार की रात अतरिया गांव में हुए मारपीट के मामले को लेकर शनिवार को तहसील दिवस में सिख समाज का आक्रोश देखने को मिला। पीड़ित सुरेन्द्र पाल सिंह के साथ बड़ी संख्या में लोग तहसील पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। बता दें कि शुक्रवार की रात अतरिया निवासी सुरेन्द्र पाल सिंह ने शारदा नदी पर हो रहे कथित अवैध खनन का विरोध किया था। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर गांव के कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद उसी रात सिख समाज के लोग कोतवाली पहुंचे और शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले को लेकर शनिवार को भी सिख समाज के लोग सुरेन्द्र पाल सिंह के साथ तहसील पहुंचे। तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार से मुलाकात कर उन्होंने पूरी घटना से अवगत कराया और निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस पर एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कराकर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान 58 शिकायतें आईं, जिसमें से 12 का मौके पर ही किया गया निस्तारण





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**फ़िरोज़ाबाद-** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शिकोहाबाद के सभागार कक्ष में किया गया, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों से संबंधित प्रकरण आए हैं, उन सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ता को एक ही शिकायत के लिए बार-बार चक्कर न लगाना पड़े, उसकी शिकायत का एक ही बार में निस्तारण की जाए, यदि शिकायतों का निस्तारण में कोई अधिकारी लापरवाही करेगा तो, उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, इस दौरान राजस्व, कानून व्यवस्था, पेंशन, पूर्ति विभाग, नगर पालिका, भूमि कब्जा आदि मामले आए, इस दौरान देवेंद्र कुमार जो नगला झील शोभापुर शिकोहाबाद के निवासी हैं, उन्होंने शिकायत की है कि गांव के लोगों को आने-जाने के मार्ग में कठिनाई होती है, इस हेतु चकरोड काफी दिनों से अधूरा पड़ा हुआ, इसकी पैमाइश कराकर चकरोड बनवाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद को निर्देशित किया की स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

इसी प्रकार सुदामापुरी निवासी विनोद कुमार ने शिकायत की की संयुक्त चिकित्सालय में महिला डॉक्टर की ड्यूटी निरंतर लगाये जाने के संबंध में बताया कि महिला डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर नहीं रहती है और इसके अलावा इस चिकित्सालय में डिजिटल एक्सरे मशीन खराब पड़ी है, उसे चालू कराया जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायती पत्र आए, जिसमें से 12 का मौके पर निस्तारण किया गया, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी डॉ गजेंद्र पाल सिंह, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आज उपस्थित रहें।

इसके बाद जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शिकोहाबाद स्थित बस अड्डा पर बने महिला एवं पुरुष रैन बसेरे का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होने रैन बसेरे में विद्युत, पेयजल, रजाई-गददे, पलंग की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं को देखा, जो रैन बसेरे में पाई गई और बस अड्डे पर शीत लहर को देखते हुए लकड़ी के अलाव एवं गैस के हीटर चलते हुए नजर आए, इस जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गरीब असहाय लोगों को कंबल भी वितरित किए।

## निबुआबोझ कम्पोजिट स्कूल में 'मेरा गांव, मेरा विद्यालय' के अन्तर्गत हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**पलियाकलां-खीरी।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम निबुआबोझ स्थित कम्पोजिट विद्यालय में 'मेरा गांव, मेरा विद्यालय' कार्यक्रम के तहत समुदाय एवं अभिभावक जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और विद्यालय व समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की प्रतिभा और जोश ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास और बढ़ा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी रमन सिंह मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के विकास में समुदाय की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मरौचा प्रधानपति नाजिम अली एवं निबुआबोझ प्रधानपति संदीप सिंह ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में इंचार्ज प्रधानाचार्या संतोषी रानी रस्तोगी, सहायक अध्यापक दीपेन्द्र मिश्रा, जगदीश प्रसाद, धीरज दीप, दीपक भास्कर, रामप्रकाश एवं शिक्षामित्र शुक्रावती देवी सहित विद्यालय के शिक्षकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय एवं समुदाय के संयुक्त प्रयासों से शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## एसडीम नवाबगंज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील दिवस



**बरेली/**नवाबगंज एसडीम उदित सिंह पवार की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया यहां पर कड़ाके की सर्दी पड़ने के बावजूद भी 63 शिकायतें पंजीकृत की गई इनमें सबसे अधिक चक मार्गो पर कब्जे को लेकर थी साथ ही छुटपुट शिकायतें अन्य विभागों की थी। यहां पर आए फरियादियों को सुनने के बाद संबंधित को निस्तारण का निर्देश दिया गया यहां पर आई 63 शिकायतों में से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष बची 60 शिकायतों को संबंधित विभागों को निस्तारण करने का निर्देश दिया गया साथ ही पूर्व में आयोजित तहसील दिवस की शिकायतों पर भी समीक्षा की गई। यहां पर उपस्थित एसडीम उदित सिंह पवार तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह नायब तहसीलदार शोभित सिंह खंड विकास अधिकारी नवाबगंज महेश चंद्र शाक्य भदपुरा रामशंकर सिंह गन्ना समिति सचिव मेधा जोशी पूर्ति निरीक्षक नवाबगंज समेत कई विभागों के लोग उपस्थित थे जब के दर्जनों विभागों के लोग नदारत रहे।

## खनमाफियाओं ने सिख समाज के साथ की मारपीट

**● आक्रोशित सिख समाज ने कमल चौराहा पर लगाया जाम, पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई करने की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पलिया।** में कुछ खनमाफियाओं ने सिख समाज के साथ मारपीट की और सिर की पगड़ी भी उतारकर फेंक दी। आक्रोशित सिख समाज ने पलिया के कमल चौराहा पर जाम लगा दिया। जहां पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर जाम खुला और लोगों ने राहत की सांस ली।घटना शुक्रवार की रात लगभग 09:00 बजे की है। पलिया? कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अतरिया निवासी सुरेन्द्र पाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को एक शिकायती प्रार्थना दिया, जिसमें कहा गया है कि पलिया-भीरा के बीच शारदा नदी से कुछ लोग बालू का खनन कर रहे थे।वो अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और खनन करने से मना किया, क्योंकि शारदा नदी से खनन होने के कारण ही पलिया क्षेत्र में बाढ़ आती है और यहां का किसान फसल बरबाद होने के कारण पूरी तरह से तबाह हो जाता है।खनमाफियाओं को उन्होंने होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया। इसके बाद भी खनमाफिया नहीं माने और उनके साथ गाली-गलौज करने लगे, विरोध करने पर खनमाफियाओं ने मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं उनकी पगड़ी भी सिर से उतारकर फेंक दी।कोतवाली पहुंचे सिख समाज ने



खनमाफियाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले की जानकारी होने पर कोतवाली पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र सिंह परिहार ने घटना की जांच कराकर दोषियों ने विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## ऐप्जा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिले भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से भेंट कर के कई बिंदुओं चर्चा की

**बरेली/**भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा ने देश की राजधानी दिल्ली में चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यालय पर जाकर भेंट की। उन्हें बधाई दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उत्तर प्रदेश के सबसे मजबूत और संघर्षशील पत्रकार संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा ने मुलाकात कर उनको मिले महत्वपूर्ण दायित्व को लेकर बधाई दी और स्मृति चिन्ह प्रदान किया इस दौरान उत्तर प्रदेश के तमाम राजनीतिक बिंदुओं सहित पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें पत्रकारों पर हो रहे अनाधिकार अत्याचारों पर विचार विमर्श किया गया अना आवश्यक लिखे जा रहे मुकदमे जैसे बिंदुओं पर अवगत कराया गया इस मामले में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष ने ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा को आश्वासन दिया पत्रकारों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन पर हो रहे




अत्याचारों पर भी विचार विमर्श कर रोक लगाई जाएगी राष्ट्रीय अध्यक्ष की ए मुलाकात पत्रकारों के हित को लेकर की गई जो पूरी तरह सफल रही राष्ट्रीय अध्यक्ष की इस पहल को लेकर पत्रकारों में क्रांति की लहर जगी है इसको लेकर ऐप्जा जिला अध्यक्ष अरमिन्दर सिंह मिक्की नवाबगंज तहसील अध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय एवं बब्बू महाराज वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व देव राठौर कोषाध्यक्ष अफजाल अहमद प्रभारी सुमित कश्यप उपाध्यक्ष शैलेंद्र गंगवार यशपाल गंगवार नजमुल हसन हीरालाल गंगवार बाबू बक्सा अंसारी रियाज गुड्डु अखलाक अहमद समेत सभी पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी को बधाई दी।

## चतुर्थ राजश्री इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में बासुबरल बना विजेता



**बरेली/रिठौरा।** राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट एण्ड टैक्नोलॉजी, बरेली में चौथे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें फाइनल मुकाबले मे बासुबरल सरस्वती विहार स्कूल की टीम ने इस्लामिया इंटर कॉलेज की टीम को 6 विकेट से शिकस्त दी। खेल की शुरुआत में बासुबरल ने टॉस जीतकर पहले इस्लामिया टीम को बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया। जवाब में 127 रनों का लक्ष्य मात्र 17.3 ओवर में प्राप्त करते हुए शिव शुक्ला को मैन ऑफ द मैच अंश सिंह को मैन ऑफ द टूर्नामेंट दिल नवाज अहमद को बेस्ट बॉलर और अक्षय श्रीवास्तव को बेस्ट विकेटकीपर घोषित किया गया। संस्थान के सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, ट्रस्टी पीयूष गुप्ता ने विजेताओं को ट्रॉफी से नवाजा। चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को राजश्री क्रिकेट अकादमी के मंच से देश में राष्ट्रीय स्तर तक खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। टूर्नामेंट के आयोजन में बासुबरल स्कूल के ट्रस्टी कमलेश कुमार मित्तल, अनुपम भारद्वाज इस्लामिया स्कूल के कोच शाहिद रजा, डीन डॉ साकेत अग्रवाल, अभिषेक श्रीवास्तव का सहयोग रहा।

## बरेली के मोहित शर्मा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में यूथ आइकन के रूप में विकसित भारत पर युवाओं को करेंगे संबोधित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली/**भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार एवं राष्ट्रपति महोदया द्वारा एनएसएस राष्ट्रीय पुरस्कार एवं राज्य विवेकानंद युवा पुरस्कार से सम्मानित बरेली के युवा एवं रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के छात्र मोहित शर्मा को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूरे देश में सभी राज्यों में युवाओं की भूमिका विकसित भारत 2047 के लिए सुनिश्चित करने के लिए युवा कनेक्ट कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें मंत्रालय द्वारा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में युवा कनेक्ट कार्यक्रम में युवाओं से संवाद एवं विकसित भारत में युवाओं के योगदान देने के लिए चयनित किया गया हैं।

मोहित शर्मा विगत कई वर्षो से छात्र होने के साथ साथ सामाजिक गतिविधियों में भी अग्रणी हैं। झांसी विश्वविद्यालय में वह युवाओं को भारत सरकार के सभी उपक्रमों एवं युवाओं के लिए चलाई जा रही अनेक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान कर उन्हें समाज एवं राष्ट्र निर्माण में स्वयं की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेंगे।

मोहित शर्मा अपने अनुभवों एवं हमारे सपनों का विकसित भारत 2047 को प्राप्त करने के लिए संवाद के माध्यम से अनेक जानकारी करेंगे। वह विकसित भारत के स्तंभ, पंच प्रण, विकास के इंजन के बुनियादी ढांचे, डिजिटल इंडिया,सामाजिक क्षेत्र में सुधार,आत्मनिर्भर भारत,सशक्त भारत, भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा आदि विषयों पर युवाओं को संबोधित



करेंगे। उनके यूथ आइकन के रूप में भारत सरकार द्वारा चयनित किए जाने पर रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह, कुलसचिव श्री हरीश चंद्र, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सोमपाल सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते रहने के लिए शुभकामनाएं दी।

## मैगलगंज टोल प्लाजा पर ओवरलोड मिट्टी वाहनों का बेखौफ संचालन

**● परिवहन विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज टोल प्लाजा से पिछले पाँच दिनों से प्रतिदिन भारी मात्रा में मिट्टी लादकर ओवरलोड वाहन बेखौफ होकर गुजर रहे हैं। ये वाहन न केवल यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ा रहे हैं, बल्कि सड़कों पर चलने वाले आम लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि वही परिवहन विभाग, जो मामूली गलतियों पर गरीब ई-रिक्शा चालकों को रोककर उनका चालान करता है और वाहन सीज करने में जरा भी देर नहीं लगाता, उसे इन ओवरलोड मिट्टी वाहनों पर कार्रवाई करना जरूरी नहीं लगता।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ये भारी वाहन सड़कों को नुकसान पहुँचा रहे हैं और



कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद परिवहन विभाग के तेज़-तर्रार अधिकारी इन पर नजरें फेर लेते हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि

**क्या नियम सिर्फ गरीब और कमजोर तबके के लिए हैं?**

या फिर ओवरलोड वाहन किसी विशेष संरक्षण के चलते कार्रवाई से बचे हुए हैं?

यदि समय रहते इन वाहनों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो किसी बड़ी दुर्घटना की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा – परिवहन विभाग या प्रशासन?

## गोला एसडीएम के दिशानिर्देश मे नायव तहसीलदार ने परखी अलावों की हकीकत



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी अनुदान से जल रहे अलावों की हकीकत को परखने के लिये गोला उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी के आदेशानुसार जल रहे अलावों की जमीनी हकीकत को मौके पर जाकर चेक किया। इस दौरान उप जिलाअधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि कई जगहो पर अलाव न जलने की सूचना मिल रही थी, जिसके चलते उप जिला अधिकारी ने जमीनी हकीकत को परखने के लिये रात्रिकालीन की वेला मे नायब तहसीलदार भानू प्रताप को अलाव जलने बाली जगहो पर भेज कर देखा गया की अलाव जलते मिले।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत 'परिवार परामर्श केन्द्र' में काउन्सलरों के सहयोग से महिला उत्पीडन के 11 मामलों का हुआ सुलह से निस्तारण

**● महिला हेल्प लाइन नम्बर व योजनाओं के बारे में किया जागरूक**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** 20 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनपद खीरी के पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जनपद में *मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में पुलिस लाइन स्थित 'परिवार परामर्श केंद्र' में परामर्शदाताओं व केन्द्र की महिला आरक्षियों द्वारा सुलह समझौते का अभियान चला कर टूटते परिवार को पुनः दाम्पत्य सम्बन्धों में जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है !

बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा




निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र के काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी, सुश्री क्षमा टंडन, सुश्री कुसुम गुप्ता व महिला आरक्षी निकिता राठौर, मेहा सिंह के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं मामलों में बैठक कर परिवारों के विघटन को रोकने का काम परामर्श के द्वारा किया जाता है , इसी क्रम में काउन्सलरों की उपस्थिति में 22 प्रार्थनापत्रों में काउंसलिंग की गई जिसमें 11 जोड़े पति-पत्नी साथ रहने के लिए सहमत हुए ,05मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने का समय दिया गया है, व माननीय न्यायालय में 06 मामले लम्बित होने के कारण सुलह नहीं हो सकी है,मिशन शक्ति के अन्तर्गत इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं और उनके साथ आये पारिवारिक जनो को हेल्प लाइन नम्बर व महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया

## संक्षिप्त खबरें

### थाना सुरियावां अन्तर्गत प्रा0वि0 घोरहा से सरकारी सामान चोरी करने वाला 01 शातिर चोर गिरफ्तार




कब्जे से चोरी की 01 अदद पंखा व 12 अदद बच्चों की किताबें बरामद दिनांक-18.12.2025 को थाना सुरियावा पर आवेदक प्रधानाध्यापक, प्रा0 वि0 घोरहा थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा स्कूल के एक कमरे के खिड़की का ग्रिल काटकर सरकारी सामान चोरी होने की लिखित सूचना दी गयी। प्राप्त तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मु0अ0सं0-415/2025 धारा-305(ड्ड) भा.न्या.सं. का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। 19/20.12.2025 को में थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/रात्रि चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर घोरहा मोड़ मार्ग से मु0अ0सं0-415/2025 धारा-305(ड्ड) भा.न्या.सं. से संबंधित प्रकाश में आए 01 शातिर चोर अवधेश बिन्द उर्फ मदारी पुत्र श्यामधर बिन्द निवासी घोरहा थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से पंजीकृत अभियोग से संबंधित 01 अदद सीलिंग पंखा व 12 अदद किताबें बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग का सफल अनावरण करते हुए पंजीकृत अभियोग में धारा-317(2) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई।

### 21 से 28 दिसंबर तक आयोजित होगा देशज दिवस

**चुनार, मीरजापुर।** शनिवार को सुरभि शोध संस्थान प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि सुरभि शोध संस्थान गत 36 वर्षों से लगातार गो रक्षा मूलक स्थानीय लोक शिक्षण के विधिक सेवा प्रक्रमों पर प्रयोग कर रहा है जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विशेष कर वनवासी समाज अपने लिए रोटी कपड़ा मकान शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधा जुटाने में सहयोग कर रहा है। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि इस समय संस्थान में 28 हजार गो वंश संरक्षित एवं सेवित है संस्था द्वारा समाज के सहयोग से लगभग 750 जनजाति छात्र छात्राओं को छात्रावास में रखकर नियमित शिक्षा के साथ साथ उनका सर्वांगिण विकास कर राष्ट्र के मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है जनजातीय परम्परा को ध्यान में रखते हुए 15 दिसम्बर से 15 जनवरी तक उत्पत्ति दिवस मनाया जा रहा है इसके बीच में 21 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक देशश दिवस का आयोजन किया जाना है जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

### स्वास्तिक पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**चुनार , मीरजापुर।** नगर के गंगेश्वरनाथ स्थित स्वास्तिक पब्लिक स्कूल में शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रह्मानंद शुक्ल व विशिष्ट अतिथि मेजर कृपा शंकर सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात संस्थान के प्रबंधक बृजेश यादव द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक खेल का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ0 कृष्ण बिहारी द्विवेदी, डॉ0 सत्यवान श्रीवास्तव,अखिलेश पांडे,नन्द किशोर तिवारी,सभासद विकास कश्यप सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक बृजेश यादव ने सभीं का आभार जताते हुए बताया कि उनका विद्यालय कम शुल्क में बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना चाहता है,इसके लिए वह विद्यालय में हमेशा एक्टिविटी कराते रहते है।वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का यह कार्यक्रम शनिवार को प्रारंभ हुआ है और रविवार को समापन किया जाएगा। आज के कार्यक्रम में सभी बच्चों और अभिवावकों ने खेल का आनंद लिया।

# 143 स्थलों पर जलाये गये अलाव, 07 स्थलों पर बनाए गये रैन बसेरा - भदोही रेलवे स्टेशन व निकायों में बने रैन बसेरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही-** जनपद भदोही में जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुंवर वीरेंद्र मौर्य के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शीतलहर/ठंड से बचाव हेतु निराश्रित/असहाय/कमजोर वर्ग के लोगों के लिये निम्नवत राहत कार्य किए जा रहे हैं।

**अलाव**

जनपद में जिला प्रशासन द्वारा नगर पालिका एवं तहसीलों के माध्यम से कुल 168 स्थलों ( ज्ञानपुर सदर- 08 स्थल, भदोही- 21 स्थल, औराई- 12 स्थल एवं नगर निकायों में कुल 127 स्थल) को चिन्हित किया गया है, जहां पर अलाव जलवाया जा रहा है तथा समस्त अलाव के स्थलों की जियोटैग सूचना ऑनलाइन शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी आपदा प्रहरी मोबाइल ऐप्लिकेशन पर अपलोड भी कि जा रही है।

**रैन वसेरा**

जनपद स्तर पर कुल 7 स्थलों पर रैन बसेरे का संचालन किया जा रहा है, जिनकी कुल क्षमता 128 लोगों के रुकने की है 7 समस्त 7 स्थलों पर मौजूद रैन बसेरों में रजाई, गद्दा, मैटी, पेयजल, शौचालय, विद्युत् इत्यादि सम्बंधित मूलभूत सुविधाओं कि व्यवस्था कि गयी है। नगर पालिका परिषद भदोही द्वारा रेलवे स्टेशन पर (अस्थायी रैन बसेरा-20 लोगों कि क्षमता), नगर पालिका परिषद, गोपीगंज (स्थायी रैन बसेरा-12 लोगों कि क्षमता), नगर पंचायत, नई बाजार (अस्थायी रैन बसेरा-8 लोगों कि क्षमता), नगर पंचायत, ज्ञानपुर (स्थायी रैन बसेरा-50 लोगों कि क्षमता) नगर पंचायत, सुरियावां (स्थायी रैन बसेरा-18 लोगों कि क्षमता) नगर पंचायत, घोसिया (अस्थायी रैन बसेरा-10 लोगों कि क्षमता) एवं नगर पंचायत, खमरिया में (अस्थायी रैन बसेरा-10 लोगों कि क्षमता) रैन बसेरा संचालित है। जहां पर आने वाले लोग रुक रहे हैं एवं रैन बसेरा में प्रत्येक रुकने वाले व्यक्ति कि सूचना प्रत्येक दिवस ऑनलाइन शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी आपदा प्रहरी मोबाइल ऐप्लिकेशन पर अपलोड कि जा रही है।

**कंबल वितरण**

जनपद भदोही में असहायों एवं निराश्रितों के मध्य वर्तमान शीतलहर में निराश्रित, असहाय, एवं कमजोर वर्ग के लोगों के मध्य कंबल वितरण सुनिश्चित करने हेतु तहसीलवार कुल 3138 कंबल किए जाने हेतु कार्यवाही कि गई है। 1,000 हजार कंबल प्रति तहसील वितरण हेतु उपलब्ध करा दिया गया है।

### अध्यक्ष पद के तीन प्रत्याशी सहित कुल तीस प्रत्याशी मैदान में



**6 जनवरी को होगा नवयुवक अधिवक्ता समिति का चुनाव**

**चुनार , मीरजापुर।** नवयुवक अधिवक्ता समिति चुनार के विभिन्न पदों के लिए कुल 30 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर शिवशंकर सिंह पटेल एडवोकेट, शीतला प्रसाद यादव एडवोकेट, सुनील कुमार मिश्रा एडवोकेट ने पर्चा दाखिल किया। ईल्डर्स समिति के अध्यक्ष सत्येंद्रनाथ द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार व शनिवार को तीन अध्यक्ष पद सहित कुल 30 उम्मीदवारों ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान श्याम मुरारी सिंह, कल्लू सिंह,नंदकिशोर सिंह,अखिलेश सिंह,महामंत्री अजय पांडेय,पूर्व महामंत्री राहुल सिंह,वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार पांडेय,महेंद्र सिंह, गुरुदास आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दुर दराजों से आये फरियादियों की समस्याओं को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सुना। विकास खंड नरायनपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत धरम्मरपुर गांव निवासी सुबास सिंह ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि गांव में स्थित नलकूप संख्या 462 का फर्श लगभग आठ फीट जमीन में धंस गया है इसकी जानकारी ट्यूबेल आपरेटर को भी है इसके बावजूद किसान दुर्व्यवस्था को झेल रहे हैं और कृषि कार्य करने के लिए सिंचाई की सुविधा प्रभावित हो रहा है। फुलवाड़ी पिरल्लीपुर गांव निवासिनी मालती, संगीता, रीमा ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि कुछ समय पहले गांव के गरीबों को सरकार द्वारा निःशुल्क विद्युत का वितरण किया गया था बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त कनेक्शन को काट दिया गया और लगे ट्रांसफार्मर को उठा ले गए लोग अंधेरे में गुजारा कर रहे हैं। समाधान दिवस पर कुल 62 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें मौके पर सात का निस्तारण हुआ। शेष प्रार्थना पत्रों को समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा,एसडीएम राजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी मंजरी राव तहसीलदार ईवेन्द्र सिंह सहित स्थानीय व जिले के अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर डी श्रेणी, कर-करेत्तर, लम्बित रिट याचिकाओं, राजस्व कार्यो एवं राजस्व न्यायालयों से सम्बन्धित डीएम ने की समीक्षा बैठक

**● जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली, लंबित वादों एवं आईजीआरएस निस्तारण की समीक्षा की**

**लंबित वादों, कर-करेत्तर वसूली और आईजीआरएस निस्तारण पर जिलाधिकारी की कड़ी समीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही :-** कर-करेत्तर, लम्बित रिट याचिकाओं, राजस्व कार्यो एवं राजस्व न्यायालयों से सम्बन्धित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर डी श्रेणी की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शैलेष कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ किया गया। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिया कि अमीनवाईज वसूली की समीक्षा करें। साथ ही पेट्रोल पम्पों के सत्यापन के लिए बाटमाप अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि टीम गठित कर, अभियान चलाकर कम से कम रैडम 10 प्रतिशत पेट्रोल पम्पों की जॉच करें। जिलाधिकारी ने सभी एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार को 05 साल से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित करनें का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेट न्यायालयों के उपस्थित पेशकारों को ब्रीफ किया कि वादों का एजेंडा, रिपोर्टिंग, टिप्पणी सही ढंग से सुस्पष्ट व तार्किक करें। डीएम ने समस्त एसडीएम व तहसीलदार को कड़े निर्देश दिया कि आरसी की वसूली प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित कराये। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि कुम्हारी कला, मत्स्य आवंटन हेतु पात्र लाभार्थियों का चयन करें, अपात्रों को किसी भी दशा में लाभ न दिया जाये। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा में असंतुष्ट फीडबैक शिकायतकर्ता से सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए लग कर निस्तारित कराते हुऐ रैंक सुधार पर जोर दिया। हैसियत नामा में लम्बित आवेदनों को प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुए निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत डिल्फाटर श्रेणी में न हो, समय रहते शिकायत का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें , नही तो कठोर कार्यवाही होगी।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें, इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अधिकारी राजस्व वसूली में हिला-हवाली करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वसूली समीक्षा के दौरान परिवहन व मण्डी वसूली कार्य कम होने पर सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी, और वसूली कार्य शत-प्रतिशत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, राजस्व, अधिशासी अधिकारी, खनन आदि विभागों को अभियान चलाकर लक्षित राजस्व वसूली किये जाने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण शीघ्र सुनवाई करके उनका निस्तारण किया जाये। कुछ तहसीलों में लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, रिट याचिकायें, खतौनी अशं निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यो पर अब तक किये गये कार्यो की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, समस्त उप जिलाधिकारी प्रशासन/न्यायिक, समस्त तहसीलदार, आदि सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सुशासन सप्ताह के अंतर्गत उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर बिखरी मुस्कान

**● डीएम,सीडीओ व बीएसए ने 75 बच्चों में वितरित किए सहायक उपकरण**

**दिव्यांग बच्चे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं उन्हें उचित संसाधन और सहयोग प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है-डीएम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही -** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जनपद के दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय और एलिम्को कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक संसाधन केंद्र घोषिया में भव्य उपस्कर एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। भव्य शुभारंभ और अतिथियों का संबोधन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी शैलेष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्हें उचित संसाधन और सहयोग प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इन उपकरणों की मदद से उनके दैनिक जीवन की बाधाएं कम होंगी और वे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। इस मौके पर सीडीओ व बीएसए ने भी अभिभावकों को संबोधित किया।

**75 बच्चों को मिले 85 उपकरण**

शिविर के दौरान उन बच्चों को लाभान्वित किया गया, जिनका चयन पूर्व में आयोजित मेजरमेंट कैंप (मापन शिविर) में एलिम्को कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा किया गया था। कुल 75 दिव्यांग बच्चों को उपकरण प्रदान किए गए, जिनमें समग्र शिक्षा अभियान के 71 और पीएम श्री योजना के 04 बच्चे शामिल रहे। इस दौरान अधिकारियों द्वारा 30 टीएलएम किट, 12 कैचच, 01 वाकिंग स्टीक, 15 व्हील चेयर, 12 ट्राईसाइकिल, 04 रोलेटर, 03 सीपी चेयर, तथा 08 हियरिंग ऐड कुल 85 उपकरण दिव्यांग बच्चों में वितरित किया गया। नए उपकरण पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। अभिभावकों ने उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के दिव्यांग बच्चों को नया जीवन मिलता है।

**उपयोग के लिए दिया गया प्रशिक्षण**

उपकरण वितरण के साथ-साथ उनके सही रखरखाव और उपयोग के प्रति भी जागरूकता दिखाई गई। एलिम्को कानपुर से आए विशेषज्ञ रामानंद,अनु रानी और महावीर,डीसी समेकित रश्मि मिश्रा, फिजियोथैरेपिस्ट जेपी सिंह तथा स्पेशल एजुकेटर्स द्वारा अभिभावकों को बताया कि इन आधुनिक उपकरणों का उपयोग कैसे करना है ताकि बच्चों को अधिकतम सुविधा मिल सके। इस गरिमामयी कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव,डीसी एमडीएम सौरभ सिंह सहित विभाग के कई कर्मचारी और शिक्षक उपस्थित रहे। शिविर का सफल संचालन संतोष सिंह एवं डॉ. मानिक चंद ने संयुक्त रूप से किया।

### ग्राम विकास अधिकारी की हलिया विकास खंड में पुनः नियुक्ति किए जाने पर ग्राम प्रधानों में रोष

**हलिया, मीरजापुर।** हलिया विकास खंड में पांच वर्षो से भी अधिक समय तक कार्य कर चुके ग्राम विकास अधिकारी शिवशंकर सिंह की जिले के अधिकारियों द्वारा पुनः नियुक्ति किए जाने पर ग्राम प्रधान गजरिया दुलासी व ग्राम प्रधान थोथा बेलाकली व ग्राम प्रधान बैधा लाले ने ऐतराज जताते हुए जिलाधिकारी को पत्रक दिया है।दिए गए पत्रक में प्रधानों ने बताया है कि शिवशंकर सिंह पूर्व में गजरिया,थोथा, उमरिया,मतवार आदि ग्राम पंचायतों में कई वर्षो तक सचिव रह चुके हैं और वित्तीय अनियमितता और कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित भी किए गए थे। लेकिन अधिकारियों की मेहरबानी से फिर से ग्राम विकास अधिकारी शिवशंकर सिंह हलिया ब्लाक में तैनाती कर उसी ग्राम पंचायत के कलस्टर में नियुक्ति कर दी गई है। ग्राम प्रधानों ने ग्राम विकास अधिकारी की दोबारा विकास खंड में तैनाती किए जाने पर रोष जताते हुए नियुक्ति को रद्द किए जाने की मांग की है।

## प्रशासन गांव की ओर के क्रम में शाकभाजी बीज वितरण एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**● विधायक विपुल दुबे ने कृषकों को शाकभाजी बीज वितरण कर,औद्यानिक एवं जैविक खेती करने हेतु किया प्रेरित**

**सुशासन सप्ताह में ड्रैगन फ्रूट,स्ट्राबेरी व पपीता की खेती आदि फसलों की दी गई नवीन तकनीक की जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही -** सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर के क्रम में उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में शाकभाजी बीज वितरण एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ज्ञानपुर विधायक विपुल दूबें जी का बुकें एवं अग्रवस्त्रम भेटकर जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह द्वारा अभिवादन किया गया। विधायक विपुल दुबे द्वारा कृषकों को शाकभाजी बीज वितरण करते हुए औद्यानिक एवं जैविक खेती करने हेतु प्रेरित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र बेंजवा के वैज्ञानिक डा0 किरन जी द्वारा कृषकों को पौधों में लगने वाले रोगों एवं कीटनाशक से बचाव संबंधित जानकारी प्रदान की गयी, डा0 रामेशवर सिंह द्वारा जैविक खेती करने एवं उसके फायदों आदि की जानकारी प्रदान की गयी। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा जनपद में संचालित समस्त योजनाओं के साथ-साथ ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी की खेती, पपीता की खेती आदि फसलों की नवीन तकनीक की जानकारी प्रदान करते हुए बीज वितरण एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी सम्मानित कृषकों को सधन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष,विजय बहादुर सिंह, कृषक बंधु, जनपदवासी उपस्थित रहें।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्या मंदिर की सफलता है- जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही -** सेंट जॉन्स' स्कूल औराई के 17 वें वार्षिकोत्सव समारोह में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही विद्या मंदिर की अभूतपूर्व सफलता होती है विद्या मंदिर के द्वारा प्रतिभाओं में निखार आता है बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा जगत में ज्ञान के साथ ही साथ कला एवं खेल तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बच्चों का विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के के मैथ्यू ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का अंगवस्त्रम एवं मोमेंटो दे कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। बच्चों ने स्वागत नृत्य के अलावा,केरला , राजस्थानी नृत्य, सेमी, क्लासिकल डांस ,आशा की किरण, कव्वाली नृत्य, देशभक्ति नृत्य, कश्मीरी नृत्य, पंजाबी नृत्य, सक्सेस मंत्रा मराठी नृत्य, अजब डॉक्टर की गजब कहानी नाटक, बॉलीवुड डांस सहित मनोहरी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया,जिसकी उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर सेंट थॉमस स्कूल गोपीगंज प्रबंधक साम अब्राहम, प्रधानाचार्य बिंद्रा सैम, सेंट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर प्राचार्य पालसन फिलिप, चंदौली के प्रिंसिपल जोजफ रिटायर्ड आदि उपस्थित रहें।

### हलिया में ठंड को देखते हुए गौशालयों में कराया गया है पशुओं को अलाव की व्यवस्थ

**हलिया, मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायतों मे ठंड को देखते हुए कराया गया है पशु आश्रय स्थल मे पशुओं के लिए बचाव की व्यवस्था कराया गया है अलाव की व्यवस्था ग्राम पंचायत गौरवा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रशांत कुमार दुबे ने बताया कि गौशाला में भरपूर मात्रा में पशुओं को पर्दा लगाकर सुरक्षित किया गया है और गौशाला के अंदर 24 घंटे अलाव जलवाया जाता है वही ग्राम पंचायत महुगढ़ी मे ग्राम प्रधान सुरेश केसरी ने बताया कि पशुओं को ठंड में पूरी तरह से बाउंड्री के अंदर पर्दा लगाकर सुरक्षित किया गया है और अलाव की लकड़ी भरपूर मात्रा में गिरवाया गया है और अलाव बराबर जलवाया जा रहा है। वही ग्राम पंचायत के सुबाव कला में भी पशुओं को ठंड को देखते हुए बचाव किया गया है बराबर डॉक्टर के द्वारा गौशाला में नजर रखा जा रहा है किसी भी पशुओं को कहीं भी दिक्कत हो रहा है तो तुरंत डॉक्टर की देखरेख में इलाज हो जाता है।

## क्रिकेट टूनामेंट के उद्घाटन मैच में खम्हारिया की टीम ने आसमानपट्टी को 58 रनों से हराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** क्षेत्र के भटवारी गांव के पहड़ी पर मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया उद्घाटन मैच का सपा नेत्री कृति कोल ने फीता काटकर उद्घाटन किया उद्घाटन मैच खम्हारिया व आसमानपट्टी के बीच खेला गया खम्हारिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में 110 रन बनाये जबाब में रनों का पीछा करने के लिए आई आसमानपट्टी की टीम केवल 52 रन ही बना सकी खम्हारिया की टीम ने आसमानपट्टी की टीम को 58 रनों से हराकर उद्घाटन मैच को अपने नाम किया दूसरा मैच हलिया बनाम आसमानपट्टी के बीच खेला जा रहा है मुख्य अतिथि सपा नेत्री कृति कोल ने कहा की खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने कहा ग्रामीण स्तर की प्रतिभा खेल से सामने आती है और यही खिलाडी आगे जिला व प्रदेश स्तर पर पहुंचते है। इस दौरान अध्यक्ष मंजय यादव संरक्षक ग्राम प्रधान भटवारी राजेश मौर्य,ग्राम प्रधान हलिया शिवबाबू सेठ, विनय यादव,सदस्य सुधीर सिंह, विक्रम सिंह, शेष बहादुर सिंह, गोविन्द यादव आदि मौजूद रहे।

### बड़ौही पुलिया से अनियंत्रित ट्राली ट्रैक्टर रपटा के नीचे पलटा




**हलिया, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के बड़ौही गांव स्थित लोलमटी नदी के रपटा से शनिवार की दोपहर एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर रपटा से नीचे पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया। थाना क्षेत्र के देवरी बाजार निवासी छोटेलाल यादव का ट्रैक्टर चालक हलिया बाजार की तरफ आ रहा था। जैसे ही बड़ौही गांव के लोलमटी नदी के रपटा पर पंहुचा की ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर रपटा के नीचे गिर गया। संयोग अच्छा था कि ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया। हादसा के बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। और चालक को बाहर निकाला।

# हलिया विकासखंड के 59 ग्राम पंचायतो में मिलेगा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लाभ

**●हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के अथक प्रयास से ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मिला लाभ।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के 59 ग्राम पंचायत में मिलेगा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लाभ शनिवार को लखनऊ व मीरजापुर से आई टिम के द्वारा हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत महूगढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का सर्वे करते हुए ग्राम पंचायत में तीन सड़क की मंजूरी मिली जिसमें हलिया ड्रमंडगंज समपर्क मार्ग से मौर्या बस्ती तक हलिया ड्रमंडगंज समपर्क मार्ग से केवटान बस्ती तक पाल बस्ती से तालाब होते हुए मुसहर बस्ती तक की मंजूरी मिली जल्द ही लगेगा इन सड़कों में काम सर्वे के बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर बैठकर कर्मचारियों के द्वारा प्रस्ताव भी तुरंत बनाया गया शासन को भेजने के लिए वही ग्राम पंचायत ऊटी में पवारी संपर्क मार्ग से गुप्ता बस्ती तक एक सड़क का सर्वे किया गया वहीं ग्राम पंचायत सिकटा मे दो सड़क का सर्वे कराया गया ग्राम पंचायत महुगढी में तीन सड़कों का चयन किया गया है जिसमें से एक सड़क ब्राह्मण बस्ती तक एक सड़क पाल बस्ती तक एक सड़क कोल बस्ती तक महोगड़ी के ग्राम प्रधान सुरेश केसरी ने बताया कि टोटल पांच सड़क का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन तीन ही सड़क मिल पाया है बाकी पेंडिंग में कर दिया गया जल्द ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़कों में लगेगा किम ग्रामीणों को मिलेगा प्रधानमंत्री सड़क योजना का लाभ वही ग्राम पंचायत गौरवा मे 6 सड़क चयनित हुई लालपुर में एक सड़क ग्राम पंचायत गलरा मे दो सड़क वही पीडब्ल्यूडी के एई हंस यादव ने बताया कि सड़कों का सर्वे करके प्रस्ताव बनाया जा रहा है जिले का पूरा प्रस्ताव बन जाएगा तब शासन के लिए एक साथ भेजा जाएगा प्रयास है कि जल्द ही सड़कों में काम लगे ताकि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का लाभ ग्रामीणों को मिल सके जो मिट्टी वाली सड़कों को काली करने का प्रयास किया जा रहा है यहां तक की एई ने बताया कि उत्तर प्रदेश के हर विकासखंड से ज्यादा सड़क हलिया में ही चयनित कराया गया है। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी के एई हंस यादव जेई सत्य प्रकाश जेई भाई साहब जेई सच्चिदानंद सहित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजेंद्र पांडे आशीष कुमार मिश्रा सचिव संदीप कुमार नंदलाल विंध्यवासिनी दुबे प्रेम शंकर ओझा ललू ओझा भुवर अली उदय शंकर रामदेव जितेंद्र कुमार पांडे सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### माघ मेला 2026:प्रशिक्षण में यातायात, पार्किंग और संचार व्यवस्था की मुख्य जानकारी प्रदान की गई



**ब्यूरो प्रयागराज।** 20.12.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के त्रिवेणी सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रथम कालांश में क्षेत्राधिकारी परेड जगदीश कालीरमन के द्वारा बताया गया की माघ मेले में भीड़ नियंत्रण के लिए AI-आधारित सीसीटीवी और 8-स्तरीय आपातकालीन योजना का उपयोग होगा, ताकि श्रद्धालुओं को अलग-अलग रास्तों और होल्डिंग एरिया के ज़रिए नियंत्रित किया जा सके और भीड़ को सुरक्षित व व्यवस्थित रखा जा सके। एवं द्वितीय कालांश में प्रभारी प्रशिक्षण धर्मेश कुमार त्रिपाठी के द्वारा माघ मेले की भौगोलिक संरचना व पुलिस व्यवस्थापन के बारे में प्रशिक्षित किया गया एवं तृतीय कालांश में यातायात उपनिरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के द्वारा प्रमुख मार्ग/पार्किंग व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अंत में प्रशिक्षण के अंतिम कालांश में सहायक रेडियो अधिकारी राहुल सिंह के द्वारा बताया गया की माघ मेले में रेडियो संचार व्यवस्था के लिए वायरलेस सेट, मोबाइल हैंडसेट का इस्तेमाल होता है, जिससे आपातकालीन स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नज़र रखी जा सके। इस दौरान प्रशिक्षण में माघ मेला के क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### महिला पर हमला करने वाले का पुलिस ने किया चालान

**नैनी, प्रयागराज।** महिला पर हमला और आपराधिक बल का प्रयोग करने के आरोप में एडीए कॉलोनी दूरवाणी नगर निवासी तपन चटर्जी और उसके पूरे परिवार को नैनी पुलिस ने धारा 151 में चालान कर दिया। आरोप लगाने वाली महिला सुशीला शुक्ला की तहरीर पर नैनी थाने में धारा 76, 333, 115 (2) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी तपन के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की। तहरीर में महिला ने तपन चटर्जी पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। प्रताड़ना का यह सिलसिला चार-पांच सालों से चला आ रहा है। बृहस्पतिवार को सुशीला शुक्ला सुबह जब घर के बाहर कूड़ा फेंकने गई तो उसके साथ झगड़ा हो गया। उसका आरोप है कि विरोध करने पर तपन, उसकी पत्नी और दोनों बेटियों ने घर में घुसकर सुशीला को मारा-पीटा। कपड़े फाड़ दिए, उसे निर्वस्त्र कर दिया। मारपीट में उसके नाक से खून निकलने लगा। सुशीला शुक्ला मूलरूप से भरूही भरारी मेजा प्रयागराज की रहने वाली है। वर्तमान में दूरवाणी नगर में रहती है।

### वार्षिक उत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनी, प्रयागराज।** शुक्रवार को मडौका



स्थित फ्लावर वैली पीपुल्स स्कूल में वार्षिक उत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।200 मीटर की दौड़ 100 मीटर की दौड़ लॉन्ग जंप हाई जंप म्यूजिकल चेयर किया गया। प्रिंसिपल सुषमा चौबे और अध्यापकगण अमरदीप यादव, अनुराग मिश्रा, नितेश यादव, संगीत शिक्षिका शिल्पा कुशवाहा, प्रीति तिवारी, वैष्णवी वैश्य, इशिका गौड़, तनीषा अग्रहरि, आरती यादव, सोनिया शर्मा।आदि की सहभागिता से इस खेल का आरंभ किया गया।

### जनपद में शीतलहर के बावत राहत एवं बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने बताया है कि जनपद में 20 व 21 दिसम्बर को रोड व ऑरेन्ज अलर्ट की कटेगरी में प्रदर्शित किया गया है। उन्होने अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को शीतलहर में राहत एवं बचाव हेतु एडवाइजरी जारी करते हुये बताया है कि अपने आप को सूखा रखे, ऊनी कपड़े पहने, घर के अन्दर ही रहें, गर्म पानी पिये। सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखे। कपड़ों की कई परते पहनना भी लाभदायक रहता है।आपातकालीन आपूर्तियों के लिये सभी सामान तैयार रखे। शीतलहर के दौरान पर्याप्त पानी स्टोर करें क्योकि पाइपों में पानी जम सकता है, जितना सम्भव हो घर के अन्दर रहे। ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करे। अपने शरीर को सुखाकर रखे। यदि कपड़े गीले हो जाये तो उन्हें तुरन्त बदले। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। दस्ताने के बजाय मिट्टन्स को प्राथमिकता दे, मिट्टन्स अधिक गर्मी और तापावरोधन प्रदान करते है।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से दो सीओडी कर्मचारियों की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** स्कॉर्पियो की टक्कर से दो सीओडी (केंद्रीय आयुध डिपो) कर्मचारियों की मौत हो गई। दोनों कर्मचारी बाइक से रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों सीओडी कर्मचारी बाइक से रॉन्ग साइड में जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कर्मचारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही नैनी पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तुरंत स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।दोनों सीओडी के कर्मचारी कानपुर में तैनात थे। वे किसी काम से प्रयागराज आए थे और शनिवार सुबह ट्रेन से वापस जाने की तैयारी में थे। पुलिस ने दोनों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। स्कॉर्पियो चालक से पूछताछ की जा रही है। हादसा नैनी थाना क्षेत्र में सुबह करीब 5 बजे हुआ।मूल रूप से मेजा दुबे पुर के रहने वाले दिलीप कुमार नैनी चक बबुरा त्रिवेणी नगर में रहते थे। दिलीप के तीन बेटे बेटे दिव्यांशु, वैभव और दक्ष हैं। उनकी पत्नी बबिता बौद्ध की मौत बीते 15 अगस्त को हो गई थी। दिलीप कुमार कानपुर सीओडी में कार्यालय अधीक्षक के पद पर तैनात थे। इसके पहले वह सीओडी प्रयागराज में कार्यरत थे।दिलीप के भाई संदीप ने बताया कि वह कानपुर में किराए का कमरा लेकर भी रहते थे, लेकिन अधिकतर नैनी से कानपुर के लिए अप डाउन करते थे। कुछ दिन के लिए छुट्टी पर आए थे। शनिवार को अपने साथी राम आशीष शर्मा के साथ बाइक लेकर कानपुर जाने के लिए नैनी स्टेशन जा रहे थे। पुराने यमुना पुल पर सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई।दूसरे साथी मृतक राम आशीष पुत्र कोदई राम शर्मा मूल रूप से गोरखपुर के रहने वाले थे। वह सीओडी में सीनियर मटेरियल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत थे। वह अपने परिवार के साथ नैनी के प्रेम नगर में मकान बनवाकर रह रहे थे। राम आशीष के एक बेटे सूरज और एक बेटी रागनी के साथ पत्नी शोभा नैनी के मकान में रहती थी। जो एक सप्ताह पहले ही अपने गांव गोरखपुर गई हुई थी।

### ट्रक बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में महिला की मौत, परिजनों ने किया चक्का-जाम

**प्रयागराज।** यमुनापार अंतर्गत खीरी थाना क्षेत्र के कौंदी पुलिस सहायता केंद्र के सामने देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला रोशनी देवी (25वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई।महिला अपने पति दिनेश कोल के साथ नारीबारी जा रही थी। तभी धान से लदी एक ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे के बाद मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों ने नारीबारी-कोरांव मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया।यह जाम लगभग 1 घंटे तक चला,जिससे यातायात बाधित रहा। मृतका रोशनी देवी पत्नी दिनेश कोल कौंदी,थाना खीरी की निवासी थी।उनके दो छोटे बच्चे हैं,जिनमें 3 वर्षीय बेटा निखिल और एक लड़की नेहा शामिल है।सूचना मिलने पर खीरी,कौंधियारा, घूरपुर और शंकरगढ़ थानों की पुलिस नारीबारी चौकी इंचार्ज और एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान मौके पर पहुंचे।पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर किसी तरह चक्काजाम समाप्त कराया,और चक्का जाम समाप्त होने के बाद खीरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

# पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार को मिली नई ज़िम्मेदारी, शिक्षा सेवा चयन आयोग की कमान संभाली

● प्रयागराज में कार्यभार ग्रहण, तीन वर्षों तक आयोग के अध्यक्ष पद पर रहेंगे प्रशांत कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष पद का औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। उनकी नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा 17 दिसंबर 2025 को की गई थी, जिसके तहत उनका कार्यकाल आगामी तीन वर्षों का होगा। कार्यभार ग्रहण के दौरान आयोग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशांत कुमार ने पदभार संभालते ही आयोग की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध चयन प्रक्रिया को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा सेवा चयन आयोग की भूमिका प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाया जाएगा।

प्रशांत कुमार का प्रशासनिक अनुभव अत्यंत व्यापक रहा है। पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवा देने के बाद अब शिक्षा सेवा चयन आयोग जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक निकाय की कमान संभालना सरकार के भरोसे को दर्शाता है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने उनकी नियुक्ति पर आशा जताई है कि आयोग की चयन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति आएगी। पूर्व डीजीपी के रूप में उनकी सख्त प्रशासनिक छवि और निर्णय क्षमता को देखते हुए माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में आयोग नई दिशा और मजबूती हासिल।

## समाधान दिवस में गूंजा मछुआरों का सवाल, खाली तालाबों की नीलामी पर सबसे ज्यादा शिकायतें

● एडीएम विजय पाल शर्मा की अध्यक्षता में बारा तहसील में आए 221 प्रार्थना पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा प्रयागराज।** शनिवार को बारा तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में जनसमस्याओं का सैलाब उमड़ पड़ा। एडीएम प्रशासन विजय पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 221 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें सबसे अधिक प्रार्थना पत्र मत्स्यपालन विभाग से संबंधित रहे, जिनमें मछुआरों ने लंबे समय से खाली पड़े तालाबों की नीलामी न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। फरियादियों का कहना था कि तालाब खाली रहने से मत्स्यपालन प्रभावित हो रहा है और मछुआरा समाज रोजगार से वंचित हो रहा है। समाधान दिवस में यह विषय सबसे गंभीर रूप में सामने आया। समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्रों की संख्या सर्वाधिक रही। भूमि विवाद, अतिक्रमण, पैमाइश और कब्जा हटाने से जुड़े मामलों पर एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित लेखपालों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रतिदिन कम से कम दो अतिक्रमण अनिवार्य रूप से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। वहीं नायब तहसीलदार बारा विजय कुमार एवं विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद उर्फ श्यामू ने मत्स्यपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तालाबों की शीघ्र नीलामी कराए जाने को लेकर विशेष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत



किए। उन्होंने कहा कि समय रहते नीलामी प्रक्रिया पूरी होने से सैकड़ों मछुआरा परिवारों को रोजगार मिलेगा और सरकारी राजस्व में भी वृद्धि होगी।

समाधान दिवस के अंत में एडीएम प्रशासन विजय पाल शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें।

## सात दिन कथा, अंत में विशाल भंडारा—24 दिसंबर से 1 जनवरी तक प्रयागराज में धर्म की अविरल धारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** धर्म, भक्ति और परंपरा का संगम एक बार फिर प्रयागराज की धरती पर उतरने जा रहा है। अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति के तत्वावधान में 24 दिसंबर 2025 को प्रातः 10 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर नगर को भक्तिमय वातावरण से भर देंगे। जैसे ही कलश यात्रा आगे बढ़ेगी, पूरा क्षेत्र जयघोष और भक्ति रस में डूब जाएगा। कलश शोभा यात्रा के साथ ही भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ होगा। 25 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से 7 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा स्थल नीम सराय कॉलोनी, नवीन से मंदिर के पास श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेगा, जहां सात दिनों तक भक्ति, ज्ञान और आध्यात्मिक रस की अविरल धारा बहेगी।

इस धार्मिक आयोजन का समापन 1 जनवरी 2026 को सायं 5 बजे से विशाल भंडारे के साथ होगा, जहां प्रभु इच्छा तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। भंडारे के साथ




नए वर्ष की शुरुआत सेवा, समर्पण और समानता के संदेश के साथ की जाएगी। आयोजन से जुड़े पंडित विनोद पांडेय (कथा अध्यक्ष) ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया है कि वे परिवार सहित पहुंचकर भागवत कथा का श्रवण करें और इस पुण्य अवसर के साक्षी बनें। आयोजन को सफल बनाने में पंडित नरेंद्र कुमार द्विवेदी (राष्ट्रीय संरक्षक) तथा राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय भगवान परशुराम एकता समिति / महामंत्री, मां वैष्णो राम कथा समिति की अहम भूमिका है।नीम सराय कॉलोनी इन दिनों तैयारी में जुट चुकी है। श्रद्धालुओं की भीड़, कथा पंडाल की साज-सज्जा और भक्ति संगीत के बीच प्रयागराज एक बार फिर यह संदेश देगा कि जहां भक्ति है, वहीं समाज की एकता है।

### मन राम बने, चरित्र सीता तो स्वयं चलकर आती है ईश्वर कृपा

**बारा, प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र की बारा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा नींबी लोहगरा में चल रहे त्रि-दिवसीय मानस सम्मेलन के दूसरे दिन भक्ति का ऐसा प्रवाह बहा कि श्रोता मानो राममय हो उठे। कथा के मंच से आचार्य श्री बृज बिहारी जी ने जब श्रीरामचरितमानस की व्याख्या शुरू की, तो शब्द नहीं—अनुभूति बोल रही थी। कथा के प्रसंगों में उन्होंने बताया कि परमात्मा को पाना कोई कठिन साधना नहीं, बल्कि मन और चरित्र की शुद्धता का परिणाम है। यदि मन राम जैसा निर्मल हो जाए और चरित्र सीता जैसा पवित्र बन जाए, तो ईश्वर प्राप्ति में कोई संदेह नहीं रह जाता। ऐसा जीव न केवल संसार के समस्त सुख, ऐश्वर्य और भक्ति को प्राप्त करता है, बल्कि परलोक में मोक्ष का भी अधिकारी बनता है। मानस की चौपाइयों के बीच जीवन का सार समझाते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति केवल पूजा नहीं, बल्कि आचरण है—जहां विचार शुद्ध हों, कर्म पावन हों और जीवन मर्यादा में बंधा हो। कथा सुनते हुए श्रोताओं की आंखों में श्रद्धा और मन में वैराग्य का भाव स्पष्ट झलक रहा था। सम्मेलन के द्वितीय दिवस का संचालन अविनाश तिवारी ने किया। कथा में शशांक द्विवेदी, लाल मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में 'राम-राम' की गूंज और मानस की अमृतधारा ने नींबी लोहगरा को भक्ति की भूमि बना दिया।

## समाधान दिवस में राजस्व कर्मचारी रहे सोते, फरियादी कर रहे इंतजार, राजस्व कर्मचारी नींद में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** यमुनापार तहसील बारा तहसील परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें राजस्व विभाग के कर्मचारी सोते हुए नजर आए।समाधान की आस लेकर दूरदराज गांवों से आए फरियादी इस दृश्य को देखकर हैरान और नाराज भी दिखे।समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों का आरोप है, कि वह सुबह से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे,लेकिन उनकी सुनवाई समय पर नहीं हो सकी।इस दौरान कुछ राजस्व कर्मचारी कुर्सियों पर ही बैठे-बैठे सोते हुए नजर आए,जिससे लोगों में नाराजगी फैल गई। तहसील परिसर में मौजूद शिकायतकर्ताओं ने बताया, कि वह जमीन विवाद, पैमाइश, नामांतरण, अवैध कब्जा हटवाने और अन्य राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर समाधान दिवस में आए थे।लोगों का कहना है, कि जब समाधान दिवस जैसे महत्वपूर्ण मंच पर जिम्मेदार कर्मचारी ही गंभीर नहीं रहेंगे,तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा।फरियादियों ने आरोप लगाया, कि कई मामलों में कर्मचारियों ने अधिकारियों तक उनकी शिकायत पहुंचाने से पहले ही टालमटोल शुरू कर दी, इससे नाराज कुछ लोगों ने मौके पर ही विरोध जताया।लोगों का कहना है कि समाधान दिवस केवल शिकायत दर्ज करने तक ही सीमित रह गया है, जबकि वास्तविक निस्तारण नहीं हो पा रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रशासन की ओर से हर सप्ताह समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है,लेकिन अधिकांश मामलों में शिकायतें सिर्फ कागजों में ही सिमट जाती हैं।जब



कर्मचारी खुलेआम लापरवाही करते नजर आए, तो प्रशासन पर जनता का भरोसा कमजोर होना स्वाभाविक है। इस मामले को लेकर तहसील परिसर में कुछ समय के लिए तनाव और नाराजगी का माहौल भी देखने को मिला। फरियादियों ने मांग की है कि लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि समाधान दिवस की गरिमा बनी रहे, और यह वास्तव में जनता को राहत देने का मंच बन सके।

## नौढ़िया तरहार में सरकारी भूमि पर निर्मित भवनों की चल रही जांच में 38 लोगों को नोटिस जारी

● भास्कर इंडिया लाइव- जिला संवाददाता प्रयागराज बालेन्द्र कुमार बलराम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज** यमुनापार बारा तहसील क्षेत्र स्थित नौढ़िया तरहार में सरकारी भूमि पर बने मकानों की कराई जा रही जांच पड़ताल में अब तक 38 लोगों के खिलाफ नोटिस जारी की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि स्व.गुरुप्रसाद शुक्ला ग्रामीणों व सामाजिक क्षेत्रों की निरन्तर भलाई करते रहते थे ,लेकिन उनके बेटे धर्मेंद्र शुक्ल हम लोगों के मकान गिरवाने पर आमादा हैं। आपको बता दें कि, धर्मेंद्र शुक्ल वर्तमान में सरकार की भलाई में जोर-शोर से लगे हैं। अब से करीब दो महीने पहले उन्होंने गांव की सरकारी जमीनों में बने मकानों की जांच पड़ताल के लिए तहसील समाधान दिवस पर एक प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग किया था। जांच पड़ताल शुरू होने पर 38 लोगों के खिलाफ नोटिस जारी हुई, जिसमें जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया है। इस मामले पर श्री शुक्ल ने बताया कि मेरा अपने गांव के लोगों से कोई मतभेद नहीं है, बल्कि सभी लोगों का स्नेह प्राप्त होता रहा है, किन्तु गाँव की सरकारी जमीनों को मुक्त



करना हम लोगों की प्राथमिकता है। धर्मेंद्र शुक्ल के इस अभियान को कुछ ग्रामीणों एवं आसपास के लोगों के द्वारा स्वागत किया गया है।

# 50 हजार ठगी करने वाले आरोपी की सीसीटीवी से हुई पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** यूनियन बैंक की नैनी शाखा में 50 हजार रुपये जमा करने अपने बुजुर्ग श्वसुर के साथ पहुंची सीमा प्रजापति के साथ ठगी करने वाले आरोपी की पहचान सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस ने कर ली है। शाखा प्रबंधक मोहन कुमार ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराई हैं। 16 दिसंबर को पीड़िता सीमा प्रजापति के साथ हुई ठगी की घटना से बैंक की छवि धुमिल होने से बचाने को सीसीटीवी फुटेज पुलिस को पेन ड्राइव में उपलब्ध कराए गए हैं। बैंक की कार्यप्रणाली पर भी संदेह जताया जा रहा है। शनिवार सुबह नैनी थाने में भुक्तभोगी सीमा और उसके पति मंगल प्रजापति को बुलाया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज दिखाया और संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कराई। सीमा ने देखते ही ठग को पहचान लिया और पुलिस को बताया कि इसी व्यक्ति ने खुद को बैंककर्मी बताकर रकम जमा करने के बहाने उससे 50 हजार रुपये लिए और समस्त स्टॉफ के आंखों में धूल झोंककर आराम से निकल गया। पुलिस ने उनकी पत्नी एवं उससे पूछा कि तुम लोगों को रकम चाहिए या न्याय? पीड़ित परिवार ने कहा कि हमें ठग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाया जाए।

**पूरा मामला क्या था-** यूनियन बैंक के अंदर ग्राहक वेश में मौजूद ठग ने सीमा से 50 हजार रुपये झटक लिए। सीसीटीवी फुटेज में ठग को महिला से बात करते हुए देखा जा सकता है। जीवन भर की जमा पूंजी गंवाने पर महिला और उसके साथ मौजूद बुजुर्ग बाबा श्वसुर हरिश्चंद्र प्रजापति निवासी पूराफतेह मोहम्मद परेशान हो गए। मामले से नैनी पुलिस को अवगत कराया गया। सीमा की तहरीर पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का पुलिस ने आश्वासन दिया था। पीड़िता सीमा प्रजापति के मुताबिक 16 दिसंबर को वह अपने बाबा श्वसुर के साथ यूनियन बैंक की नैनी शाखा में 50 हजार रुपये जमा करने गई थी। वहां पहुंचकर सबसे पहले रकम जमा करने वाला फार्म लिया, उसे भरा। फिर काउंटर पर पहुंची। वहां मौजूद बैंककर्मी ने उसे सामने के काउंटर पर रकम जमा करने भेजा। जब सामने के काउंटर पर जाने लगी, तभी वहां मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने सीमा को रोक लिया और बोला कि जिस काउंटर में वह रुपये जमा करने गई थी, वहां 50 हजार से ऊपर की धनराशि जमा होती है। इससे नीचे की रकम हम जमा करते हैं। इसके बाद उसने सीमा को मोहर एवं हस्ताक्षर युक्त पर्ची दिया। फिर उससे रकम ले ली। रकम लेने के बाद वह कैशियर के पास गया। वहां पहुंच कर उसने काउंटर में रकम और पर्ची डाली। फिर सीमा से बोला तुम्हारा पैसा जमा हो जा रहा है। तुम बगल जाकर चेक कर लो। उसके कहने पर वह पासबुक इंट्री करने वाली मशीन के पास पहुंची। पासबुक को मशीन में लगाया लेकिन इंट्री नहीं दिखाया। पूछने पर स्टाफ ने बताया कि आधा घंटे बाद पासबुक में इंट्री दर्ज होगी। इतनी देर में रकम जमा करने के नाम पर सीमा से 50 हजार रुपये झटकने वाला ठग बैंक से गायब हो चुका था। फिर सीमा ने वहीं रुक कर रकम के बारे में स्टाफ से पूछा तो काउंटर पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि हमारे पास पर्ची आई लेकिन रकम नहीं आई। इतना सुनते ही सीमा के होश उड़ गये। उसे समझते देर नहीं लगी कि उसके साथ ठगी हो गई। ब्रांच मैनेजर मोहन कुमार ने बताया कि महिला ने उनसे घटना के बारे में बताया। जिसपर सीसीटीवी फुटेज चेक कराई गई तो ठग को महिला से रकम लेते हुए और काउंटर की तरफ जाते हुए साफ-साफ देखा गया। बैंक के अंदर ठगी की शिकार पीड़ित महिला सीमा प्रजापति ने बताया कि जो रकम जमा करने आई थी वो बकरियों को बेचने पर मिली थी। जिदंगी भर की जमा पूंजी एक झटके में चली गई। अब उसे पुलिस और बैंक से सहयोग की आस है।

# बारा विधायक ने तहसील परिसर में बांटे कम्बल, 250 असहाय व गरीबों को मिलेगी ठंड से राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** यमुनापार बारा तहसील प्रांगण में शनिवार को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बारा विधायक डॉ वाचस्पति के द्वारा क्षेत्र के गरीब, असहाय,वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए।कड़ाके की ठंड के बीच आयोजित इस कार्यक्रम से सैकड़ो जरूरतमंदों को राहत मिली। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ वाचस्पति ने स्वयं लोगों को कंबल प्रदान करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और सहायता को पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है।उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। ऐसे में जनप्रतिनिधि होने के नाते यह दायित्व बनता है,कि समय पर सहायता उपलब्ध कराएं।उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह की जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। इस अवसर पर एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम,तहसीलदार रोशनी सोलंकी, तथा एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव भी मौजूद रही।प्रशासन की ओर से व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे, जिससे लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतोष और राहत के भाव देखे गए।कई बुजुर्गों एवं महिलाओं ने विधायक बारा और प्रशासन का आभार जताया।स्थानीय लोगों ने भी इस कार्यक्रम को मानवीय संवेदनाओं पर आधारित कार्यक्रम बताया। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ वाचस्पति ने उपस्थित अधिकारियों से क्षेत्र में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी ली,और निर्देश दिए कि पात्र लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ समय से मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति उपेक्षित न रहे।कुल मिलाकर बारा तहसील प्रांगण में आयोजित यह कंबल वितरण कार्यक्रम गरीब और असहाय लोगों के लिए इस भीषण सर्दी में एक वरदान की तरह साबित हुआ है।

## हिंदूपुर में कथावाचिका शाकंभरी द्विवेदी ने कराया प्रभु श्रीराम का राजतिलक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**करछना** क्षेत्र में सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के विश्राम दिवस पर कथा वाचिका शास्त्री शाकंभरी द्विवेदी ने बताया कि रावण वध के बाद भगवान श्री राम पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे।वहां पर सरयू नदी के किनारे पूरी अयोध्या अपने आराध्य के स्वागत के लिए एकत्र थी। इस दौरान सम्पूर्ण अयोध्या नगरी को दुल्हन की तरह सजाया गया था। पुष्पक से उतरकर प्रभु श्रीराम, माता कौशल्या और सुमित्रा से मिले, लेकिन वहां पर मां कैकेई के न दिखाई पड़ने पर वह उन्हें मां, मां पुकारते हुए उनके महल की ओर दौड़ पड़े।माता कैकई को हृदय से लगाते हुए प्रभु श्रीराम ने कहा, कि मां आज आपने राम को श्रीराम बना दिया,यदि मैं वन न जाता, तो आज श्रीराम न बन पाता। इस प्रसंग में श्रोताओं को उन्होंने करुणा और मर्यादा का संदेश दिया।गुरु वशिष्ठ ने प्रभु श्री राम के राजतिलक का निमंत्रण भिजवाने की बात कही।सबसे पहले निमंत्रण केवट को दिया गया। बनवास के समय चित्रकूट में लोगों ने प्रभु श्रीराम से कहा, कि पूरी अयोध्या नगरी तो आपके साथ है, फिर आप राजा



क्यों नहीं बने? इस पर प्रभु श्रीराम ने बताया कि राम राजा जरूर बनेगा, पर बहुमत के साथ नहीं सर्वमत के साथ। भगवान श्रीराम के राजा बनते ही पूरी अयोध्या नगरी का वातावरण दिव्य हो गया,चारों तरफ शंख, घंटा और नगाड़ों की ध्वनि होने लगी।वेद मंत्रों का उच्चारण होने लगा,तथा ' श्री सीताराम का जय घोष' होने लगा। कथा वाचिका ने कहा कि रामराज्य में किसी को दैहिक, दैविक और भौतिक संताप नहीं था। सभी एक दूसरे को प्रेम करते थे,और वेदों में बताई हुई मर्यादा में तत्पर होकर अपने-अपने धर्म का पालन करते रहे।आयोजन के मुख्य यजमान रमेश मिश्रा,उमेश मिश्रा,कमल मिश्र, शरद मिश्रा,रंजन मिश्रा,विनोद मिश्रा,गौरव मिश्रा, सौरव मिश्रा,राजेश मिश्र, छैल बिहारी दास, 'मानस केसरी', शिवम द्विवेदी सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। कथा के समापन के साथ ही श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम का उद्घोष किया।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिसमस पर्व को लेकर पाकुड़िया बाजार में बढ़ी रौनक



पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः- मसीही समुदाय के सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व क्रिसमस को लेकर पाकुड़िया बाजार में इन दिनों विशेष चहल-पहल देखी जा रही है। पर्व को उल्लासपूर्ण एवं आकर्षक ढंग से मनाने के लिए लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। क्रिसमस को ध्यान में रखते हुए स्टेशनरी एवं अन्य दुकानों में ईशा मसीह के मनभावन चित्रों सहित पर्व से संबंधित आकर्षक सजावटी सामग्री सजी हुई है, जिसे देखने और खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं हरिपुर, आलूदाहा, रामपुर, बसतकुंडी सहित विभिन्न चर्चों की साफ-सफाई व रंग-रोगन कर उन्हें भव्य रूप से सजाया गया है। पर्व के अवसर पर चर्चों में मीसा पूजा सहित पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। क्रिसमस पर्व 24 व 25 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर मसीही समुदाय में, विशेषकर बच्चों के बीच, खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उधर, पर्व को शांतिपूर्ण एवं सामाजिक सौहार्द के साथ संपन्न कराने को लेकर सिविल व पुलिस प्रशासन भी सतर्क दिखाई दे रहा है।

### बढ़ती ठंड एवं धुंध के मद्देनज़र जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में की जा रही अलाव की व्यवस्था



हजारीबाग, झारखंडः- उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार जिले में बढ़ती ठंड एवं धुंध को देखते हुए आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए व्यापक स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा बस स्टैंड, चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, थाना परिसर, अस्पताल परिसरों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि ठंड से प्रभावित आम नागरिकों, विशेषकर जरूरतमंद, बुजुर्ग, असहाय एवं राहगीरों को राहत मिल सके। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे ठंड एवं धुंध को देखते हुए आवश्यक सावधानियाँ बरतें। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, गर्म कपड़ों का उपयोग करें तथा बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। जिला प्रशासन आमजन की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और ठंड के मौसम में लोगों को राहत प्रदान करने हेतु निरंतर निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### मंडल कारा चनावे में विचाराधीन बंदियों हेतु सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए विशेष शिविर आयोजित



गोपालगंज (बिहार)- सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गोपालगंज के द्वारा मंडल कारा, चनावे के परिसर में विचाराधीन बंदियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से आच्छादित करने हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर के दौरान कुल 09 पुरुष कैदी एवं 03 महिला कैदियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु चिन्हित किया गया। चिन्हित बंदियों के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए उनके परिजनों से संपर्क कर दस्तावेज प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, ताकि पात्रता के आधार पर उन्हें शीघ्र पेंशन योजना का लाभ दिया जा सके। शिविर के आयोजन के अवसर पर जेल अधीक्षक, सहायक जेल अधीक्षक, उपाधीक्षक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग से जिला प्रबंधक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर, साथ ही प्रखंड कार्यालय के कर्मी भी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा यह पहल समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे विचाराधीन बंदियों एवं उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा का संबल मिल सकेगा।

## लाधुप पंचायत के गांवों में जनसंपर्क व विकास समस्याओं को लेकर विधायक प्रकाश राम की बैठक

### ● बरसात में बदहाल सड़कों और अधूरे पुल से बढ़ी परेशानी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चंदवा, झारखंडः- चंदवा प्रखंड के लाधुप पंचायत अंतर्गत सभी गांवों में जनसंपर्क के दौरान विधायक प्रकाश राम ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में अधूरे सड़क-पुल, पीसीसी सड़क निर्माण, पेयजल संकट, बिजली आपूर्ति, आवास योजना, आंगनबाड़ी सेविका के पुनः चयन, श्मशान घाट सहित अन्य बुनियादी समस्याओं को ग्रामीणों ने प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के कई गांवों में सड़क और पुल का कार्य अधूरा है। बरसात के दिनों में सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब हो जाती है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।इस पर विधायक प्रकाश राम ने कहा कि लाधुप पंचायत के गांवों में जनसंपर्क के दौरान सामने आई सभी समस्याएं गंभीर हैं और इन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल, पेयजल, बिजली और आवास से जुड़े अधूरे कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों से बैठक की जाएगी। साथ ही जिला उपायुक्त से मिलकर पंचायत की सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई कराई जाएगी। विधायक ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बरसात के मौसम में ग्रामीणों को होने वाली परेशानी उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में स्कूलों में चापानल की व्यवस्था, खराब पड़े जलमीनारों की मरम्मत, पीसीसी सड़क निर्माण और आवास निर्माण की मांग भी रखी गई। गोली गांव में सड़क निर्माण, छठ घाट निर्माण, पीसीसी सड़क तथा गोली तालाब की मरम्मत का मुद्दा भी सामने आया। क्षेत्र में जंगल की लगभग 266 एकड़ जमीन की अवैध बिक्री का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई, जिस पर विधायक ने कहा कि मामले की जानकारी लेकर जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष अमित गुप्ता, मंडल अध्यक्ष (पूर्वी) आशीष सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेश यादव, आदर्श रविराज, राजू उरांव, श्रवण गुप्ता, शिवकेश्वर यादव, दीपक निषाद, दुर्गा ठाकुर, छोटू कुमार, बालेश्वर गंझू, फूलचंद गंझू, जकन महतो, राजेश गंझु और अशोक तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बलिया में श्रीराम ज्ञान यज्ञ की भव्य कलश यात्रा, हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से गूंज उठा क्षेत्र



बलिया। दया छपरा में मानस प्रचार परिषद द्वारा आयोजित 76वें मानस सम्मेलन के अंतर्गत श्रीराम ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यज्ञ स्थल से निकली इस कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। गाजे-बाजे के साथ निकली यह कलश यात्रा दुबे छपरा स्थित रूद्रपुर ब्रह्म बाबा स्थान होते हुए गंगा घाट तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में कलश लेकर 'जय श्री राम' और 'जय भोले' के जयकारे लगाते रहे, जिससे आसपास का इलाका गूंज उठा। कलश यात्रा में संत रामभद्राचार्य उर्फ बालक बाबा एवं संत विनय ब्रह्मचारी जी महाराज रथ पर सवार होकर शंख ध्वनि करते हुए आगे-आगे चल रहे थे। दुबे छपरा गंगा घाट पर 11 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का पूजन किया गया तथा कलशों में पवित्र जल भरा गया। इसके पश्चात श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर लौटकर मंडप प्रवेश किए। इस कलश यात्रा की विशेष बात यह रही कि सनातन परंपरा के अनुरूप सभी वर्गों के लोगों के साथ-साथ हिंदू और मुस्लिम समुदाय के श्रद्धालुओं ने भी कलश उठाकर सहभागिता की, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## भीषण शीतलहर से पाकुड़िया में जनजीवन प्रभावित, अलाव की व्यवस्था की मांग



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः- बीते 19 दिसंबर से पाकुड़िया क्षेत्र में भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है, जिससे सामान्य जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है। बीते दो दिनों से घना कोहरा छाए रहने और ठंडी हवाओं के चलने के कारण ठंड में लगातार इजाफा दर्ज किया जा रहा है। सुबह के समय दृश्यता काफी कम बनी हुई है। हालांकि प्रातः 8 बजे के बाद धूप निकल रही है, लेकिन उसमें अपेक्षित प्रखरता नहीं होने से ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार इससे पहले हल्की ठंड का अनुभव हो रहा था, लेकिन शुक्रवार से तेज सर्द हवाओं के कारण कनकनी बढ़ गई है। शीतलहर का सबसे अधिक असर बीमार, वृद्ध एवं बच्चों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार वहां भी घना कोहरा और बढ़ती ठंड ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया है। जानकारों ने लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने और गर्म पानी का सेवन करने की सलाह दी है। ठंड को देखते हुए बाजारों और हाटों में गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन से चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि आम लोगों को ठंड से कुछ राहत मिल सके। दिन के लगभग 11 बजे के बाद धूप खिलने से कुछ हद तक राहत मिलती दिखी गई।

## जनता दरबार में विधायक ने सुनीं जनसमस्याएं

### ● जनता की समस्या सुनना और समाधान करना मेरी प्राथमिकताः मनोज यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः- चौपारण प्रखंड के भाजपा कार्यालय चौपारण में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शनिवार को जनता दरबार लगाकर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने जनता से सीधा संवाद किया और कई द्विपक्षीय मामलों का मौके पर ही समाधान किया। विधायक ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। मौके पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, रंजीत सिंह, समिति सदस्य जनार्दन सिंह, सुनील शेखर, रंजीत बर्णवाल, रिशु बर्णवाल, मनोज मिश्रा, आदित्य चौरसिया, शिवकुमार यादव, प्रदीप केशरी, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, राजकुमार यादव, भूपेश सिंह, मेहबूब अंसारी, मंटू दांगी, सुरेन्द्र यादव, संतोष पासवान, तपेश्वर ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।

### नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**इस दौरान विधायक व भाजपा नेताओं ने नवनियुक्त मध्य मंडल अध्यक्ष रेवा शंकर साव का माला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। विधायक ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का आगे आना सुखद है। रेवाशंकर ने विधायक व भाजपा नेताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन करूँगा।**

## मोबाइल टावर लगाने का हुआ विरोध

हमीरपुर - एयरटेल और जीओ फाइव जी टावर लगाने का मोहल्ले वालों ने जमकर विरोध किया हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला शांत करा दिया। कस्बे के मोहल्ला पूर्वी तरौस पंछीपीर बाबा के निकट ठेकेदार अजय त्रिपाठी द्वारा एयरटेल और जीओ फाईव जी नेटवर्क का मोबाइल टावर लगाया जा रहा है जिसका मोहल्ले वालों ने जमकर विरोध किया। हालांकि बीते तीन महीने पहले भी उक्त टावर लगाने को लेकर जमकर विवाद हुआ था जिसके बाद मोहल्ले वालों ने प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था जिसके बाद टावर लगाने का काम रुक गया था लेकिन एक बार फिर से मामला गरमा गया तो पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। मोहल्ले वालों का कहना है कि दिनरात चलने वाली मशीनों के कारण होने वाले शोर के चलते बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। और मोबाइल टावर से निकलने वाली किरणें से उनके स्वास्थ पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

## शीतलहर का असर देख युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने की स्कूल अवकाश की माँग

### ● बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जिला प्रशासन से त्वरित निर्णय लेने का किया आग्रह





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हजारीबाग, झारखंडः- जिले में लगातार जारी प्रचंड ठंड, शीतलहर और घने कोहरे के बीच युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने स्कूलों में अवकाश घोषित करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा मौसम बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और ऐसी परिस्थिति में स्कूलों का संचालन जोखिमपूर्ण है। हर्ष अजमेरा ने कहा कि तापमान में लगातार गिरावट के कारण खासकर छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। सुबह और शाम के समय ठंड का असर सबसे अधिक रहता है, जिससे सर्दी, खांसी, बुखार सहित अन्य मौसमी बीमारियों की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को अविलंब स्कूलों में अवकाश घोषित करना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील करते हुए कहा कि कुछ दिनों के अवकाश से बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है और अभिभावकों की चिंता भी कम होगी।

इसके साथ ही उन्होंने आम जनता से भी अपील कि इस प्रचंड ठंड में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और छोटे बच्चों तथा बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। हर्ष अजमेरा ने लोगों को सतर्क करते हुए कहा कि रात्रि के समय बंद कमरे में रूम हीटर जलाकर सोना खतरनाक हो सकता है। इससे आग लगने या दम घुटने जैसी घटनाओं की आशंका रहती है। उन्होंने सभी से सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। अंत में उन्होंने प्रशासन से ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव और अन्य राहत व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की भी मांग की, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके।

## ग्लिटल त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, चंदवा में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का भव्य शुभारंभ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चंदवा, झारखंडः- ग्लिटल त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, चंदवा में शनिवार 20 दिसंबर 2025 को चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। यह खेलकूद महोत्सव न केवल विद्यालय बल्कि पूरे लातेहार जिले में अपनी भव्यता, अनुशासन और विविध प्रतियोगिताओं के लिए विशेष पहचान रखता है। प्रत्येक वर्ष विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाला यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। इस खेलकूद महोत्सव में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राएँ पैंसठ से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताओं को आयु वर्ग एवं स्तर के अनुसार विभाजित किया गया है, जिससे हर प्रतिभागी को अपनी प्रतिभा दिखाने का समान अवसर मिल सके।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री हिमांशु सिंह ने उद्घाटन अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष ट्रैक एवं फील्ड दोनों प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का व्यापक आयोजन किया गया है। दौड़ प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर तथा 3000 मीटर दौड़ के साथ-साथ रिले दौड़ें भी शामिल हैं। वहीं फील्ड प्रतियोगिताओं में भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद, ऊँची कूद और रस्सी कूद जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएँ कराई जा रही हैं।

खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ वार्षिक खेलकूद महोत्सव को और भी आकर्षक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इनमें रंगारंग प्रस्तुतियाँ, जुम्बा नृत्य और वृक्ष प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रहेंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। खेल मैदान, सुरक्षा व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा तथा निर्णायक मंडल की समुचित व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री प्रवीन सिंह एवं विद्यालय की निदेशिका श्रीमती कादंबरी सिंह ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चार दिवसीय यह वार्षिक खेलकूद महोत्सव 24 दिसंबर 2025 को विद्यालय परिसर में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न होगा।

## रबी किसान मेला एवं कृषि ज्ञान संगोष्ठी का किया गया आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

आजमगढ़। राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र कोटवां आजमगढ़ पर दिनांक 19.12.2025 को एक दिवसीय रबी किसान मेला/कृषि ज्ञान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न ग्रामों से उपस्थित कृषकों को कृषि तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मृदा परीक्षण के साथ साथ फसलों के अवशेषों को खेतों में जलाने से होने वाली मृदा उर्वरता हानि से अवगत कराते हुए फसलों के अवशेषों को खेतों में न जलाने की सलाह देते हुए फसल अवशेषों से जैविक खाद बनाने की विधियों की विस्तृत जानकारी दी गयी। डा0 मुलायम यादव द्वारा मृदा परीक्षण के उपरान्त जैविक खेती के बारे में जानकारी दी गयी।

विशिष्ट अतिथि श्री अखिलेश कुमार मिश्र, सदस्य, प्रदेश कार्य समिति भाजपा उ0प्र0/ पूर्व प्रत्याशी, सदर आजमगढ़ द्वारा कृषि विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कृषि विभाग के योजनाओं का लाभ लेने हेतु समस्त कृषकों को प्रेरित किया गया। रबी किसान मेला/कृषि ज्ञान संगोष्ठी कार्यक्रम में श्री आशीष कुमार उप कृषि निदेशक आजमगढ़, श्री शशिकेश सिंह, सहायक मृदा परीक्षण/कल्चर आजमगढ़, डा0 एल0सी0 वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक/अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र लेदौरा आजमगढ़, डा0 अखिलेश यादव वरिष्ठ वैज्ञानिक/अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवां आजमगढ़, डा0 प्रमोद कुमार पशुचिकित्साधिकारी पल्हनी, डा0 महेन्द्र गौतम कृषि कीट वैज्ञानिक लेदौरा, सुश्री कुसुम लता वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए, सुश्री दिव्या सिंह शस्य वैज्ञानिक कोटवां, सुश्री आकांक्षा सिंह वैज्ञानिक गृह विज्ञान, डा0 सुमन देवी, वैज्ञानिक फूड टेक्नोलाजी, डा0 अनिल कुमार सिंह सहायक प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय कोटवाँ, डा0 आदित्य मौर्य, मत्स्य कृषि विज्ञान केन्द्र लेदौरा आजमगढ़ द्वारा समस्त अपने अपने विषयों के सम्बन्ध में कृषकों को जानकारी प्रदान किया गया।

अन्त में उप कृषि निदेशक (शोध) श्री जनार्दन सिंह द्वारा समस्त कृषकों, स्टाल आयोजकों तथा कृषि महाविद्यालय कोटवां, आजमगढ़ के छात्रों व उपस्थित समस्त कृषकों का उपस्थिति के लिए धन्यवाद देने के साथ ही साथ किसान मेला/कृषि ज्ञान संगोष्ठी के समापन की घोषणा की गयी।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली पर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के समीप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है। बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव से परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर सुधार की मांग की है। ऐहार गांव निवासी बीरेंद्र, हरिशंकर, रमेश तिवारी, रामबाबू, पवन यादव, रामसेवक, रीना सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र में बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते कई वर्षों से एमबीबीएस चिकित्सक की तैनाती नहीं की गई है। वर्तमान में केवल आयुष चिकित्सक के भरोसे मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि आयुष चिकित्सक भी समय से अस्पताल नहीं पहुंचते। इससे मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। मरीजों को घंटों गेट के बाहर इंतजार करना पड़ता है। कई बार गंभीर रोगी बिना इलाज लौटने को मजबूर हो जाते हैं।आरोप है कि अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट और वार्ड बॉय मरीजों को दवाइयां दे रहे हैं। वार्ड बॉय ही इंजेक्शन भी लगाते हैं। इस स्थिति में मरीजों के जीवन के लिए खतरा बना हुआ है। प्रशिक्षित चिकित्सक के अभाव में मरीजों का सही इलाज नहीं हो रहा है। बताया कि बीते दो वर्षों से अस्पताल के भंडार में आयुष की दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। इसके बावजूद आयुष चिकित्सक एलोपैथिक दवाओं से इलाज कर रहे हैं। इससे मरीजों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति की जाए। ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## सिवान में जद(यू0) ने 2025 से 2028 तक के लिए सदस्यता अभियान किया तेज- प्रदेश महासचिव



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोपालगंजः सिवान- बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र में जनता दल यूनाइटेड के स्थानीय विधायक इंद्रदेव सिंह पटेल, प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल, विधानसभा प्रभारी लाल माझी ने संयुक्त रूप से बड़हरिया प्रखंड और पचरुखी प्रखंड में बुधवार एवं गुरुवार को वर्ष 2025 से 2028 के लिए जनता दल यूथ सदस्यता अभियान के तहत पुराने सदस्यों का नवीकरण करने एवं नए सदस्यों को जोड़ने का शुरुआत किया ! जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में पुराने सदस्यों का नवीकरण के साथ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी ने 75000 (पचहत्तर) हजार निर्धारित किया है बैठक में सबसे पहले विधायक एवं जिला संगठन प्रभारी ने प्रखंड अध्यक्षों, पंचायत अध्यक्षों, प्रखण्ड कमिटी के पदाधिकारियों, एवं जिला कमिटी के पदाधिकारियों को प्राथमिक सदस्यता दिलाई तथा अभियान के संबंध में विस्तार से बताया सदस्यता अभियान की बैठक में मुख्य रूप से विधायक इंद्रदेव सिंह पटेल, प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल, विधानसभा प्रभारी लाल मांझी, प्रखंड अध्यक्ष माधव सिंह पटेल, प्रभुनाथ महतो, जिला कोषाध्यक्ष नागेंद्र सिंह पटेल, राज्य परिषद सदस्य मुर्तुजा अली कैसर, जिला महासचिव रंजीत कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष मुर्तुजा अली पैगाम, वरिष्ठ नेता डॉक्टर अजीत सिंह उर्फ राजू, प्रखण्ड संगठन प्रभारी सत्येंद्र सिंह, पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, रामजी सिंह, राजबली सिंह, बच्चन सिंह, शिव माया प्रसाद, जहांगीर अंसारी, दिलबंधु कुशवाहा, नागेश्वर सिंह, पिंटू कुमार गुप्ता, राजेश कुमार पांडेय, मृत्युनजय प्रजापति, सहित सैकड़ो की संख्या में पंचायत अध्यक्ष, कार्यकर्ता ,नेता, पदाधिकारी उपस्थित थे सभी ने सदस्यता अभियान की लक्ष्य को समय सीमा के अंदर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना का संकल्प लिया !

## बांसडीह तहसील समाधान दिवस में 153 शिकायतें दर्ज, लापरवाह लेखपाल पर डीएम की सख्ती



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलिया। बांसडीह तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जनसमस्याएं सुनीं। कार्यक्रम के दौरान कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

समाधान दिवस के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने एक लेखपाल के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने के निर्देश दिए। वहीं विकास खंड बेरुआरबारी के ग्राम सुहवल में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए खंड विकास अधिकारी को तत्काल कब्जा हटवाने का आदेश दिया। साथ ही सरकारी भूमि की पहचान के लिए तारबंदी कर सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए।

एक अन्य मामले में तहसील बांसडीह के सहतवार निवासी श्रीमती लक्ष्मी देवी ने 13 वर्षों से वरासत न होने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उपजिलाधिकारी बांसडीह को तत्काल वरासत कराने के निर्देश दिए। लापरवाही के आरोप में संबंधित लेखपाल अखिलेंद्र सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश भी जारी किए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी बांसडीह, तहसीलदार, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### धर्म सभा में दिए संयम और सहनशीलता के संदेश



**तालबेहट।** सिद्ध क्षेत्र पावागिरि से विहार कर मुनि 108 अभेद सागर महाराज एवं मुनि 108 अगर्भ सागर महाराज का तालबेहट नगर में आगमन हुआ। हाईवे राजमार्ग पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं द्वारा मुनि संघ की भव्य अगवानी की गई। मुनि संघ ने नगर में स्थित वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में दर्शन किए, जहां आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि 108 अभेद सागर महाराज ने कहा कि हमें ईंट का जवाब पत्थर से नहीं देना चाहिए, बल्कि स्वयं पत्थर बन जाना चाहिए। उन्होंने धर्म का मर्म समझाते हुए कहा कि राग-द्वेष की जंजीरों से मुक्त होकर ही आत्मिक शांति प्राप्त की जा सकती है। मुनि महाराज ने जैन दर्शन के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में जो भी घटित होता है, उसे शुभ मानकर स्वीकार करना चाहिए। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तमचंद्र, विजय जैन, विकास पवा, हितेंद्र पवैया, कपिल मोदी, विकास भंडारी सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त विशाल जैन पवा ने किया।

### अरावली पर्वत पर अवैध खनन से बिगड़ जायेगा प्राकृतिक रवैया



**जय हिंद क्लब ललितपुर ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा**

**ललितपुर।** विगत दिनों में सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पर्वत माला में सौ मीटर से ऊपर पर्वतों को अरावली पर्वत माला में रखा है। सौ मीटर से कम पर्वतों को अरावली पर्वत माला के पर्वत नहीं माना है, जिन पर्वतों को अरावली पर्वत माला का हिस्सा नहीं माना गया। वैसे पर्वत 90 से 92 प्रतिशत हैं जिनको सरकार चाहे तो आधिकारिक तौर पर खनन करने की अनुमति दे सकती है, जिससे कि उत्तर भारत का प्राकृतिक संतुलन बिगडने की पूरी उम्मीद है। इसी गंभीर चिंता के बादल मंडरा रहे हैं, अगर अरावली पर्वत माला का खनन होना शुरू हो गया तो रेगिस्तान की गर्म हवा और रेत उत्तर भारत के राज्यों को अपने चंगुल में ले लेगी और दिल्ली जो कि देश की राजधानी है। आने वाले समय में रेगिस्तान का रूप ले लेगी इस गंभीर विषय पर चिंतन कर जय हिंद क्लब ललितपुर के तत्वाधान में सेव अरावली ट्रस्ट की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उप जिलाधिकारी सदर के जरिए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान राम प्रताप, मोंटी शुक्ला, अंकित यादव, आयुष शर्मा, पंकज श्रीवास, चरण सिंह, पंकज रैकवार, अनमोल कुशवाहा आदि शामिल रहे।

### पूर्ति निरीक्षक की टीम ने की छापेमार कार्यवाही

**घरेलू एलपीजी सिलेण्डर से होटल में व्यवसायिक उपयोग**

**होटल मालिक के खिलाफ ईसी एक्ट में दर्ज हुयी एफआईआर**

**ललितपुर।** नगर में संचालित होटलों व रेस्टोरेंटों पर घरेलू सिलेण्डरों के धड़ल्ले से हो रहे उपयोग के खिलाफ पूर्ति विभाग ने कार्यवाही की है। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षकों की टीम ने छापेमार कार्यवाही करते हुये स्टेशन के पास स्थित पाराशर भोजनालय से तीन घरेलू सिलेण्डर बरामद किये हैं। होटल पर उपयोग किये जा रहे घरेलू सिलेण्डर को लेकर पूर्ति निरीक्षक ने होटल मालिक पर एफआईआर दर्ज करायी है। लगातार मिल रहीं सूचनाओं के आधार पर जिला पूर्ति निरीक्षक के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक हेमन्त कुमार जोशी, पूर्ति निरीक्षक दीपक जैन व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बहादुर सिंह की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित पाराशर होटल में निरीक्षण किया। मौके पर होटल के उस्ताज गुल्ले पुत्र रामप्रसाद रैकवार से मालिक की जानकारी ली गयी। कुछ समय पश्चात होटल मालिक मनीष पाराशर पुत्र ओमप्रकाश होटल आ पहुंचे। टीम ने होटल में घरेलू एलपीजी गैस का व्यवसायिक उपयोग होता पाया गया। घरेलू गैस सिलेण्डरों के कागजात भी होटल मालिक नहीं दिखा सके और कोई संतोषजनक उत्तर नहीं था। टीम ने होटल से तीन घरेलू एलपीजी सिलेण्डर बरामद कर सिविल लाइन स्थित भारत गैस एजेन्सी को सुपुर्द किये। टीम के पूर्ति निरीक्षक दीपक जैन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पाराशर होटल के मालिक मनीष के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# डीएम ने चकबंदी प्रक्रिया की समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने व बंदोबस्ती सुधारने के दिये निर्देश

**● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में चकबंदी प्रक्रियारत ग्रामों की कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बताया गया कि वर्तमान में 77 ग्राम चकबंदी प्रक्रियान्तर्गत गतिमान हैं, इनमे से इस वर्ष धारा-7 के अंतर्गत 19 ग्रामों में सर्वे/तरमीम का कार्य, धारा-8 के अंतर्गत 11 ग्राम, धारा-9 के अंतर्गत 09 ग्राम, धारा-10 के अंतर्गत 03 ग्राम, धारा-20 के अंतर्गत 03 ग्राम , धारा 23 के अंतर्गत 03 ग्राम, धारा-24 के अंतर्गत 04 ग्रामों का कार्य पूर्ण किया है, वर्तमान माह दिसम्बर में 02 ग्राम छिल्ला और विजेपुरा का धारा-9 पूर्ण किया गया है। साथ ही वर्तमान में 37 वर्ष पुराने ग्राम नाराहट तहसील पाली, के साथ अन्य 05 ग्राम- मोगान, बरोदी नकीब, मऊमाफी, छायन, सूरीकलां इस प्रकार कुल 06 ग्राम में चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण होने की ओर है उक्त सभी ग्रामों का धारा-52 मार्च 2026 तक चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए किया जाना है। अवशेष 24 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रियाएं जनपद मे लेखपालगण की कमी के कारण बाधित हैं।

इस दौरान जिलाधिकारी ने चकबंदी प्रक्रिया अन्तर्गत जनपद के 77 ग्रामों व उनके मजरों में चकबंदी कार्यों की प्रति की एक-एक कर समीक्षा की, जिसमें ग्राम सतौरा, सौजना, जलन्धर, खोखरा सहित अन्य ग्रामों में चकबंदी कार्य की खराब प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बंधित चकबंदी अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गए कि जिन ग्रामों में कब्जा परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो चुका है उन ग्रामों में निर्मित सेक्टर मार्ग/चकमार्ग पर मनरेगा योजना के अंतर्गत मिट्टी डलवाने हेतु ऐसे चक मार्गों की सूची सीडीओ को उपलब्ध करायें, ताकि सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा उनके क्षेत्रान्तर्गत ऐसे चक मार्गों पर मिट्टी डलवाने का कार्य कराया जा सके। उन्होंने बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि वह चकबंदी आयुक्त को पत्र प्रेषित करें। बैठक में एडीएम न्यायिक/उप संचालक चकबंदी अशोक कुमार यादव, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार, डीआईओ, पेशी कानूनगो पुष्पेन्द्र कुमार गौतम, फरहत अहमद, अरविंद कुमार, मसूद अहमद, मो.आजम, रामचंद्र मौर्या, मसूद सेरवानी तथा सभी क्षेत्रों में तैनात सहायक चकबंदी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पिंक रोजगार मेले में हुआ 163 अभ्यर्थियों का चयन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर में एक दिवसीय पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, ललितपुर श्रीमती सोनाली जैन द्वारा किया गया। मंच का संचालन अनुदेशक चन्द्रभान प्रजापति द्वारा किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा पिंक रोजगार मेले में मुख्य अतिथि का सभी नियोजकों से परिचय कराया। मुख्य अतिथि ने रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे सभी अभ्यर्थियों को जनपद के बाहर की कम्पनियों में उनकी योग्यता अनुसार रोजगार पाने हेतु प्रेरित किया।

पिंक रोजगार मेले के साथ ही कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल एवं सेवायोजन पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गयी। काउन्सलर डा0 प्रियम्बदा सुड़ेले द्वारा अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु इण्टर एवं आई0टी0आई0 उत्तीर्ण के बाद रोजगार के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया। पिंक रोजगार मेले में कुल 04 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें कुल 239 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिया गया। साक्षात्कार उपरान्त कुल 163 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। साक्षात्कार में चयनित कुछ अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान भी किये गये।

कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के प्रधानाचार्य राजपाल सिंह द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके शिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय एवं आई0टी0आई0 के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाराहट कस्बे से युवती हुई लापता

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नाराहट/**थाना नाराहट अंतर्गत कस्बे से शुक्रवार रात को एक युवती घर से लापता हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार कस्बा निवासी शिवम् कि पत्नी उम्र करीब 25 वर्ष रोजाना की भांति रात्रि में अपने कमरे में अपनी सात साल की बच्ची के साथ सो गई साथ में उसका पति भी सो गया। जब पति सुबह उठा तो देखा कि उसकी सात माह की बच्ची कमरे में नहीं है तो उसने अपनी पत्नी को आवाज लगाई।कि सर्दी पड़ रही है बच्ची को बाहर क्यों ले गई, तो बहा से कोई उत्तर नहीं मिला। फिर उसने अपनी मां एवं भाई से पूंछा तो पता चला कि बच्ची इधर नहीं है। घर में देखने के बाद पता चला कि उसकी पत्नी एवं बच्ची घर में नहीं है तोघर वाले सकते में आ गए हड़कंप मच गया। घर से बाहर मुहल्ले में भी कोई जानकारी नहीं मिलते देख युवती के मायके वालों एवं रिश्तेदारों को फोन कर पता किया गया परन्तु युवती का कही कोई भी पता नहीं लगा। युवती का भाई, पिता एवं मामा तुरंत युवती के ससुराल नाराहट आ गए। यहां से युवती के ससुराल पक्ष एवं मायके पक्ष वाले थाने पहुंच कर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर थाना पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्यवाही में लग गई।

**कस्बे में लगे कैमरे नजर आए सफेद हाथी**

सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर कस्बे में मुख्य जगहों पर कैमरे लगवाए गए थे ,जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके, और अपराधियों को पकड़ने में सहायक हो सके।परन्तु कस्बे में लगे कैमरे जो शुरू से ही सफेद हाथी बने हुए हैं। अभी कुछ माह पूर्व कस्बे के एक प्रतिष्ठित व्यापारी को दिन दहाड़े अपहरण की नाकाम कोशिश की गई थी। उस समय भी लाखों रुपए की लागत से लगाए गए कैमरे शो पीस बने हुए थे और आज भी उनका यही हाल है। अब यह बात समझ से परे है कि जब कस्बे के मुख्य चौराहों पर कैमरे लगवाए गए हैं तो फिर वो काम क्यों नहीं कर रहे। सरकार का मंतव्य था कि कैमरे जगह जगह लग जायेगे तो अपराधी अपराध के लिए सौ बार सोचेंगे, उन्हें डर लगेगा कि अगर कभी किसी अपराध में शामिल हुए तो हम पकड़े जाएंगे। सरकार कि योजना पर पलीता कैसे लगाया जाता है इसकी बानगी नाराहट कस्बे में लगाएं गए कैमरे को देखने से हो जाएगी। कैमरे अगर काम करने लग जाए तो अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है।सरकार का इतना पैसा क्यों खराब किया गया, यह विचारणीय है।

# प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता हेतु कार्यक्रम संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन हेतु 'मिशन शक्ति 5.0' एवं 'बाल विवाह मुक्त भारत' (Child Marriage Free Bharat) राष्ट्रीय अभियान के अन्तर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता हेतु आज दिनांक 20.12.2025 को जिला जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेशानुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महिला कल्याण विभाग से डी0एम0सी0 श्रीमती ममता श्रीवास द्वारा विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के अन्तर्गत बाल विवाह निषेध अधिनियम-2006 के प्राविधानों से अवगत कराया गया। मिशन शक्ति 5.0 की जारी कार्ययोजना के अनुसार (महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम-2013) के प्रावधानों पर जागरूक किया गया। जिसके अन्तर्गत लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण तथा गरिमा से कार्य करने का अधिकार, महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के विभेदों को दूर करने सम्बन्धी अभिसमय और महिलाओं के संरक्षण के लिए उक्त अभिसमय को प्रभावी करने के लिए उपबन्ध करना समिचीन है। किसी कार्य स्थल पर आन्तरिक परिवाद समिति के गठन सम्बन्धी नियमों के बारे में अवगत कराया गया।

उक्त के अतिरिक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनायें यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रही महिला की पुत्री विवाह, दहेज के कारण परित्यक्त महिलाओं को आर्थिक एवं कानूनी सहायता, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी देते हुए टोल फ्री नम्बर 1930 साइबर हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन सेवायें, 112 आपात कालीन पुलिस सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवायें, 1098 चाइल्ड लाईन, 181 विमेंस हेल्प लाइन, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिये एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनजाना वर्मा द्वारा बाल विवाह की शपथ दिलाई गई एवं आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम में महिला थाना अध्यक्ष अनीता, महिला हेड कांस्टेबल जया,महिला कांस्टेबल सिमरन, महिला कल्याण विभाग से जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती रागिनी प्रजापति, प्रियंका नामदेव, वन स्टॉप सेंटर से पैरामेडिकल स्टाफ नर्स कीर्ति यादव, एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# कैंसर ग्रसित व्यक्ति से पुलिस ने पकड़े रसभरी मार्का के 28 क्वाटर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** नेहरू नगर चौकी पुलिस ने एक कैंसर पीड़ित व्यक्ति के पास से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल, नेहरू नगर चौकी प्रभारी उ.नि. अंकित कौशिक अपने हमराह आरक्षी योगेन्द्र कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी जैकेट में देशी शराब को छिपाकर रेलवे लाइन किनारे से जा रहा है और कहीं बेचने की फिराक में है। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे और ओवरब्रिज के बने पिलर के पीछे छिपकर संदिग्ध व्यक्ति का इंतजार करने लगे। कुछ ही समय पश्चात एक व्यक्ति वहां से गुजरा जो कि जैकेट पकड़े हुये था। पुलिस ने तत्काल उसे पकड़ लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम पतरूआ माता मंदिर के पास निवासी आनन्द कुमार पुत्र आशाराम अहिरवार बताया। पुलिस ने उसके पास से एक गत्ते में 28 टेट्रा पैक देशी शराब रसभरी मार्का बरामद किया गया। आनन्द कुमार ने पुलिस को बताया कि वह कैंसर से ग्रसित है और शराब बेचकर अपना गुजरा कर रहा है। पुलिस ने आनन्द के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### तालबेहट व जखौरा थाना पुलिस ने लौटाए खोए हुये फोन्स

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट व थाना जखौरा पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे, खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना तालबेहट व थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना तालबेहट द्वारा 02 अदद तथा थाना जखौरा द्वारा 02 अदद गिरे हुए, खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तालबेहट मनोज मिश्रा व जखौरा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

# हत्या के दूसरे दिन भी आरोपी का नहीं चला पता

**●शुक्रवार को बछरई गांव में युवक का शव मिला था कमरे में**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** नाराहट थानान्तर्गत ग्राम बछरई में बीते शुक्रवार को 27 वर्षीय दीपक प्रजापति का शव कमरे में पलंग पर मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला दबाना बताया गया है। मृतक के चेहरे पर आंख के पास और कंधे पर चोट के हल्के निशान भी पाए गए हैं। पिता की तहरीर पर मृतक के दोस्त राम अवतार निरंजन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं, लेकिन दूसरे दिन भी आरोपी का कोई पता नहीं चल सका है। मृतक के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि हत्यारोपी उसके बेटे का मोबाइल और पैसे भी ले गया है। नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम बछरई निवासी दीपक प्रजापति दस दिन पहले दिल्ली से मजदूरी कर गांव लौटा था। वह अपने साथ पैसे भी लाया था। घर पर अकेला होने के कारण वह पिछले तीन दिनों से गांव के निवासी अपने दोस्त रामावतार के साथ लगातार शराब पी रहा था। 18 दिसंबर की शाम 7 बजे दीपक शराब पार्टी करने के लिए रामावतार के घर गया था। अगले दिन, 19 दिसंबर को, जब उसकी मां रामसखी दिल्ली से मजदूरी करके गांव लौटीं और दीपक को खोजते हुए रामावतार के घर पहुंचीं, तो उन्हें दीपक का शव पलंग पर पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार, हत्यारोपी रामावतार ने कथित तौर पर दीपक का पहले तौलिये से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने दीपक के चेहरे पर तकिया, टायर, पत्थर और लकड़ी की मयारी रख दी थी। मृतक के पिता मुन्ना लाल ने बताया कि उनके दो बेटे थे। एक बेटे की मौत आठ साल पहले एक दुर्घटना में हो गई थी, और अब दूसरे बेटे की हत्या कर दी गई है। दीपक के दो बेटियां और एक बेटा है, जो वर्तमान में अपनी मां के साथ छिंदवाड़ा गए हुए हैं। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में गहरा शोक है।

# ग्राम पडवां में किसान पाठशाला का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में विकासखंड महरौनी के ग्राम पडवां में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 एल0बी0 यादव संयुक्त कृषि निदेशक, झांसी मण्डल झांसी उपस्थित रहे।

पाठशाला में किसान पाठशाला प्रभारी कु0 पुनम जैन द्वारा कृषकों को रबी फसलों में खरपतवार नाशी रसायनों का समुचित मात्रा में समय पर उपयोग करने की विस्तार से जानकारी दी गई ताकि फसल उत्पादन बढाया जा सके साथ ही रबी की फसलों में किसान भाई दलहनी फसलों की सिंचाई फूल आने के पूर्व एवं फली बनते समय करें।

पाठशाला में उप कृषि निदेशक यशराज सिंह द्वारा कृषक भाइयों को प्राकृतिक खेती को अपनाने एवं उसके लाभ के विषय में जानकारी दी। साथ ही किसान भाइयों को अवगत कराया कि जंगली जानवारों एवं अन्ना पशुओं से फसलों की सुरक्षा के लिये कृषि विभाग में संचालित एकीकृत सोलर फेंसिंग योजना का 80 प्रतिशत अनुदान पर 10 हे0 का क्लस्टर बनाकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही अवगत कराया कि जिन कृषकों द्वारा पी0एम0 कुसुम योजना अन्तर्गत सोलर पम्प के टोकन की बुकिंग की गयी है वह किसान भाई अपना कृषक अंश दिनांक 31.12.2025 तक अवश्य जमा करा दें। साथ ही कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु प्रेरित किया एवं अवगत कराया कि यदि कृषक द्वारा फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायी जाती है तो भविष्य में प्राप्त होने वाली किसान कल्याणकारी योजनाओं से वंचित हो जायेंगे।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयुक्त कृषि निदेशक महोदय द्वारा किसान भाइयों को अवगत कराया गया कि किसान भाई अपने खेत की मिट्टी की जांच अवश्य करायें जिससे आपके खेत में पोषक तत्वों के स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकेगी तथा जांच उपरान्त मृदा परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दी गयी उर्वरक संस्तुति के अनुसार उचित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें, जिससे फसल में आपकी लागत कम होगी तथा उत्पादन में वृद्धि होगी।

पाठशाला में अपर जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ युवराज युदवंशी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) जयंती लाल मलगायां, तकनीकि सहायक श्रीमती रिचा पुरोहित, फसल बीमा प्रतिनिधि मलखान सिंह एवं प्रधान प्रतिनिधि के रूप में शिवकुमार सिंह एवं प्रगतिशील कृषक के रूप में अनन्त सिंह एवं राजेश कुमार रिछारिया एवं ग्राम के लगभग 100 कृषक उपस्थित रहे।

# सेन समाज का द्वितीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आज

**●जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति की बैठक सम्पन्न, तैयारियां पूर्ण**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति उ.प्र. की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्ष राकेश कुमार सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में 21 दिसम्बर को सेन समाज के द्वितीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार कर अन्तिम रूप दिया गया। कार्यक्रम को भव्यता के साथ सम्पन्न कराने की तैयारी पूर्ण कर रूपरेखा तय की गयी। कार्यक्रम का आयोजन स्टेशन रोड स्थित ललित पैलेस के ग्राण्ड सिद्धि में किया गया है, जो कि अपराह्न 1 से शाम 6 बजे तक सम्पन्न होगा। प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। यह आयोजन सेन समाज के मेधावियों के सम्मान, उत्साहवर्द्धन और उनकी कामयाबी की पृष्टभूमि प्रगतिशील कार्य की सराहना के लिए आयोजित किया जा रहा है। बैठक में हेतराम सविता, हरीराम ओमरे, कन्हैयालाल आर्य, देवेन्द्र कुमार सेन, जगदीश शरण याज्ञिक, श्रीराम सेन, कन्हैयालाल सेन, सुखलाल सेन, राकेश कुमार सेन, मुकेश कुमार सेन, घनश्यामदास सेन, रघुवीर सेन, प्रभुदयाल सेन, हरगोविन्द सेन, गिरीश सविता, रामबाबू याज्ञिक, मनीष याज्ञिक एड., सीताराम सेन, जमना प्रसाद सेन, दर्शन बड़ौनिया, जगभान सेन, अरविन्द कुमार सेन, प्रमोद कुमार सेन, विनोद नापित, अशोक सेन, पुष्पेन्द्र सेन, कैलाश नारायण सेन, सूर्य प्रकाश सेन, महेन्द्र सविता, पूरनलाल सेन, अनूप सेन, रविशंकर सेन, अवतार सेन, आशाराम सेन, राममूर्ति सविता, प्रकाश नारायण सेन आदि मौजूद रहे। संचालन दयाराम सेन ने व आभार रमेश सेन ने व्यक्त किया।

### प्रथम टेनिस वॉल टी-टैन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ



**महरौनी।** महरौनी नगर के नाराहट रोड स्थित सीबी गुप्ता प्ले ग्राउंड पर शनिवार को प्रथम टेनिस वॉल टी-टैन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्वक हुआ। उद्घाटन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बड़ोनिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेक प्रकाश सोनी 'बंटी' मौजूद रहे। टूर्नामेंट के संयोजक दीपक तिवारी 'मोना' ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं पहली गेंद खेलकर किया गया। इसके पश्चात प्रतिभागी टीमों का परिचय कराया गया तथा टॉस के साथ मुकाबलों की औपचारिक शुरुआत हुई। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों व दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

# पड़ौसी दबंग भाईयों से प्रताड़ित हुआ दुकानदार

**●कई बार हमला कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप**

**पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** दबंग भाईयों की जोड़ी इन दिनों आस-पड़ौस के दुकानदारों के लिए खासी मुसीबत बनी हुयी है। पड़ौसी दुकानदारों से मारपीट कर धमकाना, दुकान नहीं खोलने देना और ग्राहकों को बहकाने जैसे मामले आम हो गये हैं। इन्हीं कारणों से परेशान होकर पड़ौसी दुकानदार ने दबंग भाईयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। शहर क्षेत्र के इलाइट चौराहा, एलआईसी के पास रहने वाले रामविशाल राय पुत्र राजधर राय ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह सीमेंट सीट, लोहा आदि का क्रय-विक्रय करता है।

बताया कि निकटवर्ती ग्राम रोंडा निवासी रमेश राय पुत्र राजधर राय, अजय राय व अभि राय पुत्रगण रमेश राय की दुकान है। आरोप है कि उक्त दोनों भाई दबंगई के चलते उसे दुकान नहीं खोलने दे रहे हैं और गुण्डागर्दी के बल पर गालियां देते हुये विवाद करते रहते हैं। यह भी आरोप है कि दुकान पर आने वाले ग्राहकों को जबरन बुला लेते हैं, जिससे मना करने पर विवाद करते हैं, जिससे ग्राहक भी चले जाते हैं। बताया कि 15 अक्टूबर को उसके द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी दी, उक्त लोगों द्वारा की गयी गालियां व विवाद का वीडियो भी पीड़ित के पास पेन-ड्राईव में है। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी आपराधिक किस्म के लोग हैं, उक्त दबंगों से पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताते हुये कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त दबंगों के भय से उसे अपना निवास भी खाली करना पड़ा और कई बार डायल 112 पर फोन कर पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सड़क दुर्घटना के बाद उपचाररत युवक की मौत, एफआईआर दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट के प्रेमनगर निवासी राजकुमार पुत्र बल्देव प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 दिसम्बर को उसका 31 वर्षीय पुत्र प्रवीण पड़ौस में रहने वाले आशीष पुत्र सोमसिंह, कप्तान पुत्र प्रीतम के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 5352 से ललितपुर में निमंत्रण करके राजघाट लौट रहा था। वह जैसे ही थनवारा बस स्टेण्ड के पास पहुंचा, तभी रात करीब 8.30 बजे सामने से आ रही मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 36 एम.आई. 8821 को एक अज्ञात व्यक्ति ने तेजी व लापरवाही से आया और उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय कप्तान सिंह बाइक चला रहा था, जबकि उसका पुत्र प्रवीण व आशीष पीछे बैठे हुये थे। इस घटना में कप्तान सिंह के पैर में मोच आ गयी और प्रवीण व आशीष गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को प्रेमनगर निवासी मदन पत्र अरविन्द ने अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्रवीण की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान 5 दिसम्बर को प्रवीण की मृत्यु हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त मोटर साइकिल चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### एडीजी आलोक सिंह ने कन्नौज में पुलिस अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



**कानपुर।** आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा ठठिया हाईवे पुलिस चौकी जनपद कन्नौज में NHAI एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य घने कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करना रहा। बैठक में पुलिस अधिकारियों को कई प्रमुख दिशा-निर्देश दिए गए। पब्लिक अवेयरनेस पर आमजन को सुरक्षित दूरी बनाए रखने, फॉग लाइट के प्रयोग और ओवरटेक न करने हेतु जागरूक करना तथा यूपी-112 PRV के माध्यम से ऑडियो वार्निंग रिलीज़ करना, जिससे जन जागरूकता में बढ़ावा हो। वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप की अनिवार्यता सुनिश्चित करना। कोहरे की स्थिति को देखते हुए अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह ने कोहरे के दौरान गति सीमा पर नियंत्रण रखने की बात कही। Upeida, फायर सर्विस, मेडिकल सर्विस तथा पुलिस विभाग के समन्वय से उक्त कार्य को अधिक प्रभावी बनाना।

### तहसीलदार ने सिधौल गांव के गौशाला का औचक निरीक्षण किया

**घाटमपुर।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र के सिधौल गांव में तहसीलदार अंकिता पाठक द्वारा गौशाला का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण में गौशाला में भूसा, चोकर तथा कई जगह अलाव भी जलते हुए मिलें, निरीक्षण में रजिस्टर सही पाए गए,केयर टेकर काम करते हुए पाए गए, सीसीटीवी कैमरे आदि सही पाए गए,किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं मिलने पर संतोष व्यक्त किया इसके बाद गांवके सुप्रसिद्ध मारकाडेय मंदिर में पूजा अर्चना के बाद अन्य गौशाला के निरीक्षण के लिए निकल गई,इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव आकाश उत्तम, ग्राम प्रधान अजीत सचान, पंचायत सहायक राघवेन्द्र शुक्ला उर्फ विशाल, आदि लोग मौजूद रहे।

### किसान सम्मान दिवस व जनपद स्तरीय किसान मेला का आयोजन 23 दिसम्बर को-डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस के अवसर पर 23 दिसम्बर को किसान सम्मान दिवस एवं जनपद स्तरीय किसान मेला/परम्परागत कृषि विकास योजनान्तर्गत जैविक किसान मेला का आयोजन 23 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से कृषि भवन परिसर प्रतापगढ़ में आयोजित किया जायेगा, जिसमें सभी विभागों द्वार अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित क्रियाकलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों को जानकारी दी जायेगी।

### कोहरे के मद्देनजर वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टिव टेप



**कानपुर।** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा शीतऋतु में कोहरे में होने वाली संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 20.12.2025 को जनपद कानपुर नगर में परिवहन विभाग के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा जनपद में संचालित व्यवसायिक वाहनों विशेष रूप से ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने के संबंध में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया । उक्त अभियान में समस्त प्रवर्तन दलों द्वारा 103 व्यवसायिक वाहनों एवं ट्रैक्टर-ट्रालियों पर टेप लगवाया गया। साथ ही जनपद में संचालित वाहनों में बैक लाइट / फॉग लाइट के मानक के अनुरूप न पाये जाने पर एवं रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप न लगे होने पर उनके विरूद्ध सघन प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए कुल 11 वाहनों के विरूद्ध चालान /बन्द की कार्यवाही की गयी एवं समस्त चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# खराब कार्य करने पर बिल्हौर के बीडीओ, एडीओ पंचायत और बीईओ का वेतन रोका

**●डीसी निर्माण, डीसी एमडीएम, डीसी एमआईएस को नोटिस**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आज देर सायं बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, सामुदायिक सहभागिता और मध्याह्न भोजन योजना की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा में बिल्हौर और चौबेपुर ब्लॉक के विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। टाइलिंग कार्य, मल्टीपल हैंडवॉशिंग यूनिट, रनिंग वाटर इन टॉयलेट और सीडब्ल्यूएसएन से जुड़े कार्यों में बीते चार माह में कोई प्रगति नहीं होने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। इस पर बिल्हौर और चौबेपुर के खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और एडीओ पंचायत का दिसंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह को विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा न करने एवं खराब पर्यवेक्षण पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश देते हुए कहा गया कि बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी कार्यों की नियमित और प्रभावी समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि आगामी बैठकों में सभी खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी और एडीओ पंचायत अपने-अपने विकास खंडों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का फोटोयुक्त प्रस्तुतीकरण अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। डीसी निर्माण प्रवीण पांडे द्वारा बीते चार माह से बिल्हौर और चौबेपुर ब्लॉक में निर्माण कार्यों की प्रगति न होने की जानकारी उच्च अधिकारियों को न दिए जाने और नियमित समीक्षा न करने पर स्पष्टीकरण के साथ चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें और लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि खंड शिक्षा अधिकारी नगर शालिनी गुप्ता द्वारा सदर बाजार क्षेत्र में चार दिन तक मध्याह्न भोजन न बनने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन का नियमित वितरण सुनिश्चित करने को कहा। समीक्षा के दौरान जिला समन्वयक अनुरुद्ध सिंह द्वारा आवश्यक सूचनाएं प्रस्तुत न करने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए। डीसी मध्याह्न भोजन सौरभ पांडे द्वारा बैठक में समुचित डाटा उपलब्ध न कराने पर उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए। इसी क्रम में जिला समन्वयक एमआईएस द्वारा बच्चों के आधार कार्ड निर्माण में प्रगति न होने पर भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने दोहराया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने-अपने ब्लॉक के निर्माण कार्यों का नियमित प्रस्तुतीकरण देना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, डीपीआरओ मनोज कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस में आयीं 119 शिकायतें,14 मौके पर निस्तारित

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ उन्नीस शिकायतो में चौदह का निस्तारण हुआ। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद से जुड़ी दिखी। सर्वाधिक शिकायत राजस्व की उन्यासी, पुलिस सोलह, विकास विभाग आठ, विद्युत छः, आपूर्ति पांच व अन्य विभागों की भी पांच शिकायते आयीं। समाधान दिवस में संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आशीष तिवारी व महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने भी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने अधिवक्ताओ को समस्याओं के समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया। वहीं एसडीएम ने शेष एक सौ पांच शिकायतों के निस्तारण के बाबत टीम का गठन भी कराया। एसडीएम ने सभी शिकायतों को मातहतो से मौके पर पहुंचकर निस्तारण कराये जाने को कहा। समाधान दिवस में तहसीलदार गरिमा वर्मा, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप सिंह, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार आदि रहे।

## ग्रीन पार्क में 22 से 24 दिसम्बर तक आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा निर्धारित मंशा के अनुरूप जनपद में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन दिनांक 22 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025 तक किया जाएगा। इस महोत्सव के अंतर्गत कुल 11 खेल विधाओं यथा कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबाल, फुटबॉल, जूडो, बैडमिन्टन, भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, खो-खो, रस्साकशी, शतरंज के साथ-साथ क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जाएगा। जनपद की समस्त विधानसभाओं में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पूर्व में पूर्ण किया जा चुका है। जनपद स्तर पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव/स्पर्धा में विभिन्न विधानसभाओं की प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों के मध्य प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त सांसद खेल महोत्सव के पोर्टल पर पंजीकृत खिलाड़ी भी इस महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। उक्त क्रम में सांसद खेल महोत्सव/स्पर्धा



का आयोजन ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर में किया जाएगा। खेल विधाओं के अनुसार प्रतियोगिताएं ग्रीन पार्क के विभिन्न खेल स्थलों पर आयोजित होंगी। खो-खो, रस्साकशी एवं एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं ग्रीन पार्क मेन ग्राउण्ड में संपन्न कराई जाएंगी, जबकि शतरंज प्रतियोगिता ग्रीन पार्क बैडमिन्टन हॉल में आयोजित होगी। कबड्डी प्रतियोगिता ग्रीन पार्क क्रिकेट ग्राउण्ड में, क्रिकेट प्रतियोगिता ग्रीन पार्क क्रिकेट ग्राउण्ड एवं क्रिकेट बॉक्स में तथा बैडमिन्टन एवं कुश्ती की प्रतियोगिताएं ग्रीन पार्क बैडमिन्टन हॉल में आयोजित की जाएंगी। जूडो प्रतियोगिता ग्रीन पार्क जूडो हॉल तथा भारोत्तोलन प्रतियोगिता ग्रीन पार्क भारोत्तोलन हॉल में संपन्न कराई जाएगी।

## कानपुर में गोविंद नगर का पार्क बना 'कंक्रीट का जंगल', एफ आई आर और ध्वस्तीकरण की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** शहर के गोविंद नगर (ब्लॉक-8) स्थित सार्वजनिक पार्क के अस्तित्व पर संकट गहरा गया है। पार्क के 70% हरित क्षेत्र को नष्ट कर वहां अवैध निर्माण और इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। भाजपा साहित्य प्रचार विभाग के जिला संयोजक, प्रकाश वीर आर्य ने इस संबंध में जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और मुख्य सचिव यूपी को पत्र लिखकर अधिकारियों की मिलीभगत और कोर्ट के आदेशों की अवमानना का गंभीर आरोप लगाया है। एस सीऔर एन जी टी के नियमों की अनदेखी शिकायत के अनुसार, पार्क के एक बड़े हिस्से को जानबूझकर कंक्रीट से पाट दिया गया है। जबकि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी का स्पष्ट नियम है कि पार्क में केवल 5% हिस्से पर ही वॉकिंग ट्रैक बनाया जा सकता है। यहाँ नियमों को ताक पर रखकर 'ऑक्सीजन ज़ोन' को खत्म किया जा रहा है। अवैध धार्मिक निर्माणः पार्क के भीतर दो साल पहले 10×20 फीट का एक चबूतरा बनाया गया था। आरोप है कि नगर निगम अधिकारियों ने इसे 'पुराना निर्माण' बताकर संरक्षण दिया, जिसके कारण आज वहाँ स्थायी कब्जों का जाल बिछ गया है। आर्य ने आरोप लगाया कि विधायक/सांसद निधि जैसे सार्वजनिक धन का उपयोग पार्क की हरियाली उजाड़ने के लिए किया जा रहा है, जो कि भारतीय न्याय संहिता ( बी एन एस) की धारा 324 के तहत दंडनीय अपराध है। अधिकारियों की 'गुमराह' करने वाली रिपोर्टः शिकायत में कहा गया है कि आई जी आर एस और आर टी आई के जवाब में अधिकारियों ने झूठी रिपोर्ट लगाकर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया है, ताकि दोषियों को बचाया जा सके। 15 दिनों का अल्टीमेटम भाजपा नेता ने मांग की है कि पार्क को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए और अवैध टाइल्स व निर्माण को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर दोषियों पर रिपोर्ट और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हुई, तो वे माननीय उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करेंगे।

### आटो की टक्कर से बुजुर्ग घायल




**लालगंज, प्रतापगढ़।** आटो की टक्कर से बुजुर्ग घायल हो गया। लालगंज कोतवाली के रोहाड़ा गांव निवासी 50 वर्षीय अर्जुन मिश्र शनिवार को दोपहर साइकिल से बाजार से घर जा रहा था। इसी दौरान हाइवे पर अज्ञात आटो ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जनपद की 157 ग्राम पंचायतों में लगायी गई चौपाल

**●चौपालों में किया गया लोक शिकायतों का त्वरित निस्तारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में भारत सरकार द्वारा संचालित "सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर" कार्यक्रम 19 से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को सीधे ग्रामीण स्तर तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील मुख्यालय, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में भारत सरकार की केंद्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली तथा राज्य पोर्टल आईजीआरएस पर लंबित लोक शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी सेवाओं में वृद्धि एवं आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।इसी क्रम में 20 दिसम्बर को जिलाधिकारी संजय चौहान के



निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद की 157 ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में पंचायती राज, राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, कृषि, सिंचाई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।चौपाल के दौरान पात्र व्यक्तियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया, जिससे ग्रामीण स्तर पर सुशासन की अवधारणा को मजबूती मिली।

## मुलायम सिंह का कड़ा अल्टीमेटमः स्टांप विक्रेताओं की मनमानी वसूली पर लगाम वरना आंदोलन और सख्त कार्रवाई







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर देहात।** भ्रष्टाचार एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो शक्ति के दुरुपयोग से लोकतंत्र की जड़ें हिला देती है और समाज में अविश्वास की गहरी खाई पैदा कर देती है। इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए सबको एकजुट होकर कदम उठाने होंगे। इन शब्दों में जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के अध्यक्ष एडवोकेट मुलायम सिंह यादव ने जिला अधिकारी को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट देश दीपक को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने स्टांप विक्रेताओं द्वारा जनता से मनमाने ढंग से धन वसूलने की कड़ी निंदा की। एडवोकेट मुलायम सिंह ने चेतावनी दी कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने स्टांप विक्रेताओं को लोक सेवक का दर्जा दिया है। यदि कोई 10 रुपये का स्टांप 12 रुपये में बेचता है तो यह स्पष्ट भ्रष्टाचार है। इसके तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(डी) के अनुसार तत्काल मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनपद में स्टांप विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी बढ़ाई जाए उनकी मनमानी रोकी जाए और प्रभावी जांच के बाद दोषियों पर सख्ती बरती जाए। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री घनश्याम सिंह राठौर रमेश चंद सिंह गौर बलराम सिंह सर्वेंद्र सिंह डीके सिंह धर्मेंद्र यादव रोहित शुक्ला जितेन बाबू महेंद्र सिंह उपदेश योगेंद्र कुमार आदि सदस्य उपस्थित रहे। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई न हुई, तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### नरवल के पुरवा मीर महोली फीडर से आज बिजली कटौती




**घाटमपुर।** कानपुर के महोली स्थिति 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पुरवा मीर, महोली से शनिवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी,यह कटौती सुबह 9 बजें से दोपहर 2 बजें तक यानी कुल 5घटे के लिए होंगी,सरसौल एसडीओ विनीत चौधरी ने बताया कि ग्रिड में आवश्यक मरम्मत कार्य,वीसीबी पैनल बदलने और अन्य मेंटेनेंस के कारण यह अस्थाई विद्युत आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है,इस कार्य का उद्देश्य उपभोक्ताओं को भविष्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना है,इस कटौती से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पुरवा मीर महोली से संचालित कई गांवों के उपभोक्ता प्रभावित होंगे , क्षेत्र के लोगों को लगभग पांच घंटे तक बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा, बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले ही आवश्यक बिजली कार्य निपटा लें, ताकि बिजली कटौती के दौरान किसी असुविधा से बचा जा सके विभाग ने असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

### सांसद खेल स्पर्धा की जिला खेल कार्यालय में बैठक सम्पन्न



**प्रतापगढ़।** स्थानीय स्टेडियम में आगामी 23 से 24 दिसंबर तक सांसद खेल स्पर्धा के संबंध में शनिवार को राज्य सभा सांसद अमरपाल मौर्य के प्रतिनिधि राय साहब सिंह के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद खेल स्पर्धा के रूप रेखा के बारे में गहन विचार विमर्श किया गया और तैयारियों के बारे में स्थल निरीक्षण किया गया। बैठक में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह ,नगर महामंत्री भूपेंद्र सिंह, नगर उपाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव, पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला और पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला उपस्थित रहे।

## ज्वैलर्स की दुकान पर चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गुजैनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** गुजैनी पुलिस ने 13/14 दिसंबर की रात जरौली फेस दो में बालाजी ज्वैलर्स की दुकान पर चोरी करने वाले बदमाशों के गैंग को गिरफ्तार कर लिया है। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का पुरुस्कार दिया है। पुलिस उपायुक्त दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि दो लोगों को गुजैनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि दो लोग कल चकेरी क्षेत्र में पकड़े गए थे, चकेरी में एक किलो चांदी के आभूषण बरामद हुए थे बाकी बचे हुए आभूषण यहां बरामद हुए हैं। एक अभियुक्त अभी फरार चल रहा है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि थाना गुजैनी के चौकी प्रभारी जरौली उ0नि0 भूप सिंह सैनी व चौकी प्रभारी तात्याटोपे नगर उ0नि0 सैय्यद जुबैर शरीफ देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन में थाना क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर की सूचना पर कंचनपुर



गाँव मोड के पास से घटना में शामिल अभियुक्त विशाल गुप्ता उर्फ मन्नू बिहारी उम्र 24 वर्ष करन उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है दोनो अभियुक्तों के द्वारा दिनांक 13/14 दिसम्बर 2025 की रात्रि बालाजी ज्वैलर्स जरौली फेस 2 की दुकान से अपने अन्य साथियों बण्टा, विशाल व कल्लू के साथ चोरी की घटना कारित करने की बात स्वीकार किया गया है। घटना में शामिल अभियुक्त विशाल को थाना चकेरी पुलिस द्वारा कल दिनांक 19.12.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है जिसके कब्जे से बालाजी ज्वैलर्स जरौली फेस 2 के यहाँ चोरी गये चाँदी के आभूषण बरामद किये गये है।

## कानपुर में दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम, फिर बादल छाएंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर में सर्दी का सितम लगातार जारी है,शहर में शनिवार सुबह की शुरुआत ठिठुरती ठंड और कोहरे से हुई, ठंडी हवा से गलन बढ़ गई है,आज भी स्कूल बंद हैं, मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 9,8 डिग्री सेल्सियस रहा,जो सामान्य से थोड़ा अधिक है,अधिकतम तापमान 17,5 डिग्री सेल्सियस रहा तो सामान्य से 6,2 डिग्री कम, मौसम विशेषज्ञो का कहना है कि आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी, शुक्रवार सुबह 11बजे तक आसमान पर बादल छाए रहे, दोपहर 12 बजें के बाद जब हल्की धूप निकली, सीएसए के क्रषि मौसम तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि आने वाले शनिवार और रविवार को आसमान साफ़ रहने का अनुमान है, जबकि इसके बाद हल्के से मध्यम बादल छाए रह सकते हैं, हालांकि बारिश की संभावना नहीं है उन्होंने आगाह किया है कि उत्तर पश्चिमी? हवाएं



चलने के कारण आने वाले दिनों में सुबह और रात के समय कोहरा छा सकता है, और ठंड बढ़ सकती है, आपको बताते चलें कि कानपुर सागर हाइवे किनारे लोग अलाव तापते नजर आ रहे हैं, कानपुर शहर में कोहरा भले ही कम हों, लेकिन दूसरे राज्यों व शहरों में पड़ रहें घने कोहरे का असर ट्रेनो पर पड़ने लगा है, आज 27 ट्रेनें तय समय से घंटों देरी से कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंची, नई दिल्ली से कानपुर के रास्ते लखनऊ जाने वाली तेजस एक्सप्रेस तय समय से 11 मिनट देरी से सेंट्रल आई, इसके अलावा भुवनेश्वर राजधानी, सियालदह राजधानी एक्सप्रेस 50 मिनट देरी से आई।

### युवक के हत्यारोपियों का नहीं लगा सुराग, तलाश में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवक के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पांचवे दिन भी पुलिस मशक्कत करती दिखी, लेकिन अज्ञात हत्यारोपियों का सुराग नहीं लग सका है। उधर युवक की हत्या से परिवार के लोग भय में जी रहे हैं। लीलापुर थाना क्षेत्र के सरायताल मकई निवासी 44 वर्षीय दिनेश वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा बीती पन्द्रह दिसंबर की सुबह अपना ईरिक्शा लेकर निकला था। अगले दिन कोतवाली लालगंज के पूरे तिलकराम इलाके मे तिनमोहनिया के समीप घायलावस्था में पड़ा मिला था। इलाज के दौरान स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में 17 दिसंबर को दिनेश की मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र अंकुश वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हत्यारोपियों की तलाश को लेकर पुलिस दबिश दे रही है लेकिन अभी तक सुराग नहीं लग सका है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शीघ्र ही हत्यारोपी की तलाश कर उसे जेल भेजा जायेगा।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में 3 करोड़ 25 लाख की कार्ययोजना स्वीकृत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले विकास खण्ड बर्डपुर के ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बर्डपुर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। क्षेत्र में लगभग तीन करोड़ 25 लाख रुपए से विकास कार्य कराए जाएंगे। विकास खंड बर्डपुर के ब्लॉक सभागार में शनिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लॉक प्रमुख वंदना सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ब्लॉक क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर तीन करोड़ 25 लाख रुपए के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि इस ब्लाक में आपसी तालमेल के साथ विकास कार्यों को गति दी गई है साथ ही जिन क्षेत्रों में विकास कार्य अधूरे पड़े हैं उसे पूरा कराए। जिसको पूरा कराने में जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका बने की परियोजनाओं को आवश्यक पूरा कराया जाए। कोई भी नागरिक मतदाता पंजीकरण से न छूटे इसमें हम सभी की जिम्मेदारी है।

बैठक के दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होने क्षेत्र पंचायत सदस्यों






को आश्वस्त किया कि जिन-जिन गांव में अब तक विकास कार्यों की कमी रही है उन्हे प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने गांवों की समस्याएं प्रमुखता से रखी। जिस पर गहन चर्चा के बाद अनुमोदन किया गया। बैठक में पारित प्रस्ताव में गांव में नाली और नालियों का निर्माण, इंटरलॉकिंग कार्य सहित कई विकास परियोजनाएं शामिल हैं। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण अंचल में विकास को गति देने और जनसुविधाओं का विस्तार करना ही उनका लक्ष्य है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य जहूर खान, सबलू साहनी रमजान अली, खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह, एडीओ सहकारिता अम्बरीश यादव, एडीओ आईएसबी अब्दुल गफ्फार ,प्रभारी एडीओ पंचायत आशुतोष यादव, सीडीपीओ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र गुप्ता, मनोहर लाल बरनवाल, महेश्वर पाण्डेय, अजहरुद्दीन, राजदीप मिश्रा, विशाल सिंह ग्राम प्रधान ई प्रदीप चौधरी, चंद्र मोहन चौधरी, क्षेत्र पंचायत सदस्य अकरम सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्व वसूली में हमीरपुर, समूचे प्रदेश में अव्वल



**हमीरपुर-** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड द्वारा नवंबर माह के लिए जारी नवीनतम रैंकिंग में जनपद हमीरपुर ने विभिन्न देयों की राजस्व वसूली में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गौरतलब हो कि पिछले माह प्रदेश में जनपद के छठवां स्थान पर रहा था जिसपर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई थी।वहीं इस बार लंबी छलांग लगाते हुए प्रदेश के सभी 75 जनपदों को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष पर पहुँच गया। तहसील स्तर पर नियमित समीक्षा, लक्ष्य आधारित कार्ययोजना और राजस्व वसूली को लेकर दिए गए कड़े निर्देशों का सीधा असर इस उपलब्धि के रूप में सामने आया है।

जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने इस सफलता पर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि टीम वर्क, कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारी का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी जनपद हमीरपुर विकास, राजस्व व प्रशासनिक मानकों पर प्रदेश में अग्रणी बना रहेगा।

### कोहरे के चलते घंटों लेट चल रही ट्रेनें, यात्री परेशान



**हमीरपुर-** द्वरोजाना पड़ रहे कोहरे का असर ट्रेनों के संचालन में पड़ा है।शनिवार को कानपुर सेंट्रल से चलकर कर्बी से मानिकपुर होकर प्रयागराज तक जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस आधे घंटे की देरी से आई। इससे यात्री हलाकान रहे। इसके अलावा कानपुर मानिकपुर तथा खजुराहो कानपुर मेमू पैसेंजर भी आधा घंटे की देरी के साथ आने से यात्रियों को ठंड में ठिठुरना पड़ा। इसी तरह जबलपुर से लखनऊ जाने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस करीब 45 मिनट की देरी से आई। लोकमान्य टर्मिनल से सूबेदार गंज चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन करीब दस घंटे की देरी से चल रही है।चित्रकत पिछले तीन दिनों से पड़ रहे कोहरे का सीधा असर ट्रेनों के संचालन में पड़ा है। शनिवार को दोपहर 12:55 बजे आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस आधे घंटे की देरी से यहां आई। यात्रियों को ठिठुरते हुए ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। इसी तरह सुबह कानपुर से मानिकपुर जाने वाली करीब एक घंटे एवं खजुराहो से कानपुर जाने वाली मेमू पैसेंजर कोहरे के कारण करीब पौने दो घंटे की देरी से आई। इस वजह से यात्री परेशान रहे। स्टेशन मास्टर अमानुद्दीन ने बताया कि कोहरे के कारण ट्रेनों के संचालन में गड़बड़ी उत्पन्न हुई है। कोहरे के असर से ट्रेनें देर से चल रही है। रेलवे स्टेशन में यात्रियों को ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाए गए हैं।

### रुपये दुगना करने का झांसा देकर ठगने वाला डाक्टर गिरफ्तार

**हमीरपुर-** सुमेरपुर कस्बा में ब्लॉक कार्यालय के पास कार्यालय खोलकर महज 36 दिन में रुपए दुगुना करने का लालच देने वाले कथित डॉक्टर को पुलिस ने हिरासत में लेकर पुंछताछ की है। पुलिस के छापे के दौरान डॉक्टर ने खुद को एक कमरे में बंद करके बाहर से ताला डलवा दिया था। पुलिस की सख्ती के बाद डॉक्टर के सहयोगी ने ताला खोला तब पुलिस ने सहयोगी के साथ डाक्टर को हिरासत में लिया है। शुक्रवार को क्षेत्र के कुछ युवकों ने कथित डॉक्टर के कार्यालय पहुंचकर हंगामा करते हुए जमा किए गए रुपए वापस मांगे थे हंगामे की खबर मीडिया को लग गई थी। मौके पर पहुंची मिडिया ने पीड़ितों के साथ डाक्टर से वार्ता के बाद खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। वहीं देर रात पुलिस ने कथित डॉक्टर के कार्यालय में छापा मारा। पुलिस के आने की भनक पाकर डॉक्टर विनय केसरवानी निवासी प्रतापगढ़ ने एक कमरे में खुद को बंद कर कर बाहर से ताला डलवा दिया। पुलिस ने सख्ती बरतते हुए कमरे का ताला खुलवाकर डॉक्टर और उसके सहयोगी को हिरासत में लेकर थाने की हवालात में पहुंचाया है। शनिवार को पुलिस ने पैसा देने वाले क्षेत्रीय लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि कथित डॉक्टर से पूछताछ की जा रही है। प्रकरण की गंभीरता के साथ जांच कराई जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने के बाद डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# प्रेमिका के घर के बाहर प्रेमी ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल में हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** सुमेरपुर कस्बा के गुरगुज थोक में शुक्रवार की रात एक युवक ने प्रेमिका के दरवाजे पर जहरीला पदार्थ घटक लिया। बेहोशी की हालत में एक महिला ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के मामा ने प्रेमिका और उसकी मौसी पर जहरीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाक्षेत्र के चंदपुरवा बुजुर्ग निवासी राहुल साहू अपनी विधवा मां के साथ ननिहाल देवगांव में रहता था। कस्बे के एक बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर के यहां हाइड्रा चलाकर परिवार चलाने में सहयोग करता था। इसकी जान पहचान सिसोलर थानाक्षेत्र के एक गांव की युवती से थी। युवती कस्बे के गुरगुज थोक में किराए के मकान में रहने वाली मौसी के पास रहती है। शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे राहुल प्रेमिका की मौसी के घर के बाहर बेहोशी हालत में पड़ा हुआ था। इसको छोटी नाम की किसी महिला ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर इसको सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में भर्ती करने वाली महिला का नाम साधना दर्ज है। उनके दोनों के मोबाइल बंद है। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के मामा राकेश साहू



ने राहुल की प्रेमिका और मौसी के ऊपर जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम के बाद शाम को मुख्यालय में ही युवक का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक दो भाइयों में छोटा था।

## संपूर्ण समाधान दिवस: 48 शिकायतों में से 5 का निस्तारण

● **वरासत में धन मांगने के मामले में लेखपाल निलंबित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील बांसी में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। तहसील बांसी में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, उपजिलाधिकारी बांसी नितिन चक्रवर्ती तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिणी यादव द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस बांसी में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेंगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। लमुई ताल के हलका लेखपाल राजाराम द्वारा वरासत के प्रकरण में पैसा मांगने का आरोप तथा तहसील दिवस में बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने के कारण उपजिलाधिकारी को लेखपाल राजाराम को निलम्बित करने का निर्देश दिया।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 48 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-30, पुलिस विभाग



से सम्बन्धित-05, नगर पालिका-10, पूर्ति-02 तथा बाल विकास विभाग-01 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 05 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त डी0एफ0ओ0, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, तहसीलदार बांसी, तहसील बांसी क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष, खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, सीडीपीओ तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उद्योग, व्यापार मंडल की राठ इकाई ने बांटे डेढ़ हजार कम्बल

● **राठ विधायक, जिलापंचायत अध्यक्ष, समेत जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी रहे मौजूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की राठ इकाई द्वारा एक आयोजित कार्यक्रम में शनिवार के दिन डेढ़ हजार जरूरत मन्दों को कम्बल वितरित किये गए।कार्यक्रम का आयोजन राठ के एक गेस्टहाउस में किया गया ,जिसमें रास्त विधायक मनीषा अनुरागी, जिलापंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत और सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी घनश्याम मीणा व पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा भी शामिल हुई। जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अर्न्तगत मृतक महेशचन्द्र पुत्र गणेशप्रसाद निवासी ग्राम बरदा के वारिस उमाभारती (मृतक की पत्नी), आकाश व लोकेश (मृतक के पुत्र), नीतू (मृतक की पुत्री) को पांच लाख रूपये व नीरज पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम धनौरी व सचिन पुत्र भूपेन्द्र निवासी ग्राम चिल्ली को एक-





एक लाख रूपये की धनराशि का प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा वृद्धापेंशन के पात्र व्यक्ति सरमन पत्नी लालदास निवासी ग्राम बिहगांव को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

संजीवनी बृद्धाश्रम राठ के वृद्ध व्यक्तियों मैयादीन पुत्र मोहना, राजाभाई पुत्र महेश्वरीदीन, शिवनाथ पुत्र अमना को कान की मशीन वितरण की गयी तथा कुंवरलाल पुत्र भजनलाल, जगन्नाथ पुत्र हरदयाल, भूरा पुत्र जुगला, हरिश्चन्द्र पुत्र छक्कीलाल, सुरेन्द्र पुत्र रामनारायन, रामरतन पुत्र डिल्लीपत, धर्मदास पुत्र जयराम को छड़ी वितरण की गयी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल राठ द्वारा राठ के एक गेस्टहाउस में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा 1500 व्यक्तियों को कम्बल वितरण किया गया।

## निःशुल्क कन्वर्जन कैंप का आयोजन

आज दिनांक 20दिसंबर 2025 को सुरियावा ब्लॉक के छनौरा गाँव मे वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज और मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के सयुंक्त तत्वाधान मे निःशुल्क कन्वर्जन कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन CHO दीनानाथ जी के द्वारा किया गया जिसमे निःशुल्क सरकारी योजना PMJY के अंतरगत कॉंवर्जन्स कैम्प का आयोजन किया गया कन्वर्जेंस कैंप में CHO की अहम् भूमिका रही इस निःशुल्क कन्वर्जन कैंप में 17 लोग जो 70 आयु से ऊपर थे PMJY के द्वारा उनका आयुष्मान कार्ड से जोड़ा गया 50 से अधिक महिलाये और पुरुष सामिल हुए जिसमे 40 लोगो का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया गया इस कार्यक्रम में सरकार की भी मनसा है कि इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो, पर जानकारी के अभाव के कारण गरीब जनता की पहुंच नहीं हो पाती पात्र होते हुए भी उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पता इसमें जो 70 साल से अधिक उम्र के लोग हैं पात्र होते हुए भी उनको जानकारी न होने के कारण उनका कार्ड नहीं बना था पर कैंप के द्वारा उन लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग किया गया जिसमे सावित्री देवी, पियर लीडर सुषमा ने बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाई केसा देवी और रीता सिंह भी सामिल हुईं।

### माधोसिंह दक्षिण मोहल्ला में 249 हजरत अब्दुल क़ादिर शाह व हजरत हाजी अताउल्ला शाह बाबा का सालाना उर्स अकीदत के साथ मनाया गया

हर साल की तरह इस वर्ष भी माधोसिंह के दक्षिण मोहल्ला में हजरत अब्दुल क़ादिर शाह एवं हजरत हाजी अताउल्ला शाह बाबा का सालाना उर्स पूरी अकीदत, श्रद्धा और शांति के माहौल में मनाया गया। उर्स की शुरुआत देर रात 12 बजे परचम कुशाई के साथ हुई, जबकि तड़के सुबह 4 बजे गुस्ल कराया गया। इसके बाद नमाज़े ज़ोहर से नमाज़े असर तक कुरआन-ए-पाक की तिलावत की गई। सुबह से ही हकीकत मानने वालों और अकीदतमंदों का आना-जाना शुरू हो गया था। उर्स के मौके पर घागर-चादर का जुलूस पूरे माधोसिंह कस्बे में भ्रमण करते हुए निकाला गया, जो बाद में मजार पर चढ़ाया गया। नमाज़े असर के बाद शाम 4:30 बजे दुआखानी व फातिहाखानी का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। उर्स के दौरान सुबह से ही मेला भी लगा रहा, जहां मिठाई, बिस्किट, बच्चों के खिलौने, फूल-मालाएं और चादरों की दुकानें सजी रहीं। मजार के मुजावर मुन्ने मियां काज़ी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी उर्स के समापन के बाद नमाज़े ईशा के बाद एक जलसे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुकीम अली, जाफर अली, मोहम्मद आदिल व मोहम्मद साद सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। उर्स के आयोजन से पूरे क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का संदेश देखने को मिला।

## ग्रामीण क्षेत्रों में असीम प्रतिभाएं हैं: विधायक विनय वर्मा

● **दौड़ में सिमरन शर्मा को प्रथम स्थान और नंदिनी को मिला दूसरा स्थान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के रेलवे स्टेशन के सामने स्थित वीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम में शनिवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय बालक एवं बालिका जूनियर व सीनियर वर्ग विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगित का विधायक विनय वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग सौ मीटर दौड़ में सिमरन शर्मा को प्रथम स्थान और नंदिनी को दूसरा स्थान, 200 मीटर दौड़ में रागिनी को प्रथम तथा नजमा को दूसरा स्थान हासिल हुआ। बालिका वर्ग कबड्डी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परसिया को प्रथम स्थान और बढ़नी की टीम को दूसरा स्थान मिला। वॉलीबॉल जूनियर स्तर बालिका वर्ग में गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज बढ़नी को प्रथम स्थान और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शोहरतगढ़ को दूसरा स्थान हासिल हुआ। जूनियर बालक वर्ग सौ मीटर दौड़ में सुलेमान को प्रथम स्थान और काशिफ को दूसरा स्थान मिला। सीनियर बालक वर्ग दो सौ मीटर दौड़ सत्तम यादव प्रथम स्थान और अनूपराज को दूसरा स्थान मिला। वॉलीबॉल सीनियर बालक वर्ग में गांधी



आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज को विजेता एफएससी दुधवनिया बुजुर्ग टीम के खिलाड़ी उप विजेता रहे। इन्हें विधायक विनय वर्मा ने मेडल व प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में असीम प्रतिभाएं मौजूद हैं। उन्हें अगर सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षकों द्वारा सहयोग मिले तो वह क्षेत्र व समाज का नाम रोशन कर सकेंगे। उन्हें उभरते खिलाड़ियों की हर तरह से मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव ने की। खेल कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मुस्तन शेरुल्लाह व आशुतोष सिंह ने किया। इस दौरान उपजिला अधिकारी विवेकानंद मिश्रा, खंड विकास अधिकारी चंद्रभूषण तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार, युवा क्षेत्र कल्याण अधिकारी दीपक कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव, रत्नेश सोनी, प्रदीप कमलापुरी, रामदास मौर्या, हरिराम निषाद, पृथ्वी पाल, सुनील कुमार, दधीचि कुमार, सुखबीर सिंह, हौंसला प्रसाद, रवि ओझा, प्रीती जायसवाल, चंदा अग्रहरि, विजय बहादुर आदि लोग मौजूद रहे।

### पत्नी के मायके चले जाने से क्षुब्ध पति ने लगाई फंदा

**हमीरपुर-** पत्नी के मायके जाने से क्षुब्ध होकर युवक ने घर के अंदर कमरा बंद करके फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों ने एक वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। कस्बे के वार्ड संख्या 3 इमिलिया बाड़ा निवासी कुलदीप वर्मा 25 वर्ष ने करीब एक वर्ष पूर्व बांदा जनपद के जसपुरा कस्बा निवासी आरती वर्मा से प्रेम विवाह किया था। कुछ दिन पूर्व आरती कुलदीप से विवाद करके मायके चली गई थी। बताते हैं कि शनिवार को कुलदीप ने फोन से आरती को घर लौटने के लिए कहा लेकिन उसने इंकार कर दिया। इससे क्षुब्ध होकर कुलदीप ने घर में ही कमरा बंद करके फांसी लगा ली काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला खिड़की से झांककर देखा तो यह फांसी पर झूल रहा था। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर फांसी से उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य पहुंचाया। यहां पर डॉक्टर शशांक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक पांच भाई बहनों में तीसरे नंबर का था। भाइयों में सबसे बड़ा है। मृतक अपने पीछे मां मुन्नी देवी, बहन उत्तरा, गीता, भाई राज, सत्यम को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाया है।

## जिलास्तरीय दिव्यांग प्रतियोगिता में दिव्यांगों की प्रतिभा को सराहा गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** राठ कस्बा के मिनी स्टेडियम में शनिवार के दिन जिलास्तरीय दिव्यंग खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिला से पहुंचे दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी कला कौशल का बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत ने दीप प्रज्जवलित कर स्वामी ब्रह्मानंद जी को पुष्प अर्पित करते हुए किया।

समग्र शिक्षा माध्यमिक हमीरपुर के अन्तर्गत जनपद के दिव्यांग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समेकित खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन आज कस्बा के बीएनवी इण्टर कालेज द्वारा मिनी स्टेडियम में कराया गया। इस दौरान सम्पूर्ण जिला से पहुंचे दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने आयोजित प्रतियोगिताओं में सहभागिता की और अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में रस्साकसी, 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, छूकर पहचान आदि प्रतियोगिताओं को



विद्यालय के व्यायाम शिक्षक शिवकुमार ने सम्पन्न कराया। निबंध, चित्रकला, संगीत व गायन प्रतियोगिताओं को प्रवक्ता शीला सोनकर, संगीत शिक्षक रश्मि खरे और कला शिक्षक गंगोत्री ने सम्पन्न कराया। दिव्यांग विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ सहभागिता की। विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम जिला विद्यालय महेश कुमार गुप्ता, आयोजक व प्रधानाचार्य नरेश चन्द्र आर्य, प्रधानाचार्य धुन्नूलाल, प्रवक्ता रतनलाल, चन्द्रशेखर सिंह, राजीव कुमार गुप्ता, जितेन्द्र शरण गुप्ता, भरत सिंह, मोहन सिंह राजपूत, छेदालाल, दिव्यांग शिक्षक राघवेन्द्र आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जननायक सुजीत पाण्डेय की पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसेवा का महासंगम, मोहनलालगंज में दिखी मानवता की मिसाल

● **.....बीस हजार से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरण, श्रद्धांजलि कार्यक्रम में तीस हजार से ज्यादा लोगों की सहभागिता, भाजपा के दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** लखनऊ मोहनलालगंज कस्बे स्थित आदर्श शिक्षा निकेतन ग्राउंड में शनिवार को मोहनलालगंज व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व प्रधान स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य, भावपूर्ण और ऐतिहासिक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जो जनसेवा के महासंगम के रूप में यादगार बन गया। कार्यक्रम में समाजसेवा की अनुपम मिसाल पेश करते हुए कड़ाके की ठंड से जूझ रहे बीस हजार से अधिक गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, जबकि श्रद्धांजलि सभा में लगभग तीस हजार लोगों की विशाल सहभागिता दर्ज की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ एवं दिग्गज नेताओं ने पहुंचकर स्वर्गीय जननायक सुजीत पाण्डेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन





किया। मोहनलालगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं ट्रस्ट अध्यक्ष अजय पाण्डेय 'सत्यम' के साथ अतिथियों ने कंबल वितरण कर जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई, वहीं दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण भी उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय है कि 20 दिसंबर 2020 को स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद उनके पुत्र अजय पाण्डेय द्वारा समाज के गरीब व वंचित वर्ग की सेवा के उद्देश्य से 'जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट' का गठन किया गया, जो निरंतर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय है।

ट्रस्ट अध्यक्ष अजय पाण्डेय ने बताया कि पिता की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि पर सेवा कार्य किए जाते हैं और इसी क्रम में इस वर्ष भी बीस हजार से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं को भारतीय जनता युवा मोर्चा



के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पाण्डेय 'धीरू' ने अपनी टीम के साथ कुशलतापूर्वक संभाला, जिससे प्रवेश व्यवस्था, मंच संचालन, कंबल वितरण एवं सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित और अनुशासित रही। वक्ताओं ने अपने संबोधन में स्वर्गीय सुजीत पाण्डेय के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन जनसेवा, समाजहित और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा, और वे सदैव समाज के कमजोर वर्गों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। श्रद्धांजलि समारोह में शिवम पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, ललित दीक्षित, इकबाल अहमद सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जबकि पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री वीरेंद्र तिवारी, एमएलसी उमेश द्विवेदी, एमएलसी अवनीश सिंह , समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## स्वास्थ्य शरीर में ही स्वास्थ्य एवं सृजनशील मन का विकास संभव है: कुलपति प्रोफेसर कविता शाह

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित दो अत्याधुनिक ओपन जिम, जिनका लोकार्पण विगत दिनों उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया था, आज विश्वविद्यालय समुदाय के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरे हैं। अल्प समय में ही ये ओपन जिम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हो रहे हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में इन ओपन जिम में योग एवं विविध शारीरिक व्यायाम गतिविधियों में नियमित रूप से सहभागिता कर रहे हैं।

इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने अपने वक्तव्य में कहा कि योग एवं नियमित व्यायाम केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे मानसिक संतुलन, एकाग्रता, आत्मअनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ एवं सृजनशील मन का विकास संभव है और यही किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता की वास्तविक आधारशिला होती है।

कुलपति ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय का सतत प्रयास है कि विद्यार्थियों को ऐसा समग्र एवं संवेदनशील शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए, जहाँ अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। ओपन जिम जैसी सुविधाएँ विद्यार्थियों में अनुशासन, ऊर्जा, आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना को सुदृढ़ करती हैं। विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित यह ओपन जिम भारतीय स्टेट बैंक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर शाखा द्वारा



कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत पूर्ण रूप से वित्तपोषित है। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने भारतीय स्टेट बैंक के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बैंक के इस सराहनीय सहयोग से विश्वविद्यालय समुदाय को एक महत्वपूर्ण एवं दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकी है, जो आने वाले समय में विद्यार्थियों के समग्र विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## फुलवारी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिक महोत्सव 'धरोहर-2025'

● **संस्कृति, शिक्षा और प्रतिभा का हुआ भव्य संगम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** फुलवारी पब्लिक स्कूल, गोंडा द्वारा वार्षिक कार्यक्रम 'धरोहर-2025' का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और सांस्कृतिक वैभव के साथ किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रशासन, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र से जुड़े अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरपर्सन वीर विक्रम सिंह एवं मालती सिंह के साथ डॉ. एम.पी. तिवारी, डॉ. आर.बी. सिंह बघेल, पी.पी. यादव, अविनाश सिंह, राकेश कुमार सिंह, राजेश सिंह, पुनीता सिंह, डॉ. सूर्यकांत मिश्रा, शिवाकांत मिश्र 'विद्रोही' सहित नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के सेक्रेटरी क्रांति कुमार सिंह एवं प्रबंधिका डॉ. नीता सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कमलेश वाजपेई (अपर आयुक्त), नीतू वाजपेई, अमित कुमार सिंह (बेसिक शिक्षा अधिकारी), आलोक कुमार (अपर जिलाधिकारी), मृत्युंजय कुमार पांडे (जेल अधीक्षक), अशोक सोनकर (जेल अधीक्षक), पूजा मिश्रा (मंडल



अध्यक्ष, विश्व हिंदू महासभा, गोंडा), कामाख्या मंदिर महंत, डॉ. अलका पांडे (डायरेक्टर, सी.पी.एम. कॉलेज, गोंडा) एवं डॉ. एस.पी. गुप्ता (संयोजक, उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।विद्यालय की समन्वयक सौम्या द्विवेदी ने स्वागत भाषण दिया, जिसके पश्चात 'धरोहर' थीम का अनावरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों एवं महत्वपूर्ण मील के पत्थरों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रमों में बॉलीवुड के पुराने गीतों पर नृत्य, विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य, महाभारत आधारित प्रस्तुति, फादर-डॉटर एक्ट, हंगर एक्ट, एजुकेशन एक्ट, ग़ज़ल, कव्वाली, बजरंगबाण एवं शिव स्तुति जैसी प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया तथा आशीर्वाद स्वरूप उन्हें दक्षिणा भी प्रदान







की गई। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट टीचर अवॉर्ड भी प्रदान किए गए, जिसमें महिला श्रेणी में दिव्या सिंह एवं पुरुष श्रेणी में नागेंद्र सिंह को उनके वर्षभर के उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में सभी अतिथियों ने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने एवं संस्कारयुक्त शिक्षा देने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रबंधिका डॉ. नीता सिंह ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।